# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 21 दिसंबर 2023


मंत्रिमंडल विस्तार 22 या फिर 23 को संभव

## मुख्यमंत्री आज मंत्रियों की सूची लेकर जाएंगे 'दिल्ली'



◆ नड्डा-शाह से मिलकर मंत्रियों की सूची होगी फाइनल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र मंत्रिमंडल के विस्तार की कवायद के बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को नई दिल्ली जा रहे हैं। वे वहां भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत अन्य नेताओं से मुलाकात करेंगे। रात्रि विश्राम भी वे नई दिल्ली में ही करेंगे। इस दौरान मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले संभावित नामों के बारे में उक्त दोनों नेताओं से विचार-विमर्श कर मंत्रिमंडल सदस्यों की सूची फाइनल करेंगे। इसके बाद ही संभवतः इसी सप्ताह शुक्रवार या शनिवार ⏩ शेष पेज 4 पर

### आधे मंत्री पहली बार के विधायक होंगे

मंत्रिमंडल विस्तार में इस बार कुछ नया होने की संभावना है। मंत्रिमंडल में करीब आधे मंत्री पहली बार के विधायक होंगे। जबकि वरिष्ठ मंत्रियों को उनके अनुभव, क्राइटेरिया व परफॉरमेंस के आधार पर मौका मिल सकता है। इस बार के मंत्रिमंडल में दूसरी बार के सात से आठ विधायक मंत्री बनने जा रहे हैं। इसी तरह तीन बार के ऐसे विधायक भी मंत्री बनेंगे, जिनका परफॉरमेंस अच्छा होने के साथ ही उनका रिकॉर्ड अच्छा रहा हो। संघ कोटे से मंत्री बनने वाले विधायकों की भी डिटेल खंगाली गई है। संघ के सुरेश सोनी व सुहास भगत की शिवाजी नगर के एक बंगले में हुई बैठकें इससे जोड़कर देखी ⏩ शेष पेज 4 पर

वे ऐसे अध्यक्ष, जो पिछले 40 वर्ष के राजनैतिक सफर में पार्षद से लेकर विधानसभा, लोकसभा, राज्यसभा के सदस्य बने, प्रदेश व केंद्र में मंत्री रहे

# भाजपा के वरिष्ठ नेता तोमर 'सर्वसम्मति' से बने मप्र विधानसभा के 19वें अध्यक्ष

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा-तोमर बेहद सरल उनके लंबे अनुभव का लाभ सदन को मिलेगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा के वरिष्ठ नेता, विधायक व पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को बुधवार को सर्वसम्मति से मप्र की 16 वीं विधानसभा का निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया। अध्यक्ष पद का प्रस्ताव व समर्थन सत्ता पक्ष व विपक्ष के 7 सदस्यों ने किया। सबसे पहले प्रस्ताव मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ⏩ शेष पेज 4 पर

### सात सदस्यों ने रखा प्रस्ताव व किया समर्थन

*बुधवार सुबह सबसे पहले बाकी बच गए विधायकों को शपथ व प्रतिज्ञान दिलाई गई। इसके बाद प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव ने अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया की जानकारी दी। 7 सदस्यों में सबसे पहले मुख्यमंत्री यादव ने उनके नाम का प्रस्ताव किया। इसके बाद बारी-बारी से सदस्यों ने प्रस्ताव व समर्थन किया। इसमें शिवराज सिंह चौहान- प्रह्लाद पटेल, कैलाश विजयवर्गीय-राजेंद्र शुक्ल, राजेंद्र कुमार सिंह-हेमंत कटारे, भूपेंद्र सिंह-तुलसीराम सिलावट, जयवर्धन सिंह-हेमंत कटारे ने प्रस्ताव व समर्थन किया। सूची में नाम होने के बाद भी किसी कारण से कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य अजय सिंह सदन में नहीं आए। सातों सदस्यों के प्रस्ताव व समर्थन के बाद प्रोटेम स्पीकर भार्गव ने अध्यक्ष के निर्वाचित होने की घोषणा की। इसी के साथ मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष व बाकी सदस्यों ने नव निर्वाचित अध्यक्ष तोमर को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए आसंदी पर आरूढ़ कराया।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


### महाकाल में तोड़फोड़ जीतू समर्थकों पर केस



**भोपाल।** उज्जैन में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के समर्थकों पर बुधवार को एफआईआर दर्ज हुई है। उनके समर्थकों को भीतर प्रवेश करने से रोका तो नंदी हाल में प्रवेश करने का प्रयास किया, इसी बीच धक्का-मुक्की में गेट का कांच फूट गया।

### कंगना भाजपा के टिकट से लड़ेंगी लोकसभा चुनाव



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ सीट के लिए कई बड़े चेहरों की चर्चा हो रही है। इनमें से अभिनेत्री कंगना रनौत भी एक हैं। तीन दिन पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के हिमाचल प्रदेश दौरे के दौरान उनसे अभिनेत्री कंगना रनौत ने मुलाकात की।

निर्वाचित होने के बाद स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने दिया 'पहला फैसला'

# विधानसभा में महापुरुषों की 'तस्वीर' लगाने बनेगी सत्तापक्ष-विपक्ष के सदस्यों की समिति



◆ सदस्यों की समिति तय करेगी कि किन महापुरुषों की फोटो कहां लगाई जाना है?

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल


विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित होते ही नरेंद्र सिंह तोमर ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की फोटो को लेकर चल रहा विवाद सुलझा दिया।

कांग्रेस के राम निवास रावत द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर अपना पहला फैसला देते हुए तोमर ने व्यवस्था की कि विधानसभा के अंदर महापुरुषों की फोटो लगाने के संबंध में सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों की ⏩ शेष पेज 4 पर

विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित होते ही नरेंद्र सिंह तोमर ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की फोटो को लेकर चल रहा विवाद सुलझा दिया।

कांग्रेस सदस्यों ने दिया धरना, नारे लगाते हुए पहुंचे सदन के अंदर

सत्तापक्ष के विजयवर्गीय ने रावत के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए इसके लिए समिति बनाने का सुझाव दिया था



### गांधी प्रतिमा के सामने कांग्रेस का धरना



पंडित जवाहरलाल नेहरु की फोटो हटाने के विरोध में कांग्रेस विधायकों ने सबसे पहले सुबह विधानसभा परिसर स्थित गांधी प्रतिमा के सामने धरना दिया। वे हाथ में पंडित नेहरु और सरदार बल्लभ भाई पटेल के फोटो और नाम लिखी तख्तियां भी लिए थे। इसके बाद कांग्रेस के सदस्य नारे लगाते हुए सदन के अंदर गए। अंदर जाकर कांग्रेस ने विधानसभा परिसर में पंडित नेहरु और सरदार पटेल के फोटो लगाने की मांग की।

**सारंग ने कहा...**

### रावत के प्रस्ताव पर नहीं हो सकती है चर्चा

कांग्रेस के रावत के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान पहले ही दिन सदन के अंदर सत्तापक्ष में आपसी तालमेल का अभाव दिखा। रामनिवास रावत ने जैसे ही लोकसभा का हवाला देते हुए विधानसभा परिसर में महापुरुषों की फोटो लगाने की बात कही, भाजपा के विश्वास सारंग ने इसका विरोध करते हुए कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण के बाद किसी प्रस्ताव पर चर्चा का नियम नहीं है। रावत ने सारंग को प्रस्ताव का विरोध करने की चुनौती दी तो सारंग ने कहा कि इस पर चर्चा नहीं हो सकती लेकिन कैलाश विजयवर्गीय ने उनकी बात काटते हुए रावत के प्रस्ताव का समर्थन कर महापुरुषों का नाम तय करने के लिए समिति बनाने का सुझाव दे दिया।

**सिंघार ने कहा...**

### किसी समिति की जरूरत नहीं

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विजयवर्गीय के सुझाव का विरोध करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू और सरदार बल्लभभाई पटेल के फोटो लगाने के लिए किसी समिति की जरूरत नहीं है। इस बीच गोपाल भार्गव कुछ बोलने के लिए खड़े हुए तो रामेश्वर शर्मा बीच में बोल पड़े कि राज्यपाल के अभिभाषण के बाद कोई चर्चा नहीं हो सकती। अध्यक्ष गोपाल भार्गव को बोलने के लिए कह रहे थे, इस बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खड़े हो गए। भार्गव सदन के नेता के खड़े होने पर बैठ गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मुद्दे पर गुरुवार को चर्चा कराई जाए। लेकिन, सत्तापक्ष और विपक्ष में चल रही नोकझोंक के बीच अध्यक्ष तोमर ने समिति बनाने का निर्णय दे दिया। सत्तापक्ष के सदस्य आपस में ही एक दूसरे की बात काटते नजर आए।

भाजपा के वरिष्ठ विधायक विजयवर्गीय के 'दिल की बात'

### बिना काम का हूं, जितने सवाल हों... पूछ लीजिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



भाजपा के वरिष्ठ सदस्य कैलाश विजयवर्गीय ने बुधवार को पत्रकारों से आखिरकार अपने दिल की बात फिर कर दी। उन्होंने कहा कि मेरे पास कोई काम नहीं है। जितना सवाल करना हो कर लिजिए, जवाब देकर ही जाउंगा। उन्होंने कहा कि उन्हें सभी सदनों का अनुभव है। इस आधार पर कह सकते हैं कि विरोध इतना हो ⏩ शेष पेज 4 पर

संघ ने पूछा-इससे क्या हासिल होगा?

### जातिगत गणना के पक्ष में नहीं है संघ

एजेंसी ⏭ नागपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी श्रीधर गाडगे ने मंगलवार को कहा कि जाति आधारित जनगणना नहीं होनी चाहिए और जानना चाहा कि इससे क्या हासिल होगा। विदर्भ सह-संघचालक गाडगे ने कहा कि इस तरह की कवायद से कुछ लोगों को राजनीतिक रूप से फायदा हो सकता है, क्योंकि इससे यह डेटा मिलेगा कि किसी निश्चित जाति की आबादी कितनी है, लेकिन यह सामाजिक रूप से और राष्ट्रीय एकता के संदर्भ ⏩ शेष पेज 4 पर

### साय ने छोड़ा कांग्रेस का 'हाथ', भाजपा छोड़कर थामा था पंजा

आदिवासी नेता ने फिर पाला बदला

साय ने 30 अप्रैल 2023 को भाजपा से दिया था इस्तीफा



**रायपुर।** नंदकुमार साय ने एकबार फिर सियासी पाला बदल लिया है। उन्होंने अब कांग्रेस का दामन छोड़ दिया है। साय ने 30 अप्रैल 2023 को भाजपा से इस्तीफा देते हुए कांग्रेस ज्वॉइन की थी। उन्होंने भाजपा से इस्तीफा देने के अगले दिन ही तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश ⏩ शेष पेज 4 पर







*सभी राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 9 जनवरी 2024 को राष्ट्रपति भवन में दिए जाएंगे*

## मोहम्मद शमी समेत 26 को अर्जुन अवॉर्ड चिराग और सात्विक को 'खेल रत्न'

### राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों का ऐलान





**29** खिलाड़ियों को इस बार खेल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

खेल मंत्रालय के मुताबिक भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी समेत 26 एथलीट्स को अर्जुन पुरस्कार दिया जाएगा जबकि मेजर ध्यान चंद खेल रत्न अवॉर्ड चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को दिया जाएगा।

यह सभी राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 9 जनवरी 2024 को राष्ट्रपति भवन में दिए जाएंगे। भारत की स्टार बैडमिंटन जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रंकीरेड्डी को खेल रत्न अवॉर्ड मिलेगा। वहीं, वनडे वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अर्जुन अवॉर्ड दिया जाएगा। खेल मंत्रालय ने बुधवार को खेल अवॉर्ड्स 2023 की घोषणा की। दो खिलाड़ियों को खेल रत्न अवार्ड और 27 एथलीटों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इन सभी एथलीटों को उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर यह पुरस्कार दिए जाएंगे। ⏩ पढ़ें पेज 11 भी

### खेल रत्न अवॉर्ड 2023

**खेल अवार्ड के लिए जारी की गई एथलीटों की लिस्ट**

- चिराग शेट्टी - बैडमिंटन
- सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी - बैडमिंटन

### अर्जुन अवॉर्ड 2023

- *मोहम्मद शमी - क्रिकेट*
- *ओजस प्रवीण देवताले - तीरंदाजी*
- *अदिति गोपीचंद स्वामी - तीरंदाजी*
- *श्रीशंकर - एथलेटिक्स*
- *पारुल चौधरी - एथलेटिक्स*
- *मोहम्मद हुसामुद्दीन - बॉक्सर*
- *आर वैशाली - शतरंज*
- *सुशीला चानु - हॉकी (मप्र)*
- *पवन कुमार - कबड्डी*
- *रितु नेगी - कबड्डी*
- *नसरीन - खो-खो*
- *पिंकी - लॉन बॉल्स*
- *ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर - शूटिंग (मप्र)*
- *ईशा सिंह - शूटिंग*
- *हरिंदर पाल सिंह - स्क्वैश*
- *अयहिका मुखर्जी - टेबल टेनिस*
- *सुनील कुमार - रेसलिंग*
- *अंतिम - रेसलिंग*
- *रोशीबिना देवी - वुशु*
- *शीतल देवी - पैरा आर्चरी*
- *अजय कुमार - ब्लाइंड क्रिकेट*
- *प्राची यादव - पैरा कैनोइंग (मप्र)*
- *अनुश अग्रवाल - घुड़सवारी*
- *दिव्यकृति सिंह - घुड़सवारी ड्रेसेज*
- *दीक्षा डागर - गोल्फ*
- *कृष्ण बहादुर पाठक - हॉकी*


पल-पल की हर खबर सबसे पहले, सबसे सटीक

यहाँ पर

कल से नए अवतार में..

# उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक की कलाओं को एक सूत्र में जोड़ते लोकनृत्यों की दी मनमोहक प्रस्तुति

## बालरंग उत्सव में 22 राज्यों के विद्यार्थियों ने दर्शाई अपने अंचल की सांस्कृतिक झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बालरंग के उत्सव में मानव संग्रहालय परिसर 22 राज्यों की संस्कृति से चहक रहा है। बाल कलाकारों की उत्साह से भरपूर नृत्य प्रस्तुति उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक की कलाओं को एक सूत्र में जोड़ रही है। चॉक-डस्टर और पैन-कॉपी से इतर स्कूली छात्र अब कौशल से अपने-अपने क्षेत्र की संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित कर रहे हैं। बुधवार को सभी 22 राज्यों के करीब 430 विधार्थी कलाकारों ने प्रस्तुति दी और देश की विविध संस्कृतियों को जानने और सीखने का प्रयास किया।

इस अवसर पर आयुक्त लोक शिक्षण अनुभा श्रीवास्तव ने बालरंग में बच्चों द्वारा लगाई गई लघु भारत प्रदर्शनी 'एक भारत - श्रेष्ठ भारत' एवं फूड जोन का शुभारंभ किया।



### आज होगा समापन

वहीं पांच चयनित टीमें गुरुवार को प्रस्तुति देंगी। अंतिम दिन सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शीर्ष तीन लोकनृत्य प्रस्तुतियों को समापन समारोह के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा।





### एआई और फिट इंडिया पर लगी प्रदर्शनी

बालरंग में लघु भारत प्रदर्शनी, समर्थ भारत प्रदर्शनी तथा फूड जोन का आगंतुकों में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा सभी 22 राज्यों की झांकी सजी है, जिसमें निर्मित क्रिएटिव क्राफ्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स, वोकल फॉर लोकल, फिट इंडिया, उमंग, अनुगूंज, माटीकला फोटोग्राफी और सेरेमिक आर्ट हस्तनिर्मित क्राफ्ट आदि विषयों का समावेश दिखता है। साथ ही भारत की आत्मनिर्भरता की परिकल्पना को पूर्ण करता है। इसके अलावा समर्थ भारत प्रदर्शनी में 25 स्टॉल होंगे, जिसमें इस बार 'अनुगूंज 2023' के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न वर्कशॉप में की गई गतिविधियों की प्रदर्शनी को भी सम्मिलित किया गया है।



### नृत्य में दिखा 22 राज्यों के आमजन का जीवन

बालरंग में बुधवार को सभी 22 राज्यों के बाल कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुति दी। इनमें महाराष्ट्र के दल ने आदिवासी लोक नृत्य तारपा प्रस्तुत किया। कोंकण समाज के इस पारंपरिक नृत्य में म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट 'तारपा' को प्ले कर कलाकारों ने किसानों के धरा और प्रकृति से सबंध को प्रदर्शित किया। इसके साथ ही मिजोरम के छात्रों ने प्रदेश के दक्षिणी भाग में पावी और मारा समुदायों से उत्पन्न एक प्रभावशाली नृत्य 'सरलमकाई' की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही उत्तराखंड के छात्रों ने छोलिया नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें पौराणिक युद्ध और सैनिकों का प्रतिबिंब दिखाई दिया।




# आनंद विहार कॉलेज फॉर वूमेन में अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आनंद विहार कॉलेज फॉर वूमेन द्वारा प्रतिवषार्नुसार तरुण भादुड़ी स्मृति अंतर महाविद्यालय निबंध प्रतियोगिता एवं माधुरी अग्रवाल स्मृति अंतर महाविद्यालय वाद विवाद एवं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में शहर के कई प्रतिष्ठित महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

### 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया

निबंध प्रतियोगिता का विषय था 'उच्च शिक्षण संस्थाओं में कौशल विकास की आवश्यकता एवं महत्त्व' तथा वाद विवाद प्रतियोगिता का विषय था 'सामाजिक विघटन के लिए केवल एकल परिवार ही जिम्मेदार है'। वहीं नैतिक मूल्यों के विभिन्न विषयों पर आधारित तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता रही। इन प्रतियोगिता में लगभग 12 महाविद्यालयों के 60 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। जिसमें वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिला आईपीईआर की स्टूडेंट मानसी सक्सेना को मिला, वहीं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में अर्पित छत्रसाल ने प्रथम स्थान पाया।

भारत भवन में प्रसिद्ध पॉप सिंगर व म्यूजिशियन माया कमाति की प्रस्तुति

# 'कायाम्ब' और 'रौली' म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट पर दी 'सोवाज', 'सैंटी पापांग' गीतों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिंद महासागर में स्थित फ्रांस का द्वीप रीयूनयिन, यह द्वीप जितना सुंदर है उतना ही यहां की संस्कृति दिल को छूने वाली है। यह संस्कृति गीत संगीत के रूप में नजर आती है, जिसमें क्रियोल, मैलोया जैसी भाषाओं में जब वहां के निवासी गीत गाते हैं तो सुनने वाले ममंत्रमुग्ध हुए बिना नहीं रह सकता। ऐसी ही क्रियोल, मैलोया और अंग्रेजी भाषा में रचे बसे गीतों को अपनी जादूई आवाज में पिरोकर भारत भवन की सर्द हवाओं को मदमस्त बना दिया रीयूनियन द्वीप की प्रसिद्ध पॉप सिंगर व म्यूजिशियन माया कमाति ने। मौका है ऑलियंस फ्रांसिस की ओर से भारत भवन में आयोजित माया कमाति के म्यूजिकल कंसर्ट का, जिसमें माया ने अपनी एल्बम 'सोवाज', 'सैंटी पापांग' के गीतों पर सोला म्यूजिकल परफार्मेंस देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



### एलबम के गीतों पर दी प्रस्तुति

महिला सशक्तिकरण का उदाहरण प्रस्तुति करने के साथ महिला अधिकारों के प्रति जागरुकता लाने का संदेश देते हुए माया ने अपनी अपकमिंग एल्बम 'सोवाज' के साथ ही 'सैंटी पापांग' के फेमस गीतों को अपनी आवाज में पिरोया। गीतों से सजी इस कड़ी में उन्होंने कवाले, सोवाज, कर्टेल, कसाकोल, एलिबी और एटीआर जैसे मैलोया व क्रियोल भाषा में गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं की खूब तालियां बंटौरी।

### लोगों को झूमने पर मजबूर किया

कार्यक्रम में एक ओर माया अपनी मदहोश करने वाली आवाज का जादू बिखेर रही थीं तो वहीं उनके द्वारा 'कायाम्ब' (बैंबो शेकर) और 'रौली' म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट की दिल को छूने वाली धुन ने सर्द हवाओं में झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं माया की ड्रेस में कहीं न कहीं रीयूनियन द्वीप से लगे अफ्रीकन कॉन्टिनेंट की झलक भी स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

वर्ल्ड साड़ी-डे पर शाटिका ग्रंथ का गेट-टू-गेदर



# एक से बढ़कर एक साड़ियों में शाटिका सखियों ने बिखेरा अदाओं का जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ल्ड साड़ी डे पर शाटिका ग्रंथ की शाटिका सखियों द्वारा गुलमोहर स्थित एक निजी होटल में 'ऐनी हैंडलूम फ्रॉम एनी स्टेट ऑफ भारत' थीम पर देश के करीब 15 राज्यों के टेक्सटाइल से सजी साड़ियों में गेट टू गेदर किया। जहां एक से बढ़कर एक हैंडलूम अटायर में महिलाएं कहर ढा रही थीं। वहीं आंचल व पल्लू थीम पर गीतों की प्रस्तुति ने छटा बिखेरी।

### ओडिशा की इकत नवकोठी खंडवा सिल्क साड़ी रही खास

शाटिका सखियों में किसी ने ओडिशा की इकत नवकोठी खंडवा सिल्क साड़ी पहनी तो किसी ने मलबरी सिल्क, वहीं बिहार की भागलपुर टसर के साथ ही मल कॉटन पर मलबरी वर्कसे सजी साड़ी भी खास रूप से देखने को मिली। वहीं बीस साल पुरानी कांजीवरम साड़ी में सजी धजी शाटिका सखी ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।

## राजधानी

### खबर संक्षेप

#### शिर्डी सांई बाबा मंदिर के स्थापना दिवस पर निकलेगी पालकी यात्रा

**भोपाल।** शहर के 11 नंबर के पास स्थित श्री शिर्डी सांई बाबा मंदिर के स्थापना के 42 वर्ष पूर्ण होने पर गुरुवार को पालकी यात्रा निकाली जाएगी। इस मौके पर मंदिर में आकर्षक साज-सज्जा की गई है और विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। इस मौके पर पालकी को श्रद्धालु कंधे पर रखकर जयकारे लगाते हुए चलेंगे और जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत सत्कार किया जाएगा। मंदिर से शुरू हुई यह यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस मंदिर पहुंचेगी। गुरुवार को मंदिर में 5.30 बजे श्री सांई की काकड़ आरती की जाएगी। छह बजे सांई का मंगल स्नान होगा। आठ बजे से 11 बजे तक वहां पर अखंड धूनी और द्वारकामाई का पूजन किया जाएगा।

#### संतश्री गाड़गे बाबा की 67वीं पुण्यतिथि मनाई

**भोपाल।** मालवीय रजक समाज संघ भोपाल द्वारा आराध्य संत स्वच्छता के जनक संत शिरोमणि श्री गाड़गे बाबा की 67वीं पुण्यतिथि के अवसर प्रार्थना सभा में पुष्पांजलि अर्पित कर मंदिर परिसर में स्थापित संत जी की प्रतिमा पर सभी ने माल्यार्पण किया। समाज के प्रवक्ता प्रकाश मालवीय ने बताया कि माल्यार्पण के बाद अध्यक्ष नरेश मालवीय ने समाजबंधुओं को स्वछता बनाए रखने,गौ सेवा करने और बेटी पढ़ाओ का संकल्प दिलाया और संत जी के विचारों और उनकें मार्ग पर चलने का आह्वान किया। शिक्षा स्वच्छता व स्वास्थ्य के क्षेत्र में संत गाड़गे के किए कार्यों पर प्रकाश डाला। संत गाड़गे के स्वच्छता अभियान का अनुसरण केन्द्र और राज्य सरकारें भी कर रही है। इस मौके पर महामंत्री नरेश विल्लोरे, विशाल मालवीय, सुनील मालवीय, राहुल मालवीय मनोज एवं दीपक मालवीय सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

प्रदेश के 15 हजार 245 स्कूलों की पहली से आठवी तक की छात्राएं होंगी शामिल

# सरकारी स्कूलों की बेटियों को मिलेगा रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण

## प्रशिक्षण के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने दिया प्रति स्कूल 15 हजार का बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ अब रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें छात्राएं कराटे, जूडो और तायक्वोंडो सहित अन्य आत्मरक्षा के गुर सीखेंगी। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के करीब 15 हजार 245 स्कूलों का चयन किया है। इन स्कूलों की कक्षा पहली से आठवीं तक की छात्राओं को यह प्रशिक्षण दिया जाएगा।

दरअसल, स्कूल शिक्षा विभाग ने वार्षिक कार्य योजना 2023-24 में लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिए जाने का प्रावधान किया है। इसमें प्रति शाला के मान से 15 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है। यूडाईस नामांकन के आधार पर इस प्रशिक्षण के लिए ऐसे सरकारी स्कूलों का चिन्हित किया गया है जहां दर्ज छात्राओं की संख्या 25 से अधिक है। इस प्रशिक्षण की समयावधि तीन माह की होगी। यह ध्यान रखा जाएगा कि स्कूल में सप्ताह में 5 दिन प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से दिया जाए।

### महिला प्रशिक्षक रखी जाएंगी

छात्राओं के प्रशिक्षण के लिए स्कूलों में प्रशिक्षक के रूप में सामान्यता महिला प्रशिक्षक का चयन किया जाएगा। महिला प्रशिक्षण न मिलने की परिस्थिति में पुरुष प्रशिक्षक का चयन किया जा सकेगा। हालांकि ऐसी स्थिति में प्रशिक्षण के समय एक महिला शिक्षिका की पूर्ण समय उपस्थिति अनिवार्य होगी। इन प्रशिक्षकों को शाला प्रबंधन समिति द्वारा न्यूनतम एक माह के लिए चयनित किया जा सकेगा। चयन के लिए प्रशिक्षक का सेल्फ डिफेंस सर्टिफिकेशन कराटे कोर्स/ब्लेक बेल्ट योग्यताधी होना जरूरी है।

### 3 माह के भीतर पूरा करना होगा प्रशिक्षण

विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, प्रशिक्षण दिसंबर 2023 से 3 माह के भीतर पूरा करना होगा, जिसमें 100 बालिकाओं को अनिवार्यतः प्रशिक्षित किया जाएगा। संबंधित स्कूल में प्रत्येक कक्षा की छात्राओं के लिए आत्मरक्षा का एक पीरियड रखा जाएगा, जिसमें यह प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षक को स्कूल की सभी छात्राओं को प्रशिक्षित करना होगा।

### प्रत्येक प्रशिक्षण का डॉक्यूमेंटेशन होगा

प्रत्येक प्रशिक्षण का डॉक्यूमेंटेशन किया जाएगा, जिसमें प्रशिक्षक का विवरण सहित प्रशिक्षण का पूरा विवरण रहेगा। प्रशिक्षण प्राप्त बालिकाओं की सूची तैयार की जाएगी। इस सूची में प्रशिक्षण का फोटो, बालिकाओं में क्या सुधार आया, उनके अनुभव छात्राओं की उपलब्धि सहित अन्य जानकारी भी इसमें देनी होगी। यह जानकारी मुख्यालय भी भेजी जाएगी।

### नोडल अधिकारी होंगे नियुक्त

जिले स्तर पर सहायक परियोजना समन्वयक जेंडर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। जो सरकारी मिडिल स्कूल की जानकारी जुटाएंगे और प्रशिक्षण से संबंधित समस्याओं का निराकरण कराएंगे। नोडल अधिकारी के भ्रमण करने पर सरकारी नियमानुसार यात्रा भत्ता समग्र शिक्षा अभियान के मैनेजमेंट मद से संबंधित जिले द्वार किया जाएगा।

### प्रत्येक स्कूल का होगा निरीक्षण

प्रशिक्षण अवधि के दौरान जिला स्तर पर डीपीसी, एपीसी सहित अन्य अधिकारियों को प्रत्येक स्कूल में एक बार निरीक्षण के लिए पहुंचना होगा। वह यह भी सुनिश्चित करेंगे कि प्रशिक्षण व्यवस्थित रूप से दिया जा रहा है और सभी जरूरी व्यवस्थाएं हैं।

देशभर से सिल्क प्रदर्शनी में आए 100 से ज्यादा बुनकर

# उमंग शॉपिंग महोत्सव प्रदर्शनी बिट्टन मार्केट में शुरू, 1 जनवरी तक चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत की प्रसिद्ध उमंग शॉपिंग महोत्सव प्रदर्शनी व सेल बुधवार से 1 जनवरी 2024 तक के लिए भोपाल के दशहरा ग्राउंड विट्टन मार्केट रविशंकर नगर मेन रोड पर अयोजित की जा रही है भव्य फैशन शो के साथ इस महोत्सव का उद्घाटन शैलेंद्र बरुआ (अध्यक्ष मप्र पाठ्य पुस्तक निगम, कैबिनेट मंत्री दर्जा, मप्र शासन) द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि विलुप्त होती इस कला को देश के कलाकारों ने फिर से जीवित कर दिया। यह प्रदर्शनी सुबह 11 से रात्रि 9 तक चलेगी।

प्रदर्शनी के अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने बताया की इस प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ से कोसा, घिचा, मलबरी रॉ सिल्क, एब्लॉक प्रिंटेड सिल्क साड़ी गुजरात से बांधनी, पाटोला कच्छ एम्ब्रोयडरी, मिरर वर्क एवं डिजाइनर कुर्ती, मध्य प्रदेश से चंदेरी, महेश्वरी काटन एंड सिल्क साडी सूट, डकारी जामदानी एवं बनारसी सिल्क, तान्चोयी सिल्क, मैसूर सिल्क की साड़ियो के धर्मावरम तस्सर, ढाका, वहीं डिजाइनर ब्लॉउज, सलवार सूट, पंजाब की फुलकारी वर्क सूट, साड़ी हैदराबाद की हैवी नेकलेस, नोज पिन, रिंग, बैंगल्स, मांग टीका, कमरबंद और मुंबई वेस्टर्न पैटर्न ज्वेलरी व पालकी ज्वेलरी भी है' साड़ी और सूट की 25,000 वैराइटी के साथ ब्राइडल वियर, विंटर कलेक्शन तथा पश्मीना शाल की भारी रेंज भी उपलब्ध है।



### हुगली, वर्धमान और वीरभूम ज्यादा प्रसिद्ध

उमंग आर्ट एंड क्राफ्ट द्वारा यह एक्जीबिशन में देश के अलग-अलग प्रांत के 100 से अधिक बुनकर खूबसूरत उत्पाद लेकर आए हुए हैं। प्रदर्शनी संयोजक आशीष कुमार गुप्ता बताते हैं कि प्रदर्शनी में भागलपुर, बनारस, मुबारकपुर, आसाम, उज्जैन, पंजाब, कोलकाता आदि स्थानों के बुनकर अपने उत्पाद लेकर आए हुए हैं। यह जानकारी पश्चिम बंगाल से आए मोहब्बत सरकार बताते हैं कि पहले शांतिनिकेतन से शुरू हुआ कांथा वर्क अब भले ही पूरे बंगाल में हो रहा है, लेकिन सबसे ज्यादा प्रसिद्ध हुगली, वर्धमान और वीरभूम का है। भागलपुर से आए मो.बरकत बटर सिल्क, एरी सिल्क, मटका सिल्क, कतान सिल्क की साड़ी व ड्रेस मटेरियल लेकर आए हैं। बिहार से आए प्रीतम कुमार जो परिधान इस प्रदर्शनी में लेकर आए हैं।

571 सरकारी कॉलेजों के प्राचार्यों ने मांगी रिपोर्ट

# 13 हजार अतिथि विद्वानों के लिए वित्त ने जारी किया फंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सरकारी कॉलेज में अतिथि विद्वानों की सैलरी के लिए वित्त विभाग ने फंड जारी कर दिया है। वित्त विभाग के आदेश के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने भी वेरिफिकेशन करने का फैसला किया है। प्रदेश के 571 सरकारी कॉलेज से अतिथि विद्वानों की रिपोर्ट मांगी गई है।

उच्च शिक्षा विभाग में प्राचार्य को निर्देश दिए हैं कि छात्रों की संख्या के आधार पर ही अतिथि विद्वानों की संख्या तय होगी। करीब 13 हजार से अधिक अतिथि विद्वानों के लिए बजट जारी किया गया है। विभाग ने निर्देश दिए हैं कि ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। विद्यार्थियों की संख्या की मैपिंग के बाद ही खाली पदों की पुष्टि होगी। प्राचार्य को गुरुवार को उच्च शिक्षा विभाग को ऑनलाइन मैपिंग की रिपोर्ट सौंपनी है। अधिकारियों ने बताया कि नवंबर की रिपोर्ट में जानकारी सामने आई है कि मध्य प्रदेश में 13700 से अधिक पद अतिथि विद्वानों के तय किए गए हैं। प्राचार्य ने रिपोर्ट भेजी है कि 6500 से अधिक कॉलेज में नियुक्त किए गए हैं। 7111 पद खाली है। कॉलेज में पढ़ने वाले विद्वानों की संख्या 4513 है। करीब 2000 से अधिक अतिथि विद्वानों को भुगतान बिना पढ़ाए ही किया गया है।



### श्री दत्त जयंती महोत्सव शुरू, 28 दिसंबर तक चलेंगे अनुष्ठान

**भोपाल।** श्री गुरुदेव सेवा मंडल दत्त मंदिर अरेरा कालोनी में बुधवार से श्री दत्त महोत्सव शुरू हो गया। 28 दिसंबर तक चलने वाले उत्सव में हर दिन धार्मिक अनुष्ठान होंगे। कार्यक्रमों में बड़ संख्या में मराठी समाज के लोग एकत्रित होंगें पहले दिन वेदोक्त पूजा की गई। गुरुचरित्र का वाचन ब्राह्मणों द्वारा किया गया। भजनों की प्रस्तुति हुई। इसमें शारदा भगिनी मंडल, विठ्ठल भजन मंडली की ओर से प्रस्तुति दी गई। श्री गुरुदेव सेवा भगिनी मंडल ने कीर्तन का आयोजन किया। मराठी समाज के पूर्व अध्यक्ष संजय जोशी ने बताया कि कीर्तन की शुरुआत स्वामी रामदास के श्लोक से हुई।

भोजपाल महोत्सव मेला देखने पहुंच रही भारी भीड़

# राजस्थानी कलाकारों ने चरी, घूमर और कालबेलिया नृत्य से मचाई धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेला के सांस्कृतिक मंच पर बुधवार को राजस्थानी कलाकारों ने जमकर धमाल मचाया। राजस्थान से आई 15 कलाकारों की टीम ने राजस्थानी लोकगीतों के साथ नृत्य गान के साथ अन्य गीतों की प्रस्तुति दी। इसमें चरी लोक नृत्य, घूमर लोक नृत्य, कालबेलिया लोक नृत्य और चकरी लोक नृत्य की प्रस्तुति का दर्शकों ने जमकर लुत्फ उठाया। इसके साथ ही नर्मदापुरम की अर्पणा सराठे और भोपाल दूरदर्शन के कलाकार डॉ. दीपक वर्मा द्वारा शास्त्रीय कत्थक की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों के साथ ही मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम के साथ मेला टीम ने कलाकरों के साथ दीप प्रज्जवलित कर की। मेला अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि मेला के सांस्कृतिक मंच पर देश भर के अलग-अलग राज्यों की कला संस्कृत, लोकगीत के साथ उभरते कलाकरों को अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए मंच दिया जा रहा है। मेले में रोजाना लाखों शहरवासी पहुंच रहे हैं। मेले में विभिन्न प्रदेशों से दुकानदारों ने गर्म कपड़े, ऊनी शॉल, स्वेटर और कम्बल लेकर आए हुए हैं।



हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



लाहौल स्पीति में कड़ाके की ठंड से जमी नदी पर लोग टहलते दिखे।

## लाहौल स्पीति में नदी-नाले जमे तापमान माइनस 15 डिग्री पर

# हिमाचल में 'फ्रीजिंग टेंप्रेचर'

◆ श्रीनगर और गुलमर्ग में माइनस 4.4 डिग्री, पानी जमने से वाटर सप्लाई ठप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर भारत के कई राज्यों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। हिमाचल प्रदेश में फ्रीजिंग टेंप्रेचर के चलते लाहौल स्पीति जिले में नदी-नाले जमकर बर्फ हो चुके हैं।

सड़कों पर पानी बहते-बहते मानो ठहर सा गया हो। पूरी घाटी का तापमान माइनस 15 डिग्री से भी नीचे लुढ़क गया है। ऐसे में सड़क पर जमा, हुआ पानी शीशे की तरह सख्त और फिसलन भरा है। हालांकि, 15 नवंबर के बाद अधिकारिक रूप से यह सड़क मार्ग बंद है मगर फिर भी, जान जोखिम में डालकर यहां लोग आते जाते रहते हैं। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर और गुलमर्ग में मंगलवार की रात न्यूनतम तापमान माइनस 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। श्रीनगर में सोमवार को तापमान माइनस 3.7 डिग्री था। ठंड से झीलें और ▶▶ शेष पेज 4 पर

## 24 जिलों में पारा 10 डिग्री के नीचे... रात का पारा 1.8 डिग्री गिरकर सीजन में पहली बार 8.8 डिग्री पर रहा

# भोपाल में सीजन की सबसे सर्द रात, दो जिलों में कोल्ड-डे

1 उत्तर से आ रही हवाओं के कारण रात के तापमान में पूरे प्रदेश में गिरावट

2 आज कुछ जिलों में बादल व बूंदाबांदी के आसार

3 पश्चिमी विक्षोभ अभी ईरान के आसपास, 22 को होगा सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को भी सर्दी में बढ़ोतरी दर्ज हुई। राजधानी में सीजन की सबसे सर्द रात रही। रात का पारा 1.8 डिग्री गिरकर सीजन में पहली बार 8.8 डिग्री पर रहा, जिससे सर्दी में तेजी से इजाफा हुआ। प्रदेश के दो दर्जन जिलों में रात का तापमान 10 डिग्री के नीचे रहा। सभी जिलों के न्यूनतम तापमान में औसतन एक डिग्री की गिरावट से सर्दी के तेवर और तीखे रहे।

प्रदेश में सबसे कम रात का पारा ग्वालियर में 5.7 डिग्री रहा। खरगोन और धार में कोल्ड-डे रहा। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार के बाद से कुछ जिलों में तेज सर्दी से कुछ राहत रहेगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी हवाएं उत्तरी रहने से रात के तापमान में और गिरावट रही। ▶▶ शेष पेज 4 पर

बैतूल, बुरहानपुर, हरदा, बालाघाट, खंडवा, खरगोन, धार, उज्जैन और नरसिंहपुर जिलों में गुरुवार को कोल्ड डे हो सकता है।



भोपाल की छोटी झील में धुंध की चादर

### दिन और रात का पारा अभी सामान्य से नीचे

*भोपाल, बैतूल, धार, इंदौर, उज्जैन में दिन का पारा 2 डिग्री तक बढ़कर औसतन 25 डिग्री तक रहा। खरगोन में दिन का पारा 23 डिग्री रहा, जो सामान्य से 6 डिग्री कम है। नरसिंहपुर, खंडवा और धार में अधिकतम पारा सामान्य से 5 डिग्री तक कम रहा। इसके अलावा भोपाल में दिन का पारा 2 डिग्री बढ़कर 25 डिग्री रहा, जो सामान्य से एक डिग्री कम है।*

### 22 को नया पश्चिमी विक्षोभ

*शुक्ला के अनुसार 22 दिसंबर से प्रदेश में नया डब्ल्यूडी सक्रिय हो रहा है। इसके असर से बादल, कहीं कहीं बौछारें भी हो सकती हैं। इससे पहले दो से तीन दिन तक रात के तापमान में वृद्धि होगी, इसके बाद पारा फिर तेजी से गिरेगा। इससे 25 दिसंबर के बाद कई जिलों में सीवियर कोल्ड डे और शीतलहर का असर रहेगा।*

## खबर संक्षेप

### ममता बेनर्जी ने पीएम से मुलाकात कर मांगी राशि

**नई दिल्ली।** मनरेगा के बकाए के भुगतान को लेकर केंद्र सरकार और पश्चिम बंगाल के बीच चल



रहे तनाव के बीच सूबे की मुखिया ममता बेनर्जी ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सीएम बेनर्जी ने विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के तहत मिलने वाली धनराशि को जारी करने की मांग की। संसद परिसर में मुलाकात के बाद उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि राज्य और केंद्र के अधिकारी मुद्दों को सुलझा सकते हैं।

### स्पाइसजेट एयरलाइन को मिले 1100 करोड़

**नई दिल्ली।** पैसों की तंगी से जूझ रही स्पाइसजेट को बड़ी संजीवनी मिली है। मुंबई के कारोबारियों



हरिहर और प्रीति महापात्रा ने इस एयरलाइन में लगभग 1100 करोड़ रुपए का निवेश करने का फैसला किया है। इसके बदले में उन्हें लगभग 19 फीसदी हिस्सेदारी मिलेगी। इसके साथ ही एयरलाइन के प्रमोटर अजय सिंह की हिस्सेदारी 56.49 फीसदी से घटकर 38.55 फीसदी रह जाएगी।

### वंदेभारत से होगी माता वैष्णव देवी की यात्रा

**नई दिल्ली।** इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कार्पोरेशन की तरफ से टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए



वक्त-वक्त पर टूर पैकेज लॉन्च किए जाते हैं। इस बार तीर्थयात्रियों के लिए आईआरसीटीसी ने वैष्णव देवी रेल टूर पैकेज लॉन्च किया है। यह टूर नई दिल्ली से शुरु होगा। पैकेज में हर तरह की सुविधा है। इस टूर पैकेज का नाम माता वैष्णव देवी वंदे भारत है। इस पैकेज के लिए नई दिल्ली से बुधवार से रविवार तक ट्रेनें रवाना होती हैं।

## लोकसभा से पारित हुए तीनों क्रिमिनल लॉ बिल...भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023

शाह बोले- 200 साल पुराने गुलामी के कानूनों से मुक्ति, अब यह सौ फीसदी 'स्वदेशी' कानून

# राजद्रोह कानून खत्म, नाबालिग से रेप और मॉब लिंचिंग में 'फांसी'

तीनों कानूनों को राज्यसभा में रखा जाएगा। वहां से पास होने के बाद इसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा।

*गृहमंत्री ने कहा- यह दंड केंद्रित नहीं, 'न्याय' केंद्रित व्यवस्था, राजद्रोह कानून खत्म, अब सरकार की आलोचना पर सजा नहीं पर देश का विरोध करने वाले को जेल जाना होगा।*

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में पहले 485 धाराएं थीं, अब 531 धाराएं होंगी

हिट एंड रन केस में 10 साल की सजा मिलेगी, स्नैचिंग के लिए भी बना कानून



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तीन नए क्रिमिनल लॉ बिल लोकसभा में पास हो गए हैं। अब इसे राज्यसभा में रखा जाएगा। वहां से पास होने के बाद इसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा।

इसे पेश करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अंग्रेजों के समय का राजद्रोह कानून खत्म किया गया है। नाबालिग से रेप और मॉब लिंचिंग जैसे क्राइम में फांसी की सजा दी जाएगी। शाह ने कहा कि अंग्रेजों का बनाया राजद्रोह कानून, जिसके चलते तिलक, गांधी, पटेल समेत देश के कई सेनानी कई बार ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 3 विधेयकों से क्या बदलाव होगा?

*आईपीसी में 511 धाराएं हैं, अब 356 बचेंगी। 175 धाराएं बदलेंगी। 8 नई जोड़ी जाएंगी, 22 धाराएं खत्म होंगी। इसी तरह सीआरपीसी में 533 धाराएं बचेंगी। 160 धाराएं बदलेंगी, 9 नई जुड़ेंगी, 9 खत्म होंगी। पूछताछ से ट्रायल तक वीडियो कॉन्फ्रेंस से करने का प्रावधान होगा, जो पहले नहीं था। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब ट्रायल कोर्ट को हर फैसला अधिकतम 3 साल में देना होगा। देश में 5 करोड़ केस पेंडिंग हैं।*

### गैंगरेप के दोषी को 20 साल तक की सजा या जिंदा रहने तक जेल

पहले रेप की धारा 375, 376 थी, अब जहां से अपराधों की बात शुरू होती है, उसमें धारा 63, 69 में रेप को रखा गया है। गैंगरेप को भी आगे रखा गया है। बच्चों के खिलाफ अपराध को भी आगे लाया गया है। मर्डर 302 था, अब 101 हुआ है। 18 साल से कम उम्र की बच्ची से रेप में आजीवन कारावास और मौत की सजा का प्रावधान है। गैंगरेप के दोषी को 20 साल तक की सजा या जिंदा रहने तक जेल।



### गैर इरादतन हत्या को दो हिस्सों में बांटा

प्रस्तावित कानून में गैर इरादतन हत्या को दो हिस्सों में बांटा गया है। अगर गाड़ी चलाते वक्त हादसा होता है, फिर आरोपी अगर घायल को पुलिस स्टेशन या अस्पताल ले जाता है तो उसे कम सजा दी जाएगी। हिट एंड रन केस में 10 साल की सजा मिलेगी। स्नैचिंग के लिए कानून नहीं था, अब कानून बन गया है। किसी के सिर पर लाठी मारने वाले को सजा तो मिलेगी, इससे ब्रेन डेड की स्थिति में आरोपी को 10 साल की सजा मिलेगी। ▶▶ पढ़ें पेज 08 भी

### पुलिस की जवाबदेही तय होगी

*शाह ने कहा- नए कानून में अब पुलिस की भी जवाबदेही तय होगी। अब कोई गिरफ्तार होगा तो पुलिस उसके परिवार को जानकारी देगी। पहले यह जरूरी नहीं था। किसी भी केस में 90 दिनों में क्या हुआ, इसकी जानकारी पुलिस पीड़ित को देगी। मुकदमा समाप्त होने के बाद जज को 43 दिन में फैसला देना होगा। निर्णय देने के 7 दिन के भीतर सजा सुनानी होगी। सुप्रीम कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद 30 दिन के भीतर ही दया याचिका दाखिल की जा सकेगी।*

## उपराष्ट्रपति का 'मजाक' उड़ाने पर राष्ट्रपति और पीएम ने जताया दुख

# मोदी ने फोन कर कहा-20 साल से मैं भी झेल रहा ऐसा 'अपमान'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में विपक्षी सांसदों द्वारा उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ का मजाक उड़ाने पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

राष्ट्रपति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह संसद परिसर में उपराष्ट्रपति की अवमानना को देखकर बेहद निराश हैं। चुने गए प्रतिनिधि अपने विचार व्यक्त करने के लिए स्वतंत्र ▶▶ शेष पेज 4 पर

**राष्ट्रपति ने लिखा**
***उपराष्ट्रपति की अवमानना को देखकर बेहद निराश***

### ऐसी हरकतें मुझे कर्तव्य निभाने से नहीं रोक सकतीं

उपराष्ट्रपति ने पीएम मोदी से कहा कि कुछ लोगों की हरकतें उन्हें अपना कर्तव्य निभाने और संविधान में निहित सिद्धांतों को बनाए रखने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि वह संवैधानिक मूल्यों के प्रति तहेदिल से प्रतिबद्ध हैं और किसी भी तरह का अपमान उन्हें अपनी राह बदलने के लिए मजबूर नहीं कर पाएगा।

### संसद सुरक्षा चूक मामले में दिल्ली पुलिस पहुंची कोलकाता

वहीं. संसद भवन की सुरक्षा में सेंध लगने की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम फिलहाल कोलकाता में है। दिल्ली पुलिस के अधिकारी मंगलवार को इस मामले के मास्टरमाइंड ललित झा के बागुईहाटी थाना क्षेत्र के जिस किराए के मकान में पहुंचे तो वहां वहां ताला बंद मिला है। इसके पहले सोमवार को दिल्ली पुलिस की टीम ने 218 नंबर रवींद्र सरणी स्थित बड़ा बाजार के उस ठिकाने पर भी दबिश दी थी, जहां लंबे समय तक वह ट्यूशन पढ़ाया करता था।

## पुलिस अफसरों पर 25-25 हजार का जुर्माना ठोंका

# जबलपुर हाईकोर्ट ने दिया बड़ा फैसला, अब चहेते अफसरों को प्रमोट नहीं कर सकेंगे मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

जबलपुर हाईकोर्ट ने प्रशासनिक सेवा से जुड़े अफसरों के संबंध में एक बड़ा फैसला दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि वरिष्ठता को नजरअंदाज करते हुए कनिष्ठ पुलिस अधिकारियों को वरिष्ठता सूची में सीनियरिटी देना गैरकानूनी है।

जस्टिस जीएस अहलूवालिया की एकलपीठ ने एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के स्थान पर उनसे कनिष्ठ दो पुलिस अधिकारियों को ग्रेडेशन सूची में प्राथमिकता देने के एक मामले की सुनवाई के बाद ये फैसला दिया है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव गृह और ▶▶ शेष पेज 4 पर

### एक महीने के भीतर जमा करें जुर्माना



*हाईकोर्ट ने पुलिस अधिकारी अजय पांडे और डॉ संजय अग्रवाल पर 25-25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। दोनों अधिकारियों को जुर्माने की राशि एक माह में जमा कराने के लिए कहा गया है। कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि निर्धारित अवधि में* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ये है मामला

दरअसल, गृह सचिव ने 17 नवंबर 2016 को एक आदेश जारी कर राजेंद्र वर्मा की जगह अजय पांडे और संजय अग्रवाल को वरिष्ठता दे दी थी। याचिकाकर्ता राजेन्द्र वर्मा को 29 सितंबर 1997 को एएसपी का पद मिला था, जबकि डॉ. संजय अग्रवाल और अजय पांडे को यह पद 1998 में मिला था। इसके बाद भी राजेंद्र ▶▶ शेष पेज 4 पर

## भाजपा ने राहुल गांधी और टीएमसी सांसद का पुतला फूंका



### प्रदेश अध्यक्ष वीडी, विजयवर्गीय और विधायक रामेश्वर रहे मौजूद

*भोपाल। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री करने को लेकर टीएमसी के सांसद कल्याण बेनर्जी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा ने भोपाल में प्रदर्शन किया। भाजपा ने राजधानी के रोशनपुरा चौराहे पर दोनों नेता के खिलाफ नारेबाजी और पुतला दहन किया। इस अवसर पर भजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और इंदौर से विधायक कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रामेश्वर शर्मा उपस्थित थे।*

## तीनों संक्रमितों के नमूनों को टेस्ट के लिए लैब भेजा ताकि पता लग सके कि कोरोना का यह कौनसा वैरिएंट?

अब तक 40 देशों में फैल चुका है यह सब वैरिएंट

# इंदौर-जबलपुर में मिले नए केस, मालदीव व नार्वे से लौटे 3 लोग संक्रमित, इनमें 1 महिला और 2 पुरुष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश में एक बार फिर से कोरोना के केसों में बढ़ोतरी होने लगी है। इस बीच बुधवार को मालदीव से इंदौर लौटे एक परिवार के दो लोग कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। जबकि नार्वे से जबलपुर आई महिला भी संक्रमित पाई गई है।

दोनों संक्रमितों के नमूनों को टेस्ट के लिए लैब भेजा गया है, जिसके बाद पता लगाया जा सकेगा कि कोरोना किस वैरिएंट का है। एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम की इंदौर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने की बैठक




*केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को देश भर में स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारियों की समीक्षा की और कोरोना वायरस के उभरते स्वरूपों के प्रति सतर्क रहने पर जोर दिया। मांडविया ने बताया कि इसको लेकर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ उन्होंने बैठक की।*

### सब वैरिएंट जेएन डॉट वन ने डराया...

#### पूरे देश में 21 मामलों की पुष्टि, दो हफ्ते में 16 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वीके पॉल ने कहा कि कोरोना के नए सब वैरिएंट जेएन डॉट वन से घबराने की जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक अब तक कोरोना के नए सब वैरिएंट जेएन डॉट वन के 21 मामलों की पुष्टि हुई है। नए मामलों में से 19 मामले गोवा में दर्ज किए गए हैं जबकि केरल और महाराष्ट्र में एक-एक मामला सामने आया है। पॉल ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

## अडाणी एंटरप्राइजेज, यूपीएल, टाटा स्टील के शेयर प्रभावित

# मुनाफाखोरी के चलते सेंसेक्स निफ्टी हुए धड़ाम, कई कंपनियों के शेयर गिरे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शेयर बाजार में बुधवार की सुबह बंपर तेजी के बाद बड़ी गिरावट देखने को मिली है।

सेंसेक्स-निफ्टी भारी गिरावट के साथ बंद हुए हैं। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 930.88 अंक टूटकर 70,506.31 अंक पर और निफ्टी 302.95 अंक के नुकसान से 21,150.15 अंक पर बंद हुआ है। कारोबार में मिडकैप इंडेक्स 3 फीसदी से ज्यादा गिरकर बंद हुए हैं। वहीं मेटल, पॉवर और ऑटो इंडेक्स



सबसे ज्यादा टूटे हैं। निफ्टी के टॉप लूजर में अडाणी पोर्ट्स, अडाणी एंटरप्राइजेज, यूपीएल, टाटा स्टील और कोल इंडिया के शेयर शामिल हैं। वहीं ओएनजीसी, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और एचडीएफसी बैंक निफ्टी के टॉप गेनर्स की लिस्ट में शामिल हैं।

### कोरोना की आहट के कारण आई गिरावट

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, कोरोना की आहट का असर शेयर बाजार पर भी देखने के मिल रहा है। वहीं बाजार में मुनाफावसूली भी देखी जा रही है। इसके पहले बीते मंगलवार यानी 19 दिसंबर को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 122.10 अंक यानी 0.17 फीसदी की बढ़त के साथ 71,437.19 अंक पर बंद हुआ था। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 34.45 अंक यानी 0.16 ▶▶ शेष पेज 4 पर

# विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे विधायक और कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा विधायक दल की बैठक बुधवार शाम प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि विधायक दल की बैठक में विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चर्चा की गई है।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनाओं को प्रदेश की जनता तक पहुंचाने के संबंध में विधायकों से विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर चर्चा चर्चा हुई है। विधायक एवं कार्यकर्ता इन योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे। बैठक में भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## भाजपा विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन बोले-जनता को दिलाएं योजनाओं का फायदा

## प्रदेश का एक भी व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहने पाएं: शर्मा






### प्रदेश की जनता को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हुई चर्चा: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में सभी विधायकों को सहभागिता कर प्रदेश की जनता को केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए चर्चा की गई है। बैठक में प्रदेश की जनता को जनहितैषी योजनाओं का लाभ दिलाने प्रदेश सरकार की विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में महत्वपूर्ण बातचीत हुई है।

### गरीबों का जीवन बदलेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा: वीडी

*प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। प्रदेश में यह यात्रा 16 दिसंबर से प्रारंभ हुई है। इस यात्रा को लेकर भाजपा विधायक दल में चर्चा हुई है। प्रधानमंत्री की गरीब कल्याण योजनाओं से प्रदेश का हर पात्र व्यक्ति लाभान्वित हो, इसके लिए भाजपा*



*विधायकों और कार्यकर्ताओं को यात्रा में सहभागिता करने को कहा गया है। भाजपा विधायक और कार्यकर्ता विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होकर वंचितों को गरीब कल्याण और जनहितैषी योजनाओं का लाभ दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे। राज्य सरकार का तंत्र इस यात्रा को सफल बनाने का कार्य कर रही है, भाजपा विधायक और कार्यकर्ता भी इस यात्रा में शामिल होकर कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार की ओर से चलाई जा रहीं गरीब कल्याण योजनाएं गरीबों का जीवन बदलने का कार्य कर रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा वंचितों को जनहितैषी योजनाओं का लाभ दिलाकर उनका जीवन बदलने का कार्य करेगी।*

## खबर संक्षेप

### गांवों में चल रहे विकास के कामों में आएगी तेजी

**भोपाल।** विधानसभा चुनाव की आचार संहिता की वजह से पिछले ढाई महीने से विकास के काम रुके हुए थे। आगे लोकसभा चुनाव भी आ रहा है, ऐसे में टाइम लिमिट में इन गांवों में चल रहे निर्माण के कामों को निपटाया जाए। यह बात जिला पंचायत में ग्रामीण यंत्री की सेवा संचार एवं सकर्म समिति की बैठक में सभापति अनिल हाडा ने कही। कार्यपालन यंत्री राजेश श्रीवास्तव ने एजेंडे के बिंदुओं को रखा। बैठक में सदस्यों ने निर्माण के कामों में तेजी के साथ गुणवत्ता का ध्यान रखने की हिदायत दी। बैठक में मोहन सिंह जाट उपाध्याय जिला पंचायत सहित सदस्य मौजूद रहे।

### उज्जैन महिला कांग्रेस अध्यक्ष का इस्तीफा

**भोपाल।** उज्जैन की महिला कांग्रेस अध्यक्ष गीता यादव ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल को पत्र लिखकर उन्होंने कहा है कि पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण वह पद की जिम्मेदारी को नहीं निभा सकती है, इसीलिए त्यागपत्र मंजूर करे।

### रानी दुर्गावती विवि के प्रो. राजेश वर्मा होंगे कुलपति

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर का कुलपति प्रोफेसर राजेश कुमार वर्मा, प्राध्यापक वाणिज्य अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर को नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने की तिथि 4 वर्ष की कालावधि अथवा 70 वर्ष की आयु जो भी पूर्वतर होगी रहेगा।

### एमसीयू और हरिदेव जोशी पत्रकारिता विवि में एमओयू

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय एवं हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विवि जयपुर ने शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण को संयुक्त रूप से बढ़ाने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एमसीयू के कुलपति प्रो. डॉ. केजी सुरेश एवं एचजेयू की कुलपति प्रो. डॉ. सुधि राजीव के बीच हस्ताक्षर किए गए।

## राज्यपाल मंगुभाई ने अपने अभिभाषण में प्रदेश सरकार की खूबियों के जरिए बताया विकास का खाका

# पांच वर्षों में ढाई लाख सरकारी नौकरियों के अवसर, सात साल में 20 लाख करोड़ के निवेश से प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने विधानसभा में अपने अभिभाषण में कहा कि संकल्प पत्र 2023 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी भी है और विकसित मध्य प्रदेश के निर्माण का विजन डाक्यूमेंट भी है। सरकार ने संकल्प पत्र के बिंदुओं को धरातल पर उतरने का काम शुरू भी कर दिया है। तेंदूपत्ता संग्रहण की दर तीन हजार प्रति मानक बोरा से बढ़कर चार हजार कर दी गई है। मप्र के मन में बसे मोदी की हर गारंटी को पूरा करने के उद्देश्य से संकल्प पत्र के प्रत्येक बिंदु को समय सीमा में क्रियान्वित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

राज्यपाल पटेल के अभिभाषण के कुछ बिंदुओं पर कांग्रेस ने आपत्ति ली। कांग्रेस सदस्यों ने कहा कि इसमें मप्र का कुछ है ही नहीं। यहां तो केंद्र की बात की जा रही है। इस पर दो सदस्यों ने आपत्ति ली। हालांकि बाद में बाद में राज्यपाल का अभिभाषण शांतिपूर्ण ढंग से हो गया। राज्यपाल ने कहा कि सरकार के लिए सुशासन केवल एक शब्द नहीं, बल्कि उसके हर अक्षर को सच्चे अर्थों में चरितार्थ करने का मंत्र है। एक जनवरी 2024 से साइबर तहसील की व्यवस्था को प्रदेश के सभी 55 जिलों में लागू करने का क्रांतिकारी निर्णय लिया गया है। संपदा 2 सॉफ्टवेयर भी प्रदेश में शीघ्र लागू किया जा रहा है, जिसके माध्यम से डिजिटल रजिस्ट्री की प्रक्रिया सरल और सुगम बनेगी। इस दौरान विपक्ष ने लाड़ली बहन योजना का उल्लेख न किए जाने पर टोकाटाकी की।

### तेंदूपत्ता संग्रहण की दर तीन हजार प्रति मानक बोरा से बढ़कर चार हजार की

### वर्ष 2025 तक 61 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई विस्तार का लक्ष्य

### एक जनवरी 2024 से साइबर तहसील की व्यवस्था को 55 जिलों में लागू किया जाएगा





### 56 हजार करोड़ रुपए से अधिक पूंजीगत व्यय

राज्यपाल ने कहा कि 56 हजार करोड़ रुपए से अधिक पूंजीगत व्यय इस वर्ष किया जाएगा। वर्ष 2025 तक 61 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के विस्तार का लक्ष्य है। केन-बेतवा लिंक परियोजना का काम प्रारंभ हो गया है। नर्मदा जल का पूर्ण उपयोग 2024 तक सुनिश्चित करने के लक्ष्य को लेकर सरकार काम कर रही है। अटल ग्रह ज्योति योजना में 103 लाख उपभोक्ताओं को सौ रुपए में सौ यूनिट बिजली दी जा रही है तो किसानों को अटल कृषि ज्योति योजना में 11 से 12 हजार करोड़ रुपए का अनुदान दिया जा रहा है। अनुसूचित जाति जनजाति के नौ लाख से अधिक किसानों को निःशुल्क को विद्युत प्रदान की जा रही है। छह एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जाएगा। भोपाल, इंदौर की तर्ज पर जबलपुर और ग्वालियर के लिए मेट्रो रेल का मास्टर प्लान तैयार किया गया है।

### भारत में सेवक सरकार के युग का प्रारंभ हुआ है: पटेल

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में साढ़े नौ वर्षों में भारत में सेवक सरकार के युग का शुरू हुआ है। गरीब और वंचित, एक जमाने में जिनकी कोई पूछ-परख नहीं थी प्रधानमंत्री उन्हें पूछते भी हैं और पूजते भी हैं। देश के गरीब, किसान, नारी शक्ति और युवा ही उनकी नजरों में सबसे बड़े वीआइपी हैं। इसी से प्रेरणा लेकर मप्र सरकार ने संपूर्ण शक्ति के साथ समर्पित भाव से काम करने का प्रण लिया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मप्र में 16 दिसंबर से शुभारंभ हो गया है। सरकार ने गंभीर अपराधों में लिप्त रहे आदतन अपराधियों को कठोर दंड दिलवाने तथा ऐसे अपराधियों को न्यायालय से प्राप्त जमानत के लाभ के दुरुपयोग को रोकने, अनुपयोगी और खुले बोरवेल से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के वैधानिक प्रयोग पर नियंत्रण तथा मांस-मछली के अनियंत्रित क्रय-विक्रय को प्रतिबंधित करने के लिए अभियान के रूप में कार्रवाई प्रारंभ कर सरकार ने यह स्पष्ट संदेश देने का प्रयास किया है कि सुशासन और कानून के राज बढ़कर कोई नहीं है।

### 5 वर्षों में तीन लाख करोड़ जनजातीय कल्याण पर होंगे खर्च

*राज्यपाल ने कहा कि अगले 5 वर्षों में जनजातीय कल्याण के लिए तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक व्यय किए जाएंगे। 450 करोड़ रुपए से प्रदेश के सभी जिलों में चिन्हित महाविद्यालय को पीएम उत्कृष्टता महाविद्यालय के रूप में उन्नयन किया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना में तीन करोड़ 76 लाख कार्ड, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 82 लाख 38 हजार से अधिक निःशुल्क गैस कनेक्शन, 66 लाख से अधिक परिवारों को नल जल योजना का लाभ मिल रहा है।*

### पांच लाख से अधिक स्व-सहायता समूह से 61 लाख से अधिक महिलाओं को जोड़ा

राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि आगामी पांच वर्षों में ढाई लाख सरकारी नौकरियों के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। रोजगार मेलों का नियमित आयोजन होगा। अगले सात वर्ष में प्रदेश को 45 लाख करोड़ रुपए की अर्थव्यवस्था बनने, 20 लाख करोड़ रुपए के निवेश से प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए कई कदम उठाए गए। अब तक पांच लाख से अधिक स्व-सहायता समूह से 61 लाख से अधिक महिलाओं को जोड़ा गया है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से साढ़े तीन वर्षों में किसानों के खातों में लगभग तीन लाख करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई है। साढ़े चार हजार से अधिक सहकारी संस्थाओं का 145 करोड़ रुपए की लागत से कंप्यूटरीकरण किया जा रहा है।

## हुकुमचंद मिल के मजदूरों को मिलेंगे 464 करोड़ रुपए

# श्रमिकों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का माना आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से इंदौर के जनप्रतिनिधियों के विशेष प्रतिनिधि मंडल ने भेंट कर हुकुमचंद मिल, इंदौर के मजदूरों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने मजदूरों को मिलने वाली 464 करोड़ रुपए की बकाया राशि को महत्वपूर्ण स्वीकृति प्रदान की है। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ नेता विधायक कैलाश विजयवर्गीय, विधायक तुलसी सिलावट, सुश्री उषा ठाकुर, रमेश मेंदोला आदिम शामिल थे।

### इंदौर के जनप्रतिनिधियों ने सीएम से भेंट की



## शिवराज दो दिवसीय अमरकंटक दौरे पर

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपने पहले से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार दोपहर 3 बजे सड़क मार्ग से बरगी जबलपुर के लिए रवाना हुए। बरगी में रात्रि विश्राम कर गुरुवार दोपहर अमरकंटक पहुंचेंगे। चौहान अमरकंटक में मां नर्मदा उद्गम स्थल पर मां नर्मदा की पूजा-अर्चना करेंगे। मुख्यमंत्री चौहान परिवार के साथ दो दिवसीय अमरकंटक यात्रा पर है। पूर्व मुख्यमंत्री चौहान का पार्टी कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया।

## नगरीय विकास एवं आवास के आयुक्त भरत ने की समीक्षा

# समय पर पूरी करें जल प्रदाय और सीवेज परियोजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास के आयुक्त और मप्र अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के प्रबंध संचालक भरत यादव ने कंपनी से क्रियांवित परियोजनाओं की समीक्षा की।

यादव ने सभी ठेकेदारों को निर्देश दिए कि समय पर पूरी करें जल प्रदाय और सीवेज परियोजनाएं हैं। परियोजना साइट्स पर लेबर व मशीनरी की पर्याप्त व्यवस्था रखें। 31 दिसम्बर तक के जो लक्ष्य तय किए गए हैं, उन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा करें।

### गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा

प्रबंध संचालक ने कहा कि निर्माण कार्य के लिए फिलहाल अनुकूल मौसम है, अतः कार्य में तेजी लाएं। काम में धीमी गति स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि ठेकेदार निर्माण कार्य तेजी से करने के साथ गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखें। प्रबंध संचालक ने समस्त परियोजना प्रबंधकों को निर्देश दिए कि फील्ड में नियमित रूप से भ्रमण करते रहें, और परियोजनाओं की भौतिक स्थिति से अद्यतन रहें। अगली समीक्षा बैठक में परियोजना प्रबंधक सीधे साइट्स से ही जुड़े। मध्यप्रदेश अर्बन डेवपलमेंट कम्पनी एशियन डेवपलमेंट बैंक, विश्व बैंक, जर्मन बैंक केएफडब्ल्यू और विशेष निधि के माध्यम से प्रदेश के 135 निकायों में जल प्रदाय और 28 निकायों में सीवरेज परियोजना पर कार्य कर रही है। समीक्षा बैठक में अतिरिक्त प्रबंध संचालक शिवम वर्मा, प्रमुख अभियंता दीपक रत्नावत, उप परियोजना संचालक तकनीकी विजय कुमार गुप्ता, आनंद सिंह सहित सभी संबंधित मौजूद रहे।

## पक्ष-विपक्ष ने विधानसभा अध्यक्ष तोमर की बताई खूबियां, सीएम डॉ. मोहन ने शुभकामनाएं देकर व्यक्तित्व को सराहा

# प्रशासनिक अनुभव, सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पण, सबको साथ लेने की क्षमता से विधानसभा अध्यक्ष के लिए तोमर बने सर्वमान्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के वरिष्ठ नेता, विधायक व पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर बुधवार को 16वीं विधानसभा के निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिए गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तोमर को विधानसभा अध्यक्ष पद की शपथ लेने पर शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तोमर का नाम विधानसभा अध्यक्ष के लिए सर्वमान्य रहा।

उनके व्यक्तित्व का ही प्रभाव है कि उनके नाम को सभी दलों ने स्वीकारा और उन्हें समर्थन दिया। उनका सुदीर्घ प्रशासनिक अनुभव, सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पण और सबको साथ लेने की क्षमता उन्हें सर्वमान्य बनाती है। तोमर के पुरुषार्थ, परिश्रम, विनम्रता और सहज सरल स्वभाव से सदन गौरवान्वित है। निश्चित ही उनके अध्यक्षीय दायित्व निर्वहन से सदन की गरिमा में वृद्धि होगी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रोटेम स्पीकर भार्गव का भी माना आभार



### तोमर के पास राजनैतिक अनुभव की पूंजी : शिवराज

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर पास राजनैतिक अनुभव की पूंजी है। इसका लाभ हम सभी को मिलेगा। प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि मेरी राजनीतिक यात्रा का महत्वपूर्ण दिन है। सदन में पहली बार चुन का आया आर आसंदी पर आपको देख रहा हूं। 40 वर्ष पहले जो काम शुरू किया था, आज उसे नई ऊंचाइयों ले जाने का सौभाग्य मिला है। राम निवास रावत ने कहा कि ग्वालियर चंबल से पहले अध्यक्ष चुने गए हैं। वे काफी प्रसन्न हैं और इसका लाभ मिलेगा। इसी तरह अन्य सदस्यों गिरीश गौतम, गोपाल भार्गव, डॉ. सीतासरन शर्मा, डॉ. राजेंद्र कुमार सिंह, कैलाश विजयवर्गीय, भूपेंद्र सिंह, अजय विश्नोई, राकेश सिंह, हेमंत कटारे, ओमकार सिंह मरकाम, विश्वास सारंग ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

### विधानसभा अध्यक्ष तोमर का यह रहा है राजनैतिक सफर

नरेंद्र सिंह तोमर पहली बार 1979 में छात्रसंघ अध्यक्ष चुने गए। 1977 में भाजयुमो के वार्ड अध्यक्ष, 1983 में नगर निगम पार्षद, 1977 में युवा मोर्चा में मंडल अध्यक्ष, 1985 में प्रांतीय मंत्री, 1988 में प्रांतीय उपाध्यक्ष, 1991 में प्रांतीय उपाध्यक्ष, प्रांतीय संयोजक, ग्वालियर के जिला मंत्री, प्रांतीय संयोजक, 1996 में पहली बार ग्वालियर से विधायक बने। 2003 में कैबिनेट मंत्री, 2005 में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री, 2006 में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, 2009 में मुरैना से पहली बार सांसद बने। 2010 में राष्ट्रीय महामंत्री, 2012 में फिर से प्रदेश अध्यक्ष, 2014 में लोकसभा सदस्य, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, 2016 में संसदीय कार्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार, 2017 में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री, 2019 में मुरैना से सांसद बने। इसके बाद कृषि मंत्री बने। अब वे पहली बार मप्र विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए।

### कटारे से भार्गव बोले-पिता व पुत्र के स्वभाव में काफी अंतर

*कांग्रेस के हेमंत कटारे ने पहले शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दो सदस्यों ने ही विपक्ष के सर्वसम्मति के लिए धन्यवाद दिया तो भार्गव ने कहा कि हेमंत के पिता सत्यदेव कटारे ने उनके साथ काफी काम किया है। मैं मानकर चलता हूं कि सत्यदेव व उनके पुत्र के स्वभाव में काफी अंतर है। बेटा तुम कुछ सुधारों। इस पर आमोद-प्रमोद चला।*

### तोमर के ज्ञान, कौशल एवं अनुभव का लाभ मिलेगा: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

*प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की आजादी के अमृत काल में लोकतंत्र के इस मंदिर में अध्यक्ष तोमर के ज्ञान, कौशल एवं अनुभव का लाभ प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव के कुशल दायित्व निर्वहन तथा शपथ ग्रहण एवं प्रतिज्ञान की कार्यवाही के सुगम संचालन के लिए आभार व्यक्त किया।*

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दी तोमर को बधाई

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्र हितानंद ने विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर वरिष्ठ नेता नरेंद्र सिंह तोमर को बधाई दी है।

### कोशिश रहेगी कि सदन के सभी सदस्यों की अपेक्षाओं के अनुरूप दायित्वों का निर्वहन करूंगा: विधानसभा अध्यक्ष तोमर

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ नेता नरेंद्र सिंह तोमर ने विधानसभा अध्यक्ष का पद ग्रहण करने के बाद दिए अपने पहले संबोधन में कहा कि उनकी ईमानदार कोशिश रहेगी कि वे सदन के सभी सदस्यों की अपेक्षाओं एवं गौरवमयी इतिहास के अनुरूप दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने सर्वसम्मति से अपने निर्वाचन पर पक्ष एवं विपक्ष के सभी सदस्यों का हृदय से आभार प्रकट किया। अध्यक्ष तोमर ने कहा कि चाहे हम संगठन में कार्य करें या जनप्रतिनिधि के रूप में कार्य करें हम सभी का उद्देश्य एक ही होता है, जनसमस्याओं का निराकरण , राज्य का सर्वांगीण और संतुलित विकास। अध्यक्ष ने कहा कि सभी जानते है कि पक्ष और विपक्ष लोकतंत्र के दो स्तंभ हैं। इस आसंदी पर रहते हुए मेरा प्रयास यह रहेगा कि मेरी निगाह और नजर हर सदस्य पर रहे और हर सदस्य को उसका अधिकार प्राप्त हो।

### राजपूत समाज ने किया तोमर का सम्मान

*मप्र राजपूत समाज ने विधानसभा अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने पर नरेन्द्र सिंह तोमर का सम्मान किया। उनके निवास पर जाकर राजपूत समाज का प्रतिनिधि मंडल तोमर से मिला। समाज के पदाधिकारियों ने 51 किलो की गुलाबों की माला तोमर को पहनाई। आतिशबाजी भी की। इस मौके पर समाज महासचिव दीपक चौहान, डीएस भदौरिया, जीपीएस चौहान, आरएस भदौरिया, चंदन सिंह सूरमा शामिल हुए।*

2 पांच वर्षों में ढाई लाख सरकारी नौकरियों...





7 विधायक रामेश्वर ने कहा- फाटक रोड ..






बिना किसी जांच के रोजाना बसों से लाखों रुपए की पार्सल की जा रही डिलीवरी

# वर्मा ट्रेवल्स की अनफिट बसें कर रहीं यात्रियों की जान से खिलवाड़ पार्सल बुकिंग में रोजाना की लापरवाही दे रही 'बड़े हादसे' को न्यौता

## आधार कार्ड या बिल की फोटोकॉपी कैसे बता सकती है 'अंदर का माल' सही है?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


वर्मा ट्रेवल्स की अनफिट बसें बीच सफर में खराब हो रही है। तो वहीं इन वॉल्वो स्लीपर बसों में यात्रियों की जान से साथ खिलवाड़ कर अवैध तरीके से बिना की जांच के पार्सल की डिलेवरी की जा रही है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा होने की संभावना बनी रहती है।



### वारदात की पूरी गुंजाइश

*दरअसल, यात्री बस से व्यावसायिक उपयोग के दस्तावेज या माल का पार्सल भेजना ही अवैध है। लेकिन वर्मा ट्रेवल्स की ओर से पार्सल की डिलेवरी की जा रही है। इनके बुकिंग काउंटर पर न तो किसी तरह की जांच होती है कि इनमें क्या है। इससे किसी वारदात की पूरी गुंजाइश बनी हुई है। आधार कार्ड या बिल की फोटोकॉपी से यह कैसे सुनिश्चित किया जा सकता है कि अंदर भेजा जा रहा माल सही है। यदि कोई विस्फोटक हुआ तो घटना के बाद कैसे पता किया जाएगा कि यह फलां पार्सल में ही था, क्योंकि विस्फोट में तो तमाम पार्सल भी उड़ जाने की आशंका रहेगी।*

### रोजाना ढोया जाता है लाखों का माल



उल्लेखनीय है कि भोपाल-इंदौर,भोपाल-मुंबई पुणे रूट पर चल रहीं वर्मा टेवल्स की वॉल्वो बसों से रोजाना लाखों रुपए कीमत का व्यावसायिक माल ढोया जाता है। आईएसबीटी पर बाकायदा अलग से पार्सल ऑफिस बना हुआ है, जहां पर माल बुकिंग की जा रही है।

### सुरक्षा के लिए गंभीर नहीं बस कंपनी

*देशभर में लगातार की तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसके बाद वर्मा ट्रेवल्स की ओर से गलत तरीके नियम विरोध पार्सल बुकिंग की जा रही है। मुनाफाखोरी के चलते सैकड़ों लोगों की जान-माल का नुकसान होता। यह यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से गंभीर चूक है।*

### बिल की फोटोकॉपी लेते हैं

बसों में छोटे पार्सल ही बुक की जाते हैं। बुकिंग के दौरान पूरी तरह से एहतियात बरतते है। डॉक्यूमेंट या खाने-पीने की चीजों के लिए आधार कार्ड की फोटोकॉपी और अन्य पार्सल के लिए जीएसटी नम्बर और माल के बिल की फोटोकॉपी ली जाती है।

**दीपक वर्मा**, संचालक वर्मा ट्रेवल्स

### तथ्यों पर होगी कार्रवाई

आवेदन मिलने के बाद जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**जितेंद्र सिंह गुर्जर**, थाना प्रभारी, एमपी नगर

### जांच चल रही है

मामला मेरे संज्ञान में आया है। मामले की जांच एमपी नगर पुलिस द्वारा की जा रही है। जांच पूरी होने पर कार्रवाई की जाएगी।

**हरिनारायण चारी मिश्र**, पुलिस कमिश्नर भोपाल

### सुरक्षा के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति

हरिभूमि टीम ने बुधवार को जब आईएसबीटी पार्सल बुकिंग ऑफिस की हकीकत जानने स्टाफ के लोगों से बात की। यहां सुरक्षा के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। कर्मचारी बस में लेटर/ दस्तावेज या खाने-पीने की चीजें बुक करने आधार और व्यावसायिक पार्सल के लिए जीएसटी नम्बर व बिल की फोटोकॉपी ली जा रही है। पार्सल को खोलकर नहीं देखा जाता। इससे सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह लगा हुआ है।

सोमवार देर रात चेतक ब्रिज पर हुआ था विवाद, विवाद के बाद सहयोगी छोड़कर हुआ फरार

# टक्कर के बाद ई-रिक्शा ड्राइवर किडनैप पूरी रात घुमाया, सुबह हत्या कर फेंकी लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परिजन ने लगाए गोविंपुरा पुलिस पर गंभीर आरोप, कहा-पुलिस ने समय पर नहीं लिया एक्शन, अन्यथा बच सकती थी बेटे की जान

चेतक ब्रिज पर सोमवार रात लोडिंग ऑटो ड्राइवर और उसके साथियों ने मिलकर ई रिक्शा ड्राइवर का अपहरण कर लिया। अपहरण के बाद आरोपी उसे लोडिंग आटो से लेकर घूमते रहे और उसके साथ जमकर मारपीट की।

मारपीट में ड्राइवर की मौत होने के बाद आरोपियों ने उसकी लाश गोविंदपुरा जीबीएम स्कूल के पास सड़क किनारे ठिकाने लगाई और फरार हो गए। बुधवार सुबह ड्राइवर की लाश गोविंदपुरा के जीबीएम स्कूल के पास सड़क किनारे से पुलिस ने बरामद की है। लाश कंबल में लिपटी थी। पुलिस ने लाश पीएम के बाद परिजन को सौंप दी और हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार जैद उर्फ जैदउद्दीन पिता फजरउद्दीन (22) खानूगांव कोहेफिजा में रहता था और ई रिक्शा चलाता था। सोमवार देर रात जैद ई रिक्शा लेकर भेल दशहरा मैदान गोविंदपुरा पहुंचा था। उसके साथ उसका साथी शाहवर भी था। दोनों सवारी की तलाश रहे थे। सवारी नहीं मिलने पर वह चेतक ब्रिज पहुंचे, वहां सवारी की तलाश करने लगे। इसी बीच लाल रंग के लोडिंग ऑटो ने जैद के ई रिक्शा को टक्कर मार दी। जैद ने लोडिंग ऑटो ड्राइवर का विरोध किया था। इस दौरान लोडिंग ऑटो ड्राइवर ने अपने साथियों को बुला लिया और जैदउद्दीन के साथ मारपीट शुरू कर दी।

- गोविंदपुरा के जीवीएम स्कूल के पास कंबल में लपेटकर फेंकी लाश
- डॉक्टर के ओपिनियन के आधार पर पुलिस ने दर्ज किया हत्या का मामला



मृतक जैद उर्फ जैदउद्दीन

### संदेह के दायरे में शाहवर

थाना प्रभारी अवधेश तोमर ने बताया कि जैदउद्दीन के साथी शाहवर ने घटना की शिकायत डेढ़ बजे रात में की, जबकि जैदउद्दीन के साथ रात करीब बारह बजे के आसपास मारपीट हुई थी। उसका ई रिक्शा छोड़कर आरोपी लोडिंग आटो में जैदउद्दीन को लेकर निकल गए थे। इधर, शाहवर ने पुलिस पर शिकायत दर्ज करने से पूर्व उसके साथ मारपीट करने के आरोप लगाए है। थाना प्रभारी अवधेश सिंह तोमर का कहना है कि शाहवर की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज की गई है। उसके साथ मारपीट नहीं हुई है। जैदउद्दीन के पिता ने ही शाहवर पर संदेह जताया है। लिहाजा घटना का प्रत्यक्षदर्शी होने के कारण शाहवर से पुलिस ने अलग-अलग पहलुओं पर पूछताछ की है। उसने बताया कि चेतक ब्रिज पर दोस्त जैद के साथ मारपीट होते देख वह डरकर भाग निकला था। भागते समय वह जैद का मोबाइल भी साथ ले गया था। पुलिस की दलील है

### सिर पर डंडे से हमला होने से मौत

पुलिस को पीएम रिपोर्ट नहीं मिली है। डॉक्टर के ओपिनियन में पता चला कि सिर में गंभीर चोट होने से जैदउद्दीन की मौत हुई है। पुलिस ने ओपिनियन के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

### मॉर्निंग वॉक के दौरान दिखी लाश

जैदउद्दीन के साथ मारपीट होती देख उसके साथ मौजूद शाहवर वहां से भाग निकला। कुछ देर बाद वह चेतक ब्रिज पर पहुंचा तो जैद का केवल ई रिक्शा था। शाहवर ने गोविंदपुरा थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने जैद की गुमशुदगी दर्ज कर ली। इधर, बुधवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले कुछ लोगों ने जीबीएम स्कूल के पास कंबल में लिपटी युवक लाश देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने परिजन को घटनास्थल पर बुलाकर मृतक की शिनाख्त जैद उर्फ जैदउद्दीन के रूप में कर ली।

### पूछताछ जारी...

पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक का दोस्त शाहवर घटना का चश्मदीद है। पुलिस उससे भी पूछताछ कर रही है। उसके साथ थाने में मारपीट नहीं की गई है।

**श्रद्धा तिवारी**, डीसीपी जोन 2

### फुटेज के बाद भी नहीं की पुलिस ने कार्रवाई



*परिजन का आरोप है कि जैदउद्दीन की गुमशुदगी दर्ज करने के बाद पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिल गए थे। फुटेज में लोडिंग वाहन नजर आया था। बावजूद इसके पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखाई। केवल गुमशुदगी दर्ज की। पुलिस की दलील है कि फुटेज में केवल ऑटो और कुछ लोग नजर आए हैं। अपहरण जैसे घटना नजर नहीं आई थी।*

प्रदेश में कोरोना की दस्तक

# राजधानी में 1690 आईसीयू, ऑक्सीजन सपोर्ट सिस्टम के साथ 3502 बेड तैयार

*इंदौर दो मरीज के बाद जबलपुर में भी एक माहिला कोरोना पॉजिटिव मिली, हमीदिया सहित अन्य अस्पतालों में तैनात होगी डॉक्टरों की स्पेशल टीम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश व प्रदेश में कोरोना की दस्तक व बढ़ती मरीजों की संख्या के बाद स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट हो गया है। इसके साथ ही इससे निपटने के लिए विशेष तैयारी शुरू हो गई है। भोपाल में इसके लिए 1690 आईसीयू बेड व ऑक्सीजन सपोर्ट सिस्टम के साथ 3502 बेड तैयार किए गए हैं। इसके साथ ही सभी हमीदिया सहित अन्य अस्पतालों में डॉक्टरों की एक विशेष टीम तैयार की जा रही है।

### इंदौर में दो के बाद जबलपुर में महिला मिली पॉजिटिव



जबलपुर में नार्वे से आई 69 साल की एक महिला बुधवार को कोरोना पॉजिटिव आई है। नर्मदा रोड में रहने वाली बुजुर्ग महिला अपनी बेटी के साथ कुछ दिनों पहले नार्वे घूमने गई थी। दो दिन पहले ही जबलपुर पहुंची यह महिला गौरीघाट में अपने घर पर लौटी थी। बीमार पड़ने पर मेडिकल चैकअप किया गया। लक्षण के आधार पर सैंपल लिया गए तो महिला कोरोना पॉजिटिव पाई गई है। महिला मरीज पूर्ण रूप से स्वस्थ है, और घर पर ही आइसोलेट कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग इनकी कांटेक्ट हिस्ट्री तलाश रहा है। ट्रेवल हिस्ट्री ट्रेस कर स्वास्थ्य महकमे को अलर्ट किया गया है।

### प्रदेश में कुल 5407 आईसीयू बेड, 4167 वेंटिलेटर स्टाफ

राजधानी भोपाल में कोरोना के बढ़ते हुए मामले को देखते हुए तैयारियां शुरू हो गई हैं। वर्तमान में कोविड की तैयारियों की बात की जाए तो राजधानी में 1690 आईसीयू बेड हैं। हालांकि 1664 ही फंग्शनल है। वहीं ऑक्सीजन सपोर्ट सिस्टम के साथ 3502 बेड हैं। 2060 स्टॉफ वेंटिलेटर के लिए ट्रेंड किए गए । इसमें से 1812 को कोविड की ट्रेनिंग दी गई है। इतना ही नहीं, 40 में से 38 ऑक्सीजन प्लांट चालू है। इधर, प्रदेश की बात की जाए तो प्रदेश में कुल 5407 आईसीयू बेड, 4167 वेंटिलेटर स्टाफ, 240 पीएसए ऑक्सीजन प्लांट है।

107 दिन से बाल रोग विभाग के आईसीयू में भर्ती थी बच्ची

# एम्स में गुलियन बैरे सिंड्रोम बीमारी से जूझ रही पांच साल की मासूम स्वस्थ,घर लौटी

एक दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल डिसआर्डर है, जिसमें शरीर का इम्यून सिस्टम, जो आमतौर पर बीमारियों से बचाता है और अचानक ही अटैक करना शुरू कर देता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल के बाल रोग विभाग के आईसीयू वार्ड में 107 दिनों के लंबे समय तक रहने के बाद गुलियन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) बीमारी से पीड़ित 5 वर्षीय बच्ची के सफल उपचार के बाद बुधवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।



### दो माह से वेंटिलेटर पर थी

*मासूम बच्ची को बढ़ती कमजोरी, अंगों को हिलाने में असमर्थता और सांस लेने में बढ़ती कठिनाई की शिकायत के बाद बाल रोग विभाग में भर्ती कराया गया था। मासूम को अभी ट्रेकियोस्टोमाइज्ड किया गया है। अब वह अपने हाथ पैरों को हिलाने में भी सक्षम है। अब फिजियोथेरेपी और आउट पेशेंट फॉलो-अप जारी रहेगा। एम्स भोपाल निदेशक डॉ. अजय सिंह ने बताया कि बाल चिकित्सा सर्जरी, ईएनटी और उसके परिवार के साथ मिलकर मेडिकल टीम ने इस सफल परिणाम में महत्वपूर्ण योगदान दिया।*

### क्या है गुलियन बैरे सिंड्रोम

क्या है गुलियन बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) यह एक दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है, जिसमें शरीर का इम्यून सिस्टम, जो आमतौर पर बीमारियों से बचाता है, अचानक शरीर को ही अटैक करना शुरू कर देता है। इसी वजह से इसे ऑटो इम्यून डिसऑर्डर भी कहा जाता है। इस सिंड्रोम से जूझ रहे व्यक्ति को बोलने, चलने, निगलने, मल त्यागने या रोज की आम चीजों को करने में दिक्कत आती है। यह स्थिति समय के साथ और खराब होती जाती है। जीबीएसएक ऐसा विकार है, जिसमें रोगी के शरीर में पहले सिहरन या दर्द होने लगता है और फिर उसके बाद मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं।

वार्ड 26 के बरखेड़ी खुर्द में व्हिस्परिंग पाम के कॉलोनाइजर पर था टैक्स बकाया

# 67 लाख का बकाया कर जमा न होने पर क्लब हाउस की कुर्की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के अंतर्गत वार्ड 26 में स्थित बरखेड़ी खुर्द में व्हिस्परिंग पाम कॉलोनी के कॉलोनाइजर रियलिटी के ऊपर 67 लाख से अधिक टैक्स बकाया होने पर बुधवार को कार्रवाई की गई। निगम की धारा 175 के जारी वारंट में वार्ड प्रभारी व वार्ड के अमले द्वारा कॉलोनाइजर के निर्मित क्लब हाउस पर तालेबंदी की कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि 36 एकड़ की इस



कॉलोनी में बिल्डर द्वारा भूमि का टैक्स नहीं जमा किया गया था। कई बार पत्र लिखने के बाद भी जानकारी नहीं दी गई। उन्हें निरंतर नोटिस देने के बाद आज कुर्की की कार्रवाई की गई। बता दें यह कालोनी एसएस बिल्डर्स के द्वारा काटी गई है।

### बिल्डिंग परमीशन के लिए वार्ड ने जारी कर दी एनओसी

*व्हिस्परिंग पाम कॉलोनाइजर को वार्ड अमले द्वारा पूर्व में भवन अनुज्ञा शाखा लेने बगैर टैक्स जमा किए एनओसी जारी कर दी गई, जिसके बाद इस कॉलोनी में 6-10 हजार स्क्वायर फीट के प्लाट हैं, जिन पर 600 वर्गफीट फीट से ज्यादा के निर्माण की अनुमति नहीं है, लेकिन यहां लोगों ने बड़ी संख्या में अवैध निर्माण किया हुआ है और ऊपर से टैक्स जमा करने में भी आनाकानी की जा रही है।*

## अल मदीना से चिकन लॉलीपाप फेमस से बिरयानी के लिए सैंपल

**भोपाल।** राजधानी में नॉनवेज बेचने वाले रेस्टॉरेंट पर बेचे जा रहे चिकिन आइटम्स की जांच शुरू कर दी गई है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने एक दिन में 7 नॉनवेज रेस्टॉरेंट से एक दर्जन आइटम्स के संपल लिए हैं और लेबोरेटरी भेजा गया है। राजधानी में पहली बार नॉनवेज के सैंपल लिए हैं।

- पहली बार राजधानी में नॉनवेज के लिए सैंपल

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि बुधवार को टीम ने बिट्टन मार्केट वीरा दी हट्टी से चिकन बिरयानी, नेहरु नगर फेमस चिकन बिरयानी से चिकन मुगलई, चिकन तड़का से फिश करी और कलेजी मसाला, दिल्ली जायका से चिकन कोरमा आदि स्थानों से सैंपल कलेक्ट किए हैं।

कलियासोत डैम के 13 शटर के पास जिला प्रशासन की टीम ने की कार्रवाई

आरोपी को लगातार दिए जा रहे थे अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस

# बाघ भ्रमण क्षेत्र से चंदनपुरा से छुड़ाई 81 करोड़ के आवासीय मूल्य की 10.80 हेक्टेयर सरकारी जमीन जमीन, किसान कर रहा था खेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला प्रशासन ने बुधवार को बाघ भ्रमण क्षेत्र चंदनपुरा में तेरह शटर के पास 10.80 हेक्टेयर सरकारी जमीन अतिक्रमणकारियों के कब्जे से मुक्त कराई। इस जमीन का व्यावसायिक मूल्य 129.66 करोड़ व आवसीय मूल्य 81.03 करोड़ रुपए से ज्यादा की है।

जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम पुलिस बल की मौजूदगी में बुधवार को चंदनपुरा गांव में कलियासोत डेम के 13 शटर के पास अतिक्रमण से मुक्त कराने पहुंची। इस जमीन पर जफर नामक किसान ने कब्जा कर रखा था। यह राजस्व की जमीन में दर्ज है। बताया जा रहा है। इससे पहले यह जमीन जफर के नाम थी, लेकिन सीलिंग के बाद यह जमीन राजस्व के खाते में दर्ज हो गई थी। जफर द्वारा उस पर लंबे समय से खेती की जा रही थी। साथ ही उस पर गाय और मवेशी भी पाले जा रहे थे। अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन द्वारा उसे लगातार नोटिस भी दिए जा रहे थे।

### 96 अतिक्रमणों की पहचान

एनजीटी ने कलियसोत डेम के 33 मीटर के दायरे से कब्जे हटाने के निर्देश दिए हैं। इस मामले में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी लगातार जारी है। प्रशासन ने इन अतिक्रमण का सर्वे भी कराया था। इसमें डेम के 33 मीटर के दायरे में 96 अतिक्रमण की पहचान की गई थी। इनमें से 84 सरकारी और निजी जमीन पर अतिक्रमण पाए गए थे। डेम के आसपास सबसे ज्यादा 58 झुग्गियां, 15 अस्थाई डेयरी, 7 मंदिर, 5 रेस्टोरेंट, 4 शेड, एक-एक समाधि, गेमजोन स्कूल, मछली फॉर्म और मकान भी शामिल है। एसडीएम टीटी नगर अंशुल खरे का कहना है कि प्रशासन ने चंदनपुरा के 13 शटर के पास अतिक्रमण कारियों के कब्जे से 10.805 हेक्टेयर सरकारी जमीन मुक्त कराई गई है। इस जमीन का रेसिडेंसियल रेट 81.03 करोड़ रुपए हैं।

### नदी के दायरे में आ रहे अवैध शेड को हटाया

## कलियासोत नदी के 33 मीटर दायरे का दूसरे दिन दो गांवों में सीमांकन

**भोपाल।** एनजीटी के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा कलियासोत नदी के तट से 33 मीटर दायरे का सीमांकन का काम दूसरे दिन बुधवार को जारी रहा। टीम ने बिलखिरिया खुर्द और गुराड़ी घाट से गुजरने वाली नदी का सीमांकन किया। इस दौरान लाल लाइन खींची गई और मुनारें भी पेंट की गई।



बिलखिरिया खुर्द में अतिक्रमण के दायरे में 30 गुना 50 का शेड भी आ रहा था। यह किसान घनश्याम जाटव ने बना रखा था। प्रशासन की टीम ने इसे हटा दिया है। यह कार्रवाई गुरुवार को जारी रहेगी।

### 4 गांवों में एक दिन पहले हुई थी कार्रवाई

इससे पहले टीम ने मंगलवार को बावड़िया कलां, दामखेड़ा, बंजारी और सनखेड़ी से गुजरने वाली नदी का सीमांकन किया था। रेसीडेंसी, सागर प्रीमियम फेस वन और टू, सिग्नेचर 99, जेके अस्पताल, आम्रवेली सहित अन्य इलाके आ रहे हैं। इन इलाकों में कब्जे चिन्हित किए थे।

### चिन्हित किया जा रहा अतिक्रमण

कलियासोत नदी तट से 33 मीटर दायरे का सीमांकन बुधवार को जारी रहा। दो गांवों में सीमांकन किया गया है। अतिक्रमण को चिन्हित किया गया है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**प्रकाश सिंह चौहान**, एसडीएम दक्षिण




# ओडिशा 7 स्वर्ण,12 रजत, 7 कांस्य के साथ ओवरऑल चैंपियन




◆ 34वीं सीनियर केनो स्प्रिंट राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ओडिशा ने जीते कुल 137 पॉइंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय कयाकिंग एवं केनोइंग संघ तथा मप्र कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ के संयुक्त तत्वाधान में स्व. संजीव कुमार सिंह आईपीएस की स्मृति में आयोजित 34वीं सीनियर महिला पुरुष राष्ट्रीय केनो स्प्रिंट चैंपियनशिप के आखिरी दिन 200 मीटर महिला-पुरुष मास्टर्स के फाइनल रेसेस संपन्न कराई गई। भोपाल महापौर मालती राय एवं पार्षद पप्पू विलास राव के ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर उत्साह वर्धन किया, साथ ही साथ महापौर ने सुलभ शौचालय एवं दर्शक दीर्घा बनवाने का आश्वासन दिया। आयोजन समिति की मांग पर महापौर से कयाकिंग एवं कैनोइंग खेल की महापौर ट्रॉफी प्रतियोगिता आयोजित करने का कहा। मुख्य अतिथि पूर्व संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग व पूर्व डीजीपी सीआरपीएफ एसएल थाउसेन के मुख्य आतिथ्य तथा आईपीएस एडीजी आईबी तथा ज्योति सिंह, आयोजन समिति अध्यक्ष आईपीएस जयदीप प्रसाद, बलबीर सिंह कुशवाहा पूर्व भारतीय ओलंपिक संघ एग्जीक्यूटिव मेंबर तथा रीजनल डायरेक्टर भारतीय खेल विकास प्राधिकरण साइ विष्णु सुधाकरण, डीआईजी अमित सिंह आईपीएस आदि उपस्थित हुए।

**वूमन कैटेगरी में केरल ने 9 स्वर्ण, 6 रजत, 3 कांस्य पदकों**

**वूमन कैटेगरी में ओडिशा 6 स्वर्ण, 6 रजत, 3 कांस्य पदकों के साथ बनी**

### 200 मीटर के परिणाम

- केनो सी-2 महिला 200 मीटर में मासूमा यादव और दीपा राजपूत ने रजत पदक जीता।
- केनो सी-4 महिला 200 मीटर में अंजलि, दीपा, परमिंदर और मासूमा ने सिल्वर मैडल जीता।
- कयाक के-4 अक्षित, विशाल, यशु और मनीष ने ब्रांज मैडल पर कब्जाा जमाया।
- केनो सी-1 में पुरुष 200 मीटर में नरेश ने ब्रांज मैडल जीता।
- कयाक के-1 पुरुष 200 मीटर में योगेंद्र टेम्बेरे ने स्वर्ण पदक जीता।
- मप्र ने सभी प्रतियोगिताओं में कुल 24 मैडल जीते, इनमें 2 गोल्ड, 9 सिल्वर व 13 ब्रांज मैडल शामिल हैं।

### बच्चों के सिखाने लाता था, खुद भी सीख गया

चैंपियनशिप के कयाक के-1 पुरुष 200 मीटर में स्वर्ण पदक जीतने वाले योगेंद्र टेम्बेरे ने हरिभूमि को बताया कि वे 2019



से इस खेल को खेल रहे हैं और आज इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर बेहद उत्साहित हैं। राजधानी में जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर योगेंद्र ने बताया कि वे अपने बच्चों को यह खेल सिखाने के लिए छोटे तालाब पर आते थे। जब तक बच्चे यहां सीखते थे, तब तक वे किनारे पर ही खाली उनका इंतजार करते रहते थे। इस बोरियत से ऊबे तो खेल प्रशिक्षकों ने उन्हें सुझाव दिया कि इस खाली वक्त में वे खुद क्यों नहीं सीखते। बस यही बात उन्हें जंच गई और उन्होंने प्रैक्टिस शुरू कर दी। इसके बाद धीरे-धीरे इस खेल में पारंगत हो गए और आज ये दिन आ ही गया जब उन्होंने इस खेल में स्वर्ण पदक हासिल कर लिया।

## जैकेट का शेष

### भाजपा के वरिष्ठ नेता...

किया। उनके प्रस्ताव का समर्थन नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने किया। तोमर मप्र विधानसभा के 19 वें अध्यक्ष चुने गए हैं। वे एक ऐसे अध्यक्ष बने हैं जो पिछले 40 वर्षों के राजनैतिक सफर में पार्षद से लेकर विधानसभा, लोकसभा, राज्यसभा के सदस्य बने। प्रदेश व केंद्र में मंत्री रहे। बुधवार को शुभ मुहूर्त में विधानसभा अध्यक्ष तोमर का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। सोमवार को ही उन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 16 वीं विधानसभा के 19 वे अध्यक्ष बनने पर बधाई व शुभकामनाएं देता हूं। साथ में नेता प्रतिपक्ष सिंघार को भी बधाई देता हूं कि आपके व्यक्तित्व की विशालता है कि सर्वानुमति से निर्वाचन संपन्न हो सका।

### मुख्यमंत्री आज मंत्रियों...

को 20 से 25 मंत्रियों को शपथ दिला दी जाएगी।

### आधे मंत्री पहली...

जा रही हैं। इसके अलावा अभी दो दिन पहले प्रदेश संगठन मंत्री व वरिष्ठ पदाधिकारियों से कई पूर्व मंत्री व वरिष्ठ विधायक प्रदेश भाजपा कार्यालय में मुलाकात की थी। उनसे उनकी प्राथमिकता व अन्य तरह की जानकारी पूछी गई थी। कुछ ऐसे वरिष्ठ विधायक जो मंत्री पद के लिए लॉबिंग कर रहे थे, उनके खिलाफ आई शिकायतों के बारे में उन्हें बता दिया गया था। उन्हें कुछ संकेत भी दे दिए गए थे। अब चूंकि दावेदारों का पूरा रिकॉर्ड तैयार हो गया है। इसे लेकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव नई दिल्ली जा रहे हैं। वहां से स्कूटनी के बाद मंत्रिमंडल को फाइनल कर दिया जाएगा। उधर, सामान्य प्रशासन विभाग ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली है। जैसे ही मंत्रिमंडल के विस्तार की सूचना आएगी, उसी समय बाकी तैयारी पूरी कर आमंत्रण पत्र छपवाकर अंतिथियों को आमंत्रित किया जाएगा।

### विधानसभा में महापुरुषों...

एक समिति बनाई जाएगी जो तय करेगी कि किन महापुरुषों की फोटो कहां लगाई जाना है। सत्तापक्ष के कैलाश विजयवर्गीय ने रावत के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए इसके लिए समिति बनाने का सुझाव दिया था। चर्चा के दौरान दोनों पक्ष इतना हंगामा करते रहे कि कहीं कुछ सुनाई ही नहीं दे रहा था।

### बिना काम का हूं...

कि विधानसभा चलता रहे। सदन जितना चलेगा, उतने ही जनहित के काम होंगे। मुझे उम्मीद है कि विधानसभा उच्चतम गरिमा हासिल करेगी। दरअसल, पत्रकार अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से मिलने के लिए उनके चैंबर के पास ही हॉल में बैठकर इंतजार कर रहे थे। इस दौरान अध्यक्ष व्यस्तता की वजह से नहीं आ पाए, पर विजयवर्गीय आए गए। पत्रकारों के एक साथ कई सवाल दागने पर उन्होंने कह दिया कि मैं बिना काम का इस समय हूं। बारी बारी से जितना सवाल पूछना हो, पूछ लिजिए सभी का जवाब दूंगा। इसके बाद उन्होंने कई सवालों के जवाब दिए। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पिछले सत्र में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का चित्र लग गया है। अब उसे हटाना भी अपमान होगा। इसलिए अध्यक्ष ने महापुरूषों के चित्र लगाने को लेकर समिति गठित कर दी है। समिति का जो निर्णय होगा, उसी अनुसार चित्र भी लगा दी जाएगी।

### जातिगत गणना के...

में अच्छा नहीं है। एक समाचार चैनल से बातचीत में गाडगे ने कहा कि हमें लगता है कि जाति आधारित जनगणना नहीं होनी चाहिए, क्योंकि ऐसा करने का कोई कारण नहीं है। जाति आधारित जनगणना करके हमें क्या हासिल होगा? यह गलत है। उन्होंने कहा कि हमारा स्पष्ट रुख है कि कोई असमानता, शत्रुता या झगड़ा नहीं होना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी श्रीधर गाडगे के जाति आधारित जनगणना पर सवाल उठाने के बाद कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि संघ नहीं चाहता कि पिछड़े वर्ग के लोग प्रगति करें। विधानसभा में विपक्ष के नेता वडेट्टीवार ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए राष्ट्रव्यापी जाति गणना का विरोध करना स्वाभाविक है। विदर्भ सह-संघचालक गाडगे ने नागपुर में संवाददाताओं से कहा कि इस तरह की कवायद से कुछ लोगों को राजनीतिक रूप से फायदा हो सकता है, क्योंकि इससे यह डेटा मिलेगा कि किसी निश्चित जाति की आबादी कितनी है, लेकिन यह सामाजिक रूप से और राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में अच्छा नहीं है।

### साय ने छोड़ा कांग्रेस का...

बघेल की मौजूदगी में कांग्रेस की सदस्यता ली थी। भाजपा का दामन छोड़ने के बाद उन्होंने अपने एक बयान में पार्टी पर जमकर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि वो अटल बिहारी वाजपेयी और लाल कृष्ण आडवाणी जैसे लोगों के साथ रहे हैं, लेकिन अटल आडवाणी के दौर की को जो भाजपा थी, अब पार्टी का वह रूप नहीं रह गया है।

## पेज एक का शेष

### भोपाल में सीजन की,...

बुधवार को भोपाल, बैतूल, धार, दतिया, गुना, ग्वालियर, खंडवा, खरगोन, पचमढ़ी, रायसेन, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, मंडला, खजुराहो, नौगांव, रीवा, सागर, सतना, सीधी, उमरिया और मलाजखंड आदि जिलों में रात का पारा 10 डिग्री के नीचे रहा है। भोपाल सहित एक दर्जन जिलों में न्यनूतम पारा 7 से 9 डिग्री के बीच रहा।

### हिमाचल में ...

नदियां जम रही हैं। कुछ इलाकों के पाइप लाइन्स में पानी जमने से वाटर सप्लाई ठप है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर भारत के ज्यादातर शहरों में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस से नीचे है।

### राजद्रोह कानून खत्म,,...

6-6 साल जेल में रहे। वह कानून अब तक चलता रहा। मैंने राजद्रोह की जगह उसे देशद्रोह कर दिया है। क्योंकि अब देश आजाद हो चुका है, लोकतांत्रिक देश में सरकार की आलोचना कोई भी कर सकता है। अगर कोई देश की सुरक्षा, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का काम करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। अगर कोई सशस्त्र विरोध करता है, बम धमाके करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी, उसे आजाद रहने का हक नहीं, उसे जेल जाना ही पड़ेगा। कुछ लोग इसे अपनी समझ के कपड़े पहनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन मैंने जो कहा उसे अच्छी तरह समझ लीजिए। देश का विरोध करने वाले को जेल जाना होगा।

### मोदी ने फोन कर कहा-20 ...

हैं लेकिन उनकी अभिव्यक्ति शिष्ट और सम्मानजनक रूप में होनी चाहिए। वहीं,उपराष्ट्रपति ने जानकारी दी कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से टेलीफोन आया है जिसमें उन्होंने कुछ सांसदों की अभद्र नाटकीयता पर दुख व्यक्त किया है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें बताया कि वह भी पिछले बीस वर्षों से इस तरह के अपमान का सामना कर रहे हैं लेकिन सच्चाई ये है कि भारत के उपराष्ट्रपति जैसे संवैधानिक पद के साथ संसद भवन में ऐसा होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### जबलपुर हाईकोर्ट ने दिया...

डीजीपी को निर्देश दिया है कि ग्रेडेशन लिस्ट 2014 के याचिकाकर्ता पुलिस अधिकारी एआईजी राजेंद्र कुमार वर्मा को वरिष्ठता प्रदान करें। इसके साथ ही कोर्ट ने शासन के आदेश को भी निरस्त कर दिया। कोर्ट ने साफ कहा है कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा में भोपाल में तैनात अजय पांडे और उस समय के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जबलपुर डॉ. संजय कुमार अग्रवाल को राजेंद्र कुमार वर्मा से कनिष्ठ क्रम में रखें। कोर्ट ने राजेंद्र कुमार वर्मा को वरिष्ठता के सभी लाभ भी देने के निर्देश दिए हैं।

### एक महीने के भीतर जमा...

*जुर्माने की राशि जमा नहीं कराने पर रजिस्ट्रार जनरल उसकी वसूली की कार्रवाई करेंगे और इसे कोर्ट का अवमानना माना जाएगा?*

### ये है मामला...

वर्मा की वरिष्ठता को दरकिनार कर दोनों जूनियर अफसरों को वरिष्ठता सूची में वरीयता दे दी गई थी, जिसे राजेंद्र वर्मा ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। **नजीर बन जाएगा ये फैसला:** इस फैसले को एक मामले तक नहीं देखा जा सकता है। दरअसल, कोर्ट के पुराने फैसले को आगे के मामले में नजीर के तौर पर पेश किया जाता है। ऐसे में आगे भी किसी मंत्रालय के लिए अपने चहेते जूनियर अफसर को वरिष्ठ बनाना आसान नहीं होगा। अब इस फैसले के आधार पर आगे के ऐसे फैसलों को चुनौती दी जा सकेगी।

### इंदौर-जबलपुर में...

जिला इकाई के नोडल अधिकारी डॉक्टर अमित मालाकार ने बताया कि इंदौर में एक 33 साल की महिला और 38 साल का पुरुष कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। मालाकार ने कहा कि महिला 13 दिसंबर को कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई थी और तब से वह घर में ही सात दिनों तक क्वारेंटाइन रही। जबकि पुरुष में संक्रमण का पता 18 दिसंबर को चला।

### पूरे देश में 21 ...

मंगलवार (19 दिसंबर) को कोरोना के 500 मामले आए। बीते दो हफ्ते में कोविड से 16 लोगों की मौत हुई है। सब वेरिएंट का पहला केस अगस्त के महीने में लक्जमबर्ग में आया था। पिछले 24 घंटों में केरल में 292, तामिलनाडु में 13, महाराष्ट्र में 11, कर्नाटक में 9, तेलंगाना और पुडुचेरी में 4 मामले आए हैं. दिल्ली और गुजरात में 3 और पंजाब और गोवा में 1 मामला है। गौर हो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन सब वैरिएंट को 'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' करार दिया था। इससे वैश्विक जनस्वास्थ्य के लिए ज्यादा खतरा नहीं है।

### कोरोना की आहट....

फीसदी की तेजी के साथ 21,453.10 अंक पर बंद हुआ था।

**उतार-चढ़ाव देखने को मिला:** शेयर बाजार में बुधवार को भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। सुबह हरे निशान पर कारोबार करने के साथ ही बाजार के दोनों इंडेक्स तूफानी तेजी से नए शिखर पर पहुंच गए थे। सेंसेक्स 450 अंकों की तेजी के साथ ऑल टाइम हाई 71,913 के स्तर पर पहुंच गया था। लेकिन कारोबार के आखिरी घंटे में अचानक से बाजार धड़ाम हो गया। ऐसा ही हाल निफ्टी का भी रहा। सुबह शुरुआत कारोबार के दौरान निफ्टी 21,593 के लेवल पर पहुंच गया था। यह इसका 52 वीक का हाई है। कारोबार के अंतिम समय में सेंसेक्स ने 900 अंकों से ज्यादा का गोता लगाया। वहीं निफ्टी में भी दो सौ अंकों से ज्यादा की गिरावट आई।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील - कोलार, भोपाल**

क्रमांक- RS/444/0766/14534/2023

-: इश्तहार :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण में आवेदक राजधर शर्मा आत्मज तीरथ प्रसाद निवासी कोलार रोड भोपाल के द्वारा ग्राम देहरीकला खसरा क्र. 25/1/2, 25/2, 26/3/1 क्षेत्रफल 1100 वर्गफिट के अंश भाग का पंजीकृत विक्रय पत्र/फौती नामांतरण के आधार पर नामांतरण किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के पश्चात् आगामी पेशी दिनांक 22/12/2023 तक न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 13/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुदा से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार, तहसील-कोलार जिला-भोपाल**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील -कोलार,भोपाल**

प्रकरण क्रमांक- 2428/अ-6/2023-24

:: उदघोषणा पत्र ::

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तनमोय घोष आत्मज शिशिर घोष निवासी मिसरोद म.प्र.भू .रा. की संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत कर नामांतरण, ग्राम मिसरोद प.ह.न.- 23 स्थित भूमि खसरा नं. 324/6, 324/1/2 अंश भाग स्थित फ्लेट नं. 403 ब्लॉक बी, क्षेत्रफल 43.45 वर्गमीटर भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलखो में आवेदक के नाम किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह 28/12/2023 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है । समयावधि पश्चात् किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उदघोषणा पत्र आज दिनांक 13/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार, तहसील-कोलार जिला-भोपाल**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल** | रेडी फॉर पजेशन

MP Online Help Line 0755-6720200

**भोपाल शहर के बीच**
**उत्सव परिसर अरविन्द विहार बागमुगालिया एम्स अस्पताल के पास, प्रकोष्ठ भवनों को ऑफर के माध्यम से क्रय करने का सुनहरा अवसर**
**(जहां है, जैसी है स्थिति में एकमुश्त आधार पर विक्रय)**
**''रेरा अधिनियम लागू होने के पूर्व निर्मित संपत्ति''**

ई-ऑफर दिनांक 10.01.2024 (रात्रि 23:59 बजे तक आमंत्रित)

उत्सव परिसर बागमुगालिया भोपाल

| प्रकार | तल | संख्या | भवन क्रमांक | प्लिंथ एरिया (वर्ग मी.) | अपसेट मूल्य (रु. लाख) | धरोहर राशि (रु. लाख) | आवेदन शुल्क (रुपये/जीएसटी सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उत्सव परिसर HIG A TYPE | तृतीय | 1 | 17 | 112.50 | 28,40,000/- | 5,68,000/- | 2360/- |
| HIG A TYPE | चतुर्थ | 1 | 21 | 112.50 | 28,40,000/- | 5,68,000/- | 2360/- |
| HIG A TYPE | पंचम | 4 | 25, 26, 49 & 52 | 112.50 | 28,40,000/- | 5,68,000/- | 2360/- |
| HIG A TYPE | षष्टम | 5 | 29, 53, 54, 55 & 56 | 112.50 | 28,40,000/- | 5,68,000/- | 2360/- |

**नोट :** (1) संपत्ति के ऑफर स्वीकृति उपरांत ऑफरकर्ता द्वारा ऑफर निरस्त कराने पर धरोहर राशि की 50 प्रतिशत राशि जब्त कर ली जावेगी। ऑफर प्रस्तुत करने के पूर्व स्थल/संपत्ति का अवलोकन कर लें। शासन/मण्डल द्वारा निर्धारित लीजरेन्ट एवं संपत्ति के मूल्य का 5% कार्पस फंड एवं अन्य कर/शुल्क पृथक से देय होंगे। (2) आवेदन फार्म का मूल्य एवं धरोहर राशि ONLINE/RTGS से जमा होगी। (3) रजिस्टर्ड मोबाइल पर BID-ID जमा होगी। (4) मण्डल/शासन के नियम/शर्त लागू। (5) आवेदन/धरोहर राशि जमा करने की **अंतिम तिथि 10.01.2024 रात्रि 11.59 बजे तक।** (6) ऑफर डालने की **अंतिम तिथि 11.01.2024 सायं 5.00 तक।** (7) ऑफर दिनांक 12.01.2024 को सायं 3.00 बजे खोले जावेंगे। (8) योजना की विस्तृत जानकारी वेबसाइट **www.mphousing.in** पर उपलब्ध।

**संपर्क : एल.के. बाटले (संपदा अधिकारी, प्रक्षेत्र-2, भोपाल) मो. 9406912025, रविन्द्र अम्बाडकर (सहायक यंत्री) मो. 9406912055 (बागमुगालिया हेतु), संतोष चतुर्वेदी (उपयंत्री) मो. 9406912066 (बागमुगालिया हेतु), श्रीमती राजकुमारी मालयान (संपदा प्रबंधक) मो. 9826853657, आर.एस.यादव (सहायक संपदा प्रबंधक) मो. 9993829251**

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।

Follow us on /mphidb /mphidb

Visit us : www.mphousing.in

म.प्र. माध्यम/112879/2023

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

**हरिभूमि क्लासीफाइड**

संपर्क सूत्र : 9407279644



## राशिफल

**मेष:** मन परेशान हो सकता है। कारोबार में अभी कठिनाइयां बनी रहेंगी। सचेत रहें। कोई नया निवेश करने से बचें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में संयत रहें। कारोबार विस्तार के लिए परिवार से आर्थिक सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन:** मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क:** किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में विदेश यात्रा पर जा सकते हैं।

**सिंह:** आत्मविश्वास में कमी आएगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या:** मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। मन अशान्त रहेगा। संयत रहें। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**तुला:** मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां तो रहेंगी, लेकिन परिश्रम भी अधिक रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक:** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**धनु:** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु अतिउत्साही होने से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर:** क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मीन:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

**Medical Help Line**

विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

स्वयं की वर्षो की रिसर्च 100% कारागर इलाज



**सफेद दाग CURE CENTRE**

Timing 10:30 am to 8:00 pm

Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC

कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131

5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

**आवश्यकता**

!!नववर्ष नौकरी सुनहरा अवसर!! आयुर्वेदिक कंपनी में शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़के- लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम / फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं अपना रोजगार बढ़ाएं (जरूरमंद लोग ही Whatsapp / कॉल करें) NOC-2150/- +91 85830 47417

B- 22/12 to 26/12/23

**CHANGE OF NAME**


I kamalakshi w/o Army No. 14844599W Rank - Nayak Name Arjun Neginal Residing at village kallapur Post Shirasangi Tehsil Savadatti District Belagavi State Karnataka Pin Code - 591126 have changed my name from KAMALAKSHI to KAMALAKSHI NEGINAL Vide affidavit dated 12/12/2023 at Bhopal Court Madhya Pradesh.

**हरिभूमि**
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में @Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2022 से लागू

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यवस्थापक

## शब्द पहेली - 5370



**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा,रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी,कमला-2
13. ध्वनिहीनता,शांति-4
14. देवता,देव-2
16. प्रणाम,नमस्कार-3
18. रुधिरहीन,कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला,ईश्वर-5
24. प्रेम,चाहना-3
26. वन,अरण्य,जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल,मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा,सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह,प्रातःकाल-2
37. जोकर,विदूषक-4
38. संन्यासी,साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता,बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर,निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट,खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म,दुष्कर्म-4
20. गाड़ी,यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार,व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर,काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा,आनंद-2
36. भोगने वाला,कामी-2

### शब्द पहेली - 5369 का हल



## सूडोकू नवताल - 5380

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5379 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## खबर संक्षेप



### महिंद्रा की एक्सकॉन की बीएसवी रेंज लांच

**बेंगलुरू।** महिंद्रा ग्रुप की सहायक कंपनी महिंद्रा'ज ट्रक एंड बस डिवीजन और कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट डिवीजन ने नवाचार और विश्वसनीयता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए एक्सकॉन 2023 में अपनी नवीनतम पेशकश लांच की। नया टिपर महिंद्रा ब्लेजो एक्स एम-ड्युरा और विनिर्माण उपकरणों की नई सीईवी5 रेंज उद्योग के नवीनतम मानकों को नए सिरे से प्रभावित करने के लिए तैयार है।

### प्रामेरिका लाइफ ने दो अवॉर्ड जीते

**नई दिल्ली।** प्रामेरिका लाइफ



इंश्योरेंस भारत की सबसे तेज वृद्धि करने वाली लाइफ इंश्योरेंस कंपनी दो प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए हैं जो नवोन्मेष व ग्राहक सेवा के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंपनी ने बंगलौर में आयोजित प्रतिष्ठित अमेज़न एआई कान्क्लेव 2023 में एडब्लूएस इंटरप्राइज श्रेणी में एआई,एमएल मार्केट डिसरप्टर आफ द ईयर अवार्ड जीता और मुंबई में संपन्न एसोचैम के 15 वें ग्लोबल इंश्योरेंस समिट एवं अवाड्‌र्स में मूमेंट आफ ट्रुथ (क्लेम एक्सपीरियंस )-लाइफ इंश्योरेंस अवार्ड में रनर अप रहीं।

### एक्सिस बैंक प्रिविलेज क्रेडिट कार्ड लांच

**मुंबई।** एक्सिस बैंक ने अमेरिकन एक्सप्रेस नेटवर्क पर एक्सिस बैंक प्रिविलेज क्रेडिट कार्ड के लांच कर अमेरिकन एक्सप्रेस के साथ अपनी



रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के साथ एक्सिस बैंक के ग्राहक अब अमेरिकन एक्सप्रेस नेटवर्क के स्थानीय और वैश्विक लाभों का आनंद ले सकते हैं। एक्सिस बैंक प्रिविलेज क्रेडिट कार्ड पर कई आकर्षक लाभ उपलब्ध हैं, जैसे 5000 रुपए का एक्टिवेशन बेनिफिट और प्रति कैलेंडर तिमाही में दो मानार्थ (कॉम्प्लेमेंटरी) घरेलू लाउंज का उपयोग।

---

छात्रों ने चंद्रयान प्रक्षेपण का सुंदर मॉडल प्रस्तुत किया

# सेंटपॉल स्कूल में 'स्पेक्ट्रम गैलेरिया', कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक ऐसा मंच है, जहां छात्र अपनी ललित कला के साथ विभिन्न वैज्ञानिक सिद्धांतों को वैज्ञानिक मॉडलों के माध्यम से समझता है। ऐसा ही एक मंच मिला बुधवार को सेंटपॉल्स को-एड विद्यालय आनंद नगर के छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का। विद्यालय के प्रांगण में कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी 'स्पेक्ट्रम गैलेरिया' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विशिष्ट अतिथि फादर बाबू जॉन, फादर डॉक्टर सिरिल जोसेफ प्रोविंशियल भोपाल एवं प्राचा फादर जयसन, शाला प्रबंधन फादर सेबेस्टियन ने बैंड की मधुर ध्वनि के बीच मुख्य अतिथि गुलशन बामरा की अगवानी की । सभी अतिथियों का स्वागत बालवृक्ष से किया गया। शाला के नौनिहालों तथा छात्राओं के द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई जिसने समा बांध दिया। विद्यालय की ओर से शाला के शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपलब्धियाओं को बताया गया। विशेष अतिथि फादर बाबू ( सीएमआई एजुकेशन बोर्ड) ने अपने वक्तव्य में प्रदर्शनी को अनुभवजन्य शिक्षा का उदाहरण बताया। प्रोविंशियल फादर सीरिल ने प्रदर्शनी को छात्रों का समाज के प्रति अपना योगदान बताया। मुख्य अतिथि गुलशन बामरा (आईएएस प्रमुख सचिव पर्यावरण, पशुपालन, डेयरी विभाग मध्यप्रदेश शासन) ने उपस्थित जन समूह को कार्बन के उत्सर्जन को रोकने के उपाय बताते हुए बच्चों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होने के लिए प्रोत्साहित किया।





### छात्रों ने दिया प्रेम के साथ संरक्षण की भावना का संदेश

सेंटपॉल पीआरओ मीना जैन ने बताया कि'स्पेक्ट्रम गैलेरिया के पहले चरण में नन्हे मुन्ने बच्चे जानवरों के भेष में जंगल में घूमते हुए मानव प्रकृति एवं जानवरों के बीच संतुलन बनाए रखने एवं प्रेम के साथ संरक्षण की भावना का संदेश दे रहे थे। विज्ञान वर्ग के छात्रों द्वारा समुद्र में फैले प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने, मिट्टी जल एवं वायु, प्रदूषण कम करने के सुझाव, फैक्ट्रियों की गंदी हवा को शुद्ध करने एवं फैक्ट्री से निकलने वाले गंदे पानी को उपयोगी बनाने के साथ ठोस गंदगी से बिजली निर्माण, वनों का संरक्षण एवं पुनर्निर्माण, चिपको आंदोलन को चलित मॉडलों द्वारा दर्शाया गया। चंद्रयान प्रक्षेपण का सुंदर मॉडल प्रस्तुत किया गया। शाला के वाणिज्य संकाय के छात्रों ने सन 1947 से लेकर सन 2050 तक देश की आर्थिक व्यवस्था का नेतृत्व करने वाले विभिन्न बैंकों की कार्यप्रणाली को प्रदर्शित किया। मानसिक विकारों एवं गुत्थियों को पहचान कर सही मार्गदर्शन से उनका निवारण

### आज के दौर में कला समाज का एक जरूरी हिस्सा : फादर

प्राचार्य फादर जयसन ने इस दौर में कला और विज्ञान को एक दूसरे का पूरक बताते हुए कहा कि आज के दौर में कला समाज का एक जरूरी हिस्सा है, लेकिन विज्ञान भी समाज की आवश्यकता है । यह प्रदर्शनी छात्रों के बीच टीमवर्क और सहयोग की क्षमता बढ़ाने का बेजोड़ उदाहरण है। उन्होंने प्रदर्शनी की सफलता का श्रेय अध्यापकों और छात्रों के बीच अद्भुत सामंजस्य और सकारात्मक परिश्रम को बताया। प्रदर्शनी में आए लोगों ने बच्चों की कलाकृतियों एवं मॉडलों के जमकर सराहना की।

---

*हरी सब्जियों की आवक बढ़ी, दालों में मांग हुई कमजोर*

# तुअर दाल में आ गई 10 से 12 रु. किलो की गिरावट

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

हरी सब्जियों की आवक खूब होने के साथ ही कीमतें काफी घटने से दालों में ग्राहकी बेहद सुस्त बनी हुई है, जिसके चलते मिलर्स की दलहन में खरीदारी कमजोर है। यही वजह है कि ज्यादातर दलहन की कीमतों मे एकतरफा गिरावट का वातावरण बना हुआ है। स्टॉकिस्ट स्टाक हल्का करने में जुट गए है,जिससे मंदी को सपोर्ट मिल रहा है। स्थानीय हनुमानगंज, जुमेराती के थोक कारोबारियों में अनुसार तुअर सहित अन्य दालों के भाव काफी घट गए है।

हनुमानगंज स्थित चावल-दाल के थोक कारोबारी और भोपाल थोक व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष ईश्वर दास संगतानी के अनुसार तुअर दाल के भाव 10 से 12 रुपए प्रति किलो घट गए है। स्थानीय थोक जिंस बाजार हनुमानगंज में तुअर दाल 13800 से 15000 रुपए क्विंटल क्वालिटीनुसार हो गए हैं तो दूसरी दालें 400 से 500 रुपए क्विंटल की गिरावट है। थोक बाजार में चना दाल 6700 से 7100 रुपए, मूंग दाल 9700 से 10000 रुपए , मूंगधुली दाल 10300 से 11000 रुपए, उड़द दाल धुली 11000 से 12000 रुपए, उड़द दाल छिलका 10800 रुपए 11200 रुपए और मसूर दाल 6700 से 7300 रुपए क्विंटल के भाव बोली जा रही है।

स्थानीय व्यापारियों के अनुसार कुछ राज्यों में नए चने की दस्तक हो चुकी है, जिससे चने में मिलों की लेवाली बेहद कमजोर होने से चना कांटा का भाव घट गया। जानकारों के अनुसार कर्नाटक में नई तुअर की आवक धीरे-धीरे बढने लगी है। इसके साथ ही महाराष्ट्र के लातूर में भी नई तुअर की आवक अब शुरू हो गई है।

कर्नाटक में नई तुअर की आवक धीरे-धीरे बढ़ने लगी



### तुअर की पाइपलाइन खाली

इसके चलते स्टॉकिस्टों की बिकवाली जोरों पर चल रही है जिससे तुअर के दाम रोजाना धीमी गति से टूटते जा रहे है। राजधानी भोपाल तुअर के दाम करीब 100-200 रुपए तक घटाकर बोले गए। तुअर महाराष्ट्र सफेद 9800-10000, कर्नाटक 9800-10000 रुपए प्रति क्विंटल रह गई। व्यापारियों का कहना है कि अच्छी क्वालिटी की तुअर की पाइपलाइन खाली है और अब जल्द ही मिलर्स की मांग बाजारों में आ सकती है। इससे तुअर के दामों में ज्यादा मंदी की गुंजाइश कम नजर आ रही है। मूंग और उड़द में कारोबार सामान्य रहा। भाव में कोई खास परिवर्तन नहीं रहा।

---

रेफरी स्टेटस रिफाइनर होने का विशिष्ट दर्जा प्राप्त

# मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने की रैंड रिफाइनरी से साझेदारी





मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स, एमडी– इंटरनेशनल ऑपरेशंस, शामलाल अहमद, दीन सुब्रमण्यन (सीएफओ – रैंड रिफाइनरी) और मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में प्रवीण बैजनाथ (सीईओ – रैंड रिफाइनरी) से 100 प्रतिशत ट्रेस करने योग्य और नैतिक रूप से प्राप्त 'रैंडप्योर' गोल्ड की पहली शिपमेंट प्राप्त करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

प्रमुख आभूषण खुदरा विक्रेता मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने 100 प्रतिशत ट्रेस करने योग्य रैंडप्योर सोना प्राप्त करने के लिए दुनिया की प्रमख गोल्ड एंड सिल्वर रिफाइनर कंपनियों में से एक रैंड रिफाइनरी के साथ साझेदारी की है। मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स, एमडी-इंटरनेशनल ऑपरेशंस, शामलाल अहमद, दीन सुब्रमण्यन (सीएफओ - रैंड रिफाइनरी) और मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में, प्रवीण बैजनाथ (सीईओ - रैंड रिफाइनरी) से 100 फीसदी ट्रेस करने योग्य और नैतिक रूप से प्राप्त रैंडप्योर' गोल्ड की पहली शिपमेंट प्राप्त की।

लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन (एलबीएमए) द्वारा मान्यता प्राप्त, रैंड रिफाइनरी को दक्षिणी गोलार्ध में एकमात्र रेफरी स्टेटस रिफाइनर होने का विशिष्ट दर्जा प्राप्त है। उन्होंने 100 प्रतिशत ट्रेस करने योग्य और प्रमाणित रैंडप्योर गोल्ड के उत्पादन के प्रति अपने समर्पण के माध्यम से उद्योग मानकों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पूरी तरह से नैतिक तरीकों से प्राप्त रैंडप्योर' गोल्ड , पूरी तरह से ट्रेस करने योग्य उत्पत्ति का दावा करता है।

### आश्वासन का प्रमाणपत्र होता

रैंड रिफाइनरी की सिक्योरिटीज एक्सचेंज-सूचीबद्ध खदानों से विशेष रूप से प्राप्त, कच्चे माल को एक समर्पित प्रोडक्शन लाइन में प्रोसेसिंग से गुजरना पड़ता है। रैंडप्योर गोल्ड के प्रत्येक बैच पर एक विशिष्ट रैंडप्योर' गोल्ड चिन्ह और आश्वासन का प्रमाणपत्र होता है, जो ग्राहकों को कच्चे माल के बारे में आवश्यक विवरण प्रदान करता है, जिसमें इसके मूल देश, खनन अवधि, संघर्ष-मुक्त प्रकृति और बहुत कुछ शामिल है। स्थिरता और जिम्मेदार व्यवसायिक प्रथाओं ने मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स में हमारे संचालन का मूल आधार बनाया है। मालाबार समूह के अध्यक्ष, एमपी अहमद ने कहा कि रैंड रिफाइनरी के साथ हमारे सहयोग और रैंडप्योर सोने की खरीद के माध्यम से हम सख्त उद्योग मानदंडों को पूरा करने वाले गोल्ड को चुनकर जिम्मेदार और नैतिक सोर्सिंग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि कर रहे हैं।

---

# मंडियों में अप्रैल से नवंबर तक हुई 283.14 लाख मीट्रिक टन कृषि उपजों की आवक

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड की मासिक वीडियो कांफ्रेंसिंग समीक्षा बैठक प्रबंध संचालक सह आयुक्त श्रीमन शुक्ला की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। बैठक में 259 मंडी के सचिव और प्रतिनिधि, 7 संभागों के संयुक्त संचालक, 13 तकनीकी संभागों के कार्यपालन यंत्री उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में अप्रैल से नवंबर 2023 की कृषि उपजों की आवक की समीक्षा की गई। जो कि 283.14 लाख मीट्रिक टन है गत वर्ष इसी अवधि में 265.51 लाख मेट्रिक टन थी,जो 7 फीसदी अधिक है।

### मंडी के सचिवों को कारण बताओ नोटिस

कुछ मंडियों में अनुपातिक रूप से आवक में कमी प्रदर्शित हुई है। उक्त मंडी के सचिवों को कमी के कारण बताने के लिए निर्देश दिए गए हैं जिसमें मुख्य रूप से पिपरिया, इटारसी, सिहोर, बरेली, विदिशा, नागोद,बनापुरा, बैतूल,आष्टा, इंदौर, दमोह, छिंदवाड़ा, धामनोद, मंदसौर, शुजालपुर, जावरा, सतना आदि मंडी के सचिवों को तत्काल आवक में कमी के कारणों को स्पष्ट करने के निर्देश दिए गए साथ ही आवक में कमी वाली मंडियों के निरीक्षण तथा अवैध व्यापार पर नियंत्रण करने के निर्देश सभी संयुक्त संचालकों को दिए गए।

---

सार्वजनिक पेशकश

# सुप्रीम पावर इक्विपमेंट का आईपीओ आज खुलेगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



बिजली और वितरण ट्रांसफार्मर विनिर्माण उद्योग में कार्यरत कंपनी सुप्रीम पावर इक्विपमेंट लिमिटेड (एसपीईएल) ने 21 दिसंबर 2023 को अपना आईपीओ सार्वजनिक पेशकश करने की अपनी योजना की घोषित की है। कंपनी इस आईपीओ के माध्यम से ऊपरी बैंड मूल्य पर 46.67 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य लेकर चल रही है, जिसमें शेयर एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होने के लिए तैयार हैं। इश्यू का आकार 10 रुपए के अंकित मूल्य पर 71,80,000 इक्विटी शेयरों तक है। शेयरआईपीओ से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं, कार्यशील पूंजी की जरूरतों और सामान्य कॉर्पोरेट खर्चों के लिए किया जाएगा। एंकर भाग के लिए बोली बुधवार को खुले गई ।

---

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी ग्रुप में हैकथॉन का शुभारंभ




**भोपाल।** एलएनसीटी ग्रुप रायसेन रोड में पांच दिवसीय स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन हार्डवेयर एडिशन 2023 का शुभारंभ डॉ.इलांगोवन करियप्पन सहायक नवाचार निदेशक शिक्षा मंत्रालय नवाचार सेल एआईसीटीई भारत सरकार, राहुल दहिया समन्वयक एमआईसी भारत सरकार, डॉ.अनुपम चौकसे सचिव एलएनसीटी समूह, चांसलर जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी एवं प्रो.चांसलर एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, शिक्षाविदों और उद्यमियों की उपस्थिति में हुआ। डॉ.अनुपम चौकसे ने पूरे देश से आए प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा की प्रति वर्ष एसआईएच लाखों छात्रों को प्रभावित कर रहा है और उन्हें वास्तविक दुनिया की समस्या समाधान में अपनी शैक्षणिक ज्ञान का परीक्षण करने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करता है।

### आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस का नया बीमा प्लान एक्टिव वन लांच



**भोपाल।** वित्तीय सेवा प्रदाता कंपनी आदित्य बिड़ला कैपिटल की स्वास्थ्य बीमा शाखा आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एबीएचआईसीएल) ने एक सरल और व्यापक स्वास्थ्य बीमा सॉल्यूशन एक्टिव वन को लांच की घोषणा की है। यह प्लान अपने पॉलिसीधारकों को उनकी स्वास्थ्य बीमा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष समाधानों के साथ सशक्त बनाता है और साथ ही उन्हें स्वस्थ रहने में भी सहायता करता है। इनमें प्रमुख हैं- 100 प्रतिशत हेल्थरिटर्स, क्लेम प्रोटेक्ट, नो सब-लिमिट्स, सुपर रीलोड और सुपर क्रेडिट जैसी विशेष सुविधाएं।

### कैट का राष्ट्रीय महिला व्यापारी सम्मेलन इतिहास के पन्नों में हुआ दर्ज



**भोपाल।** कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के तत्वावधान में झांसी में आयोजित सृजन राष्ट्रीय महिला व्यापारी सम्मेलन ने इतिहास रचा, 25 राज्यों की महिला एवं उद्यमी व्यापारी प्रतिनिधियों ने लिया भाग, व्यापार एवं उद्योग के माध्यम से देश को बनाएंगे फिर से सोने की चिड़िया ऐसा संकल्प लिया। कार्यक्रम में कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया और प्रवीण खंडेलवाल ने कहाकि महिलाओं को एकजुट होकर आगें आने का समय आ गया है, इसलिए महिला सशक्तीकरण के लिए आवश्यक है आर्थिक रूप से स्वावलंबी होना आज हर क्षेत्र में महिलाएं पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आंगे बढ़ रही है। इसलिए आप सबसे भी अनुरोध है कि शिक्षित व एकजुट होकर हर क्षेत्र में आगें बढ़ शासन द्वारा चलाई जा रही महिला सशक्तीकरण की योजनाओं का लाभ ले एवं अपनी अन्य बहनो को भी इसका लाभ दिलाए। विभिन्न क्षेत्रों से आई महिला उद्यमियों ने स्टॉल्स के माध्यम से अपनी कला की प्रदर्शनी भी लगाई। कार्यक्रम में भोपाल से भी बड़ी संख्या में महिला उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष भूपेंद्र जैन, संयुक्त अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा एवं महिला जिला प्रमुख मंजरी श्रीवास्तव शामिल हुए।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ने किया बीएसई और एनएसई पर ईटीएफ के प्रतीक-चिन्ह में बदलाव

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड (फंड) ने बीएसई और एनएसई पर अपने ईटीएफ प्रोडक्ट के प्रतीक-चिन्ह में बदलाव की घोषणा की है, ताकि निवेशक फंड की ईटीएफ योजनाओं की आसानी से पहचान कर सकें। अब इसके कोड में फंड का नाम और अंत में आईईटीएफ जुड़ा होगा। आईइटीएफ का मतलब आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ईटीएफ है। उदाहरण के लिए आईसीआईसी एलआईक्यू अब बदलकर लिक्विडीटीएफ हो जाएगा, आईसीआईसी निफ्टी अब बदलकर निफ्टीइफ्टी हो जाएगा। कंपनी चिंतन हरिया ने कहाकि हम हमेशा अपने ग्राहकों के लिए चीजों को बेहतर और आसान बनाने की कोशिश करते हैं और हमने पैसिव इन्वेस्टमेंट को ध्यान में रखते हुए, ईटीएफ योजनाओं की पहचान को और अधिक सरल बनाने के लिए ईटीएफ प्रोडक्ट्स के प्रतीक-चिह्नों में बदलाव किए हैं।

### एनपीटीईएल-आईआईटी मद्रास ने खेल विज्ञान में विशेषज्ञता के नि:शुल्क कोर्स शुरु किए



**चेन्नई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान एनपीटीईएल ने खेल विज्ञान पर 7 नए ऑनलाइन कोर्स शुरू किए हैं। भारत में खेल विज्ञान तेजी से उभर रहा है और इसमें जाने के इच्छुक उम्मीदवार नि:शुल्क ये ऑनलाइन कोर्स कर सकते हैं। इस व्यापक ऑनलाइन कोर्स का लक्ष्य सैद्धांतिक और व्यावहारिक उपयोगों के बीच की कमी दूर करना है। भारत और दक्षि ण एशियाई लोगों की शारीरिक संरचना और सांस्कृतिक पहलुओं का ध्यान रखते हुए ये कोर्स तैयार किए गए हैं। शुरू किए गए 7 कोर्स के पहले बैच की कक्षाएं 19 फरवरी 2023 से शुरू होंगी। प्रोफेसर एंड्रयू थंगराज, कॉर्डिनेटर, एनपीटीईए . आईआईटी मद्रास ने ये कोर्स गेमचेंजर साबित होंगे। भारत विशेष की खेल संबंधी आवश्यकताएं पूरी करेंगे और सर्वांगीण विकास के दृष्टिकोण को बढ़ावा देंगे। भारत में प्रतिस्पर्धी खेलों का चलन तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में खेल क्षेत्रों में कुशल मा नव संसाधन की काफी मांग है।

### व्हीबॉक्स के इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 'कार्य' का अनावरण



**नई दिल्ली।** व्हीबॉक्स ने इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2024 जारी की। जिसमें देश के कार्यबल पर कृत्रिम मेधा (एआई) के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। इसका विषय था कार्य, कौशल और गतिशीलता के भविष्य पर एआई का प्रभाव। यह 11वां संस्करण एआई क्षेत्र में भारत के नेतृत्व को रेखांकित करने वाली प्रमुख विशेषताओं को उजागर करता है। यह 3.88 लाख प्रतिभागियों और 152 निगमों की अंतर्दृष्टि के साथ व्यापक व्हीबॉक्स नेशनल एम्पलाइबिलिटी टेस्ट पर आधारित है। रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत एआई कौशल पैठ और प्रतिभा एकाग्रता में वैश्विक नेतृत्व की स्थिति का दावा करता है। उसने 3.09 का प्रभावशाली स्कोर अर्जित किया है।

### एजेस फेडरल साझेदारी के जरिए मजबूत की मौजूदगी

**मुंबई।** एजेस फ़ेडरल लाइफ़ इंश्योरेंस ने देश के विभिन्न राज्यों में अपनी सेवाओं का संचालन करने वाले एक प्रमुख सहकारी बैंक, एनकेजीएसबी कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के साथ साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी से एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस के डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के दायरे में बढ़ोतरी हुई है, जिसका उद्देश्य जीवन बीमा उत्पादों को बड़े पैमाने पर लोगों के लिए अधिक सुलभ बनाना है। एनकेजीएसबी कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड का नाम भारत के 10 सर्वश्रेष्ठ सहकारी बैंकों की सूची में शामिल है, और वर्तमान में महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, गुजरात एवं मध्य प्रदेश राज्य में इसकी 104 शाखाएं मौजूद हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने पीपीएल इंडिया के पक्ष में फैसला सुनाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा कॉपीराइट संरक्षण को बरकरार रखने के फैसले के साथ फोनोग्राफिक परफोर्मेंस लिमिटेड (पीपीएल इंडिया) नए साल एवं क्रिसमस के जश्न के लिए तैयार है। त्योहारों का सीजन आ रहा है, ऐसे में सार्वजनिक अधिकारों की देखरेख करने वाले 80 साल पुराने संगठन के रूप में पीपीएल इंडिया हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायाल द्वारा कॉपीराईट उल्लंघन के खिलाफ सुनाए गए फैसले के साथ जीत गई है। अदालत के फैसले के अनुसार संस्थाएं आवश्यक लाइसेंस के बिना पीपीएल द्वारा नियंत्रित कॉपीराइट 70 लाख गीतों को नहीं बजा सकतीं। पीपीएल इंडिया 400 से अधिक म्युजिक लेबल्स की ओर से गीतों की व्यापक रेंज का प्रबंधन करती है।

---

# रिलायंस फाउंडेशन के सेमिनार में मिलेट पर जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



साल 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। रिलायंस फाउंडेशन ने इस अवसर पर मिलेट से संबंधित नीतियों, समस्याओं और उपायों पर शेपिंग पर्सपेक्टिव्स ऑन प्रैक्टिस एंड पॉलिसी फॉर मिलेट्स इन इंडिया एक सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में किसानों के साथ सरकार से जुड़े अधिकारियों और बाजार विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। सभी हितधारक इस बात पर सहमत दिखे कि खाद्य सुरक्षा, कृषि आजीविका और पोषण में विविधता की चुनौतियों का सामना करने के लिए मिलेट तैयार है। सम्मेलन में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की संयुक्त सचिव शुभा ठाकुर ने कहाकि रिलायंस फाउंडेशन को किसानों के साथ काम करते हुए देखकर खुशी होती है।

---


**कार्यालय सामान्य वन मण्डल भोपाल**

74 बंगला, खेल परिसर लिंग रोड, क्रं.-1 भोपाल फोन नं. 2674359 (कार्या.) 2674322(Fax)
E-mail : dfotbpl@mp.gov.in

::- सार्वजनिक सूचना -::

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आरामशीन मेसर्स इंडियन वुड इण्ड़स्ट्रीज, पुल बोगदा रायसेन रोड़ भोपाल, के प्रो. श्री मो. शफीक खां आ. इस्माईल खां के नाम से संचालित आरामशीन को उनकी मृत्यु उपरांत श्री मो. अतीक खान आ. स्व. श्री मो. शरीफ के नाम से बिना स्थान परिवर्तन नामांतरण किया जाना है। आरामशीन नामांतरण के संबंध में श्री मो. अतीक खान के अतिरिक्त परिवार के किसी अन्य सदस्य, किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से अपनी आपत्ति इस कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करा सकते है। बाद दिनांक कोई दावा/आपत्ति स्वीकार्य नही की जावेगी। प्रकरण में आरामशीन का नामांतरण आरामशीन मेसर्स इंडियन वुड इण्ड़स्ट्रीज, पुल बोगदा रायसेन रोड़ भोपाल श्री मो. अतीक खान आ. स्व. श्री मो. शरीफ के नाम से बिना स्थान परिवर्तन के कर दिया जावेंगा।

(आलोक पाठक) भा.व.से.
वन संरक्षक एवं पदेन वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वन मण्डल भोपाल

वन प्राकृतिक धरोहर है। इनका संरक्षण कीजिये।
जी-21973/23



**कार्यालय संचालक, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, जू भोपाल भदभदा रोड, भोपाल-462003**

E-mail: dirvvnp.bpl@mp.gov.in, Phone & Fax 0755-2674278

क्रमांक/भंडार/3880 — भोपाल, दिनांक: 18.12.23

::- ई-निविदा सूचना -::

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान - जू भोपाल में पर्यटको की सुविधा हेतु बैट्री चलित गोल्फ कार्ट क्रय करने बाबत् ऑनलाईन निविदा मान्यता प्राप्त निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं से निविदा दस्तावेज अनुसार आमंत्रित किये जाते हैं ।

निविदा से संबंधित निविदा दस्तावेज/प्रपत्र वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखे जा सकते हैं। निविदा दस्तावेज/प्रपत्र का मूल्य राशि रू. 500/- (पॉच सौ रूपये मात्र) ऑनलाईन पोर्टल पर Credit Card/ Debit Card/ internet Banking से भुगतान कर केवल ऑनलाईन दिनांक 27.12.2023 समय 06:00 PM से क्रय किये जा सकेंगे।

1. Bid submission start date 27.12.2023 time 06.00 PM
2. Bid submission closing date 16.01.2024 Time 05.00 PM
3. Bid Opening date 17.01.2024 At 05.00 PM

संचालक
वन विहार राष्ट्रीय उद्यान,जू भोपाल

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है ।
जी-21984/23



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बैतूल (म.प्र.)**

दूरभाष (07141) कार्यालय 238320, Email - eephedbet@mp.nic.in

// निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक 3494/लेखा/का.यं./लोस्वायांवि.खंड/बैतूल/दिनांक 11.12.2023

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल https://mptenders.gov.in बैतूल जिले के विभिन्न विकासखंडों के ग्रामों में नलकूप खनन से पूर्व भूजल सर्वेक्षण एवं स्थल चयन के कार्य हेतु निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | निविदा सूचना क्रमांक व दिनांक | ऑनलाईन ई-टेण्डर आई.डी. | विकासखंड | निविदा की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 96/23-24/Dt. 13-04-2023 | 2023_PHED_303296_1 | बैतूल/आमला | 5.31 | 10260 | 2000 | 24 माह वर्षाकाल सहित | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत |
| 2 | 97/23-24/Dt. 13-04-2023 | 2023_PHED_303297_1 | मुलताई/प्रभातपटटन | 5.31 | 10260 | 2000 | 24 माह वर्षाकाल सहित | |
| 3 | 98/23-24/Dt. 13-04-2023 | 2023_PHED_303298_1 | भैंसदेही/आठनेर | 5.31 | 10260 | 2000 | 24 माह वर्षाकाल सहित | |
| 4 | 99/23-24/Dt. 13-04-2023 | 2023_PHED_303940_1 | चिचोली/भीमपुर | 5.31 | 10260 | 2000 | 24 माह वर्षाकाल सहित | |
| 5 | 100/23-24/Dt. 13-04-2023 | 2023_PHED_318759_1 | शाहपुर/घोडाडोंगरी | 5.31 | 10260 | 2000 | 24 माह वर्षाकाल सहित | |
| | ऑनलाईन निविदा विक्रय की प्रारंम्भिक तिथि व समय | | | 13.12.2023 | 11.00 | बजे तक | | |
| | ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि व समय | | | 27.12.2023 | 17.30 | बजे तक | | |
| | ऑनलाईन निविदा खोलने की संभावित तिथि व समय | | | 29.12.2023 | 11.00 | बजे से | | |

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (Online system) ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। आवश्यक होने पर निविदा से संबंधित समस्त शुद्धिपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर जारी किये जायेगें।

सड़क सुरक्षा नियमों को अगर अपनाओगे, खुद के साथ-साथ दूसरों की भी बचाओगे ।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बैतूल (म.प्र.)


जी-22007/23

## चिंतन

# मौजूदा जरूरतों के हिसाब से न्याय संहिता आवश्यक

भारत अपने 150 साल पुराने कानूनी इतिहास को बदलने जा रहा है। अंग्रेजों के जमाने के जंग लगे भारतीय दंड संहिता, भारतीय अपराध दंड संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह मौजूदा केंद्र सरकार तीन नए कानून लेकर आ रही है। इस प्रक्रिया में तीन नए विधेयक भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता 2023, नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 को संशोधन के साथ लोकसभा ने पारित कर दिया। ये तीनों विधेयक केंद्र सरकार ने मानसून सत्र में लोकसभा में पेश किए थे, उस वक्त सदन ने इसे संसदीय समिति को समीक्षा के लिए भेज दिया था। अब तीनों विधेयक कानून बनने की प्रक्रिया से दो कदम दूर हैं। अभी यह राज्यसभा में पास होना है और उसके बाद राष्ट्रपति की मुहर लगनी है। इन तीनों नए विधेयक के अधिनियम बन जाने के बाद भारतीय कानून सहिंता पूरी तरह बदल जाएगी। इनमें भारतीयता, संविधान और भारत की जनता की चिंता है। ये कानून स्वदेशी होंगे। इनसे औपनिवेशिक कानून से देश को मुक्ति मिलेगी। इनमें दंड विधान की जगह न्याय देने की चेष्टा है। पिछले एक सौ पचास वर्ष में अपराध का पूरा तंत्र बदल चुका है, नई नई तकनीक आ गई है, ऐसे में इन परिवर्तनों के अनुरूप न्याय संहिता जरूरी है। तीनों नए विधेयक में नई जरूरतों को एड्रेस किया गया है। मॉब लिंचिंग जैसे अक्षम्य अपराध के लिए फांसी की सजा का प्रावधान किया गया है। पचास वर्ष से अधिक समय तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस को भारतीय दंड सहिंता में समय के अनुरूप बदलाव करना चाहिए था। नए विधेयकों के कानून बन जाने के बाद छोटी सजा वाले मामले में तीन दिन के अंदर एफआईआर दर्ज करनी होगी, 3 से 7 साल की सजा के मामले में 14 दिन के अंदर एफआईआर दर्ज करनी होगी। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (सीआरपीसी) में पहले 484 धाराएं थीं, अब 531 होंगी, 177 धाराओं में बदलाव हुआ है। 9 नई धाराएं जोड़ी गई हैं, 39 नए सब सेक्शन जोड़े गए हैं, 44 नए प्रोविजन और स्पष्टीकरण जोड़े गए हैं, 35 सेक्शन में टाइम लाइन जोड़ी हैं और 14 धाराओं को हटा दिया गया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के बारे में अब हर पुलिस स्टेशन में विवरण दर्ज किया जाएगा और एक नामित पुलिस अधिकारी इन रिकॉर्डों को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार होगा। रिकार्ड डिजिटल रखा जाएगा। तस्करी कानूनों को जेंडर-न्यूट्रल बना दिया है। राजद्रोह की जगह देशद्रोह लाया गया है। सरकार की आलोचना अब अपराध नहीं होगा, पर देश के खिलाफ बोलना या कृत्य करना गंभीर अपराध होगा। नए कानून में आतंकवाद को परिभाषित किया गया है। पहले के कानूनों में आतंकवाद की व्याख्या नहीं थी। यौन हिंसा के मामलों में बयान महिला न्यायिक मजिस्ट्रेट ही करेगी व पीड़िता का बयान उसके आवास पर महिला पुलिस अधिकारी के सामने ही दर्ज होगा। झूठे वादे या पहचान छुपाकर यौन संबंध बनाना अब अपराध की श्रेणी में आएगा। गैंगरेप के मामलों में 20 साल की सजा या आजीवन कारावास की सजा होगी। सात साल या उससे अधिक की सजा वाले सभी अपराधों में फोरेंसिक जांच अनिवार्य होगा। घोषित अपराधियों की भारत से बाहर की सम्पत्ति को जब्त करने का नया प्रावधान होगा, भागे गए अपराधियों के खिलाफ भी सुनवाई हो सकेगी व सजा दी जा सकेगी। अब डिजिटल एविडेंस को भी कानूनी साक्ष्य का दर्जा मिलेगा। ये तीनों विधेयक कानूनी सुधार का मार्ग प्रशस्त करेगा। संसद में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) पद, रिसर्च एनलासिस विंग (रॉ) और खुफिया ब्यूरो (आईबी) के निदेशक पद को भी कानून के दायरे में लाने की मांग की गई है, देखने वाली बात होगी कि राज्यसभा में इस पर कितना विचार होता है।

## सारा संसार



कर्णप्रयाग उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्गत गढ़वाल मण्डल के चमोली जिले का एक कस्बा है। यह अलकनंदा तथा पिण्डर नदियों के संगम पर स्थित है। पिण्डर का एक नाम कर्ण गंगा भी है, जिसके कारण ही इस तीर्थ संगम का नाम कर्ण प्रयाग पड़ा। यहां पर उमा मंदिर और कर्ण मंदिर दर्शनीय है। यहां से राष्ट्रीय राजमार्ग 7 और राष्ट्रीय राजमार्ग 109 गुज़रते हैं।

## परामर्श

रानी प्रियंका वल्लरी



# ओवरईटिंग से बचिए

कुछ लोग खाते जाते हैं, खाते जाते हैं। बस उन्हें खाना है। उन्हें अपने स्वास्थ्य की कोई चिंता नहीं हैं, जबकि ओवरईटिंग कई बीमारियों को आमंत्रित करती है। मोटापा डायबिटिज, पेट दर्द, कब्ज जैसी समस्या बनी रहती है। ज्यादा खाना खाने से पेट में भोजन की मात्रा बढ़ जाती है। फिर भोजन को पचाने के लिए पाचन तंत्र को मेहनत करनी पड़ती है। पाचन तंत्र अपने काम में धीमा पड़ जाता है। हम येन केन प्रकारेण कई बीमारियों से घिर जाते हैं। हर समय सामान्य समस्याएं बनी रहती है। इमोशनल ईटिंग में खाने के बाद संतुष्टि नहीं मिलती हैं, बल्कि बाद में पश्चाताप महसूस होता है। इतना क्यों खाया। अगर आपको भी आदत है इमोशनल ईटिंग की तो आप परहेज़ करें और अपने सेहत का पूरा ख्याल रखें। क्योंकि सर्दी में अक्सर लोग मिर्च मसालेदार खाना और ज्यादा मात्रा में खाना ज्यादा पसंद करते हैं।



आमतौर पर लोग तीन बार खाते हैं। जीवन जीने का नया तरीका खाना खाने के इस पैटर्न पर काम करता है। हमें कहा जाता है सुबह का नाश्ता दिन का अहम खाना होता है, जबकि दफ्तरों में खाने के लिए काम से ब्रेक दिया जाता है। इसके अतिरिक्त रात का खाना हमारी पारिवारिक और सामाजिक जिम्मेदारी के इर्द गिर्द घूमता है। यहां पर विचार करने वाली बात यह है कि तो क्या यह हमारे खाने का सही तरीका है, जबकि सब की जीवनशैली की अलग अलग धारा हैं। सब के अपने अपने तौर तरीके हैं। कुछ लोग इतने व्यस्त हैं जिन्हें खाने की फ़ुर्सत नहीं। वह ज्यादातर गलती कर बैठते हैं। तेज भूख लगने पर कुछ भी खाकर पेट भरना उचित समझते हैं। जो उत्तम स्वास्थ्य के लिए उचित नहीं।

अगर आप ओवरईटिंग से बचना चाहते हैं तो वॉकिंग, आउटिंग, म्यूजिक, ट्रैवलिंग, रीडिंग और टॉकिंग कीजिए। ओवरईटिंग से बचिए। फिर भी आप खाने के लिए लालायित है तो आप कुछ हेल्दी फूड खाइए। कुछ लोग तनाव में भी ओवरईटिंग करते हैं। तो तनाव में ओवरईटिंग से बचने के लिए मेडिटेशन किया जा सकता है। सामान्यतः इमोशनल ईटिंग के पीछे व्यक्तिगत कारण होते हैं। जब यह लक्षण लगातार दिखाई दें तो किसी तरह की बीमारी के संकेत है, जिसमें मेडिकल ट्रीटमेंट लेने की आवश्यकता है। खाने का एक निश्चित समय बनाइए। अपने खाने में पत्तेदार सब्जियां, फल, छांछ, दही का इस्तेमाल ज्यादा कीजिए। ब्रेकफास्ट में फल, सलाद लिक्विड पेय, पोहा, दलिया, खिचड़ी का सेवन कीजिए, रोटी लेने से ज़रूर बचिए।

# भारत को विकसित बनाने में विवि अहम



शिक्षा व नवाचार

डॉ. राज नेहरू

> विकसित भारत की परिकल्पना युवाओं के मस्तिष्क में नवाचार और अन्वेषण के समावेश में ब्रह्मास्त्र सिद्ध होगी। इस यात्रा में शिक्षण संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। प्रत्येक विद्यार्थी अपने आप में अनोखा है, इसलिए ऐसे वातावरण का सृजन महत्वपूर्ण है, जो विचार निर्माण के लिए व्यक्तिगत दृष्टिकोण का समर्थन करता है। विद्यार्थी अपने जुनून को सही ढंग से पहचान कर उसे क्रियान्वित कर सकें, इसके लिए सार्थक और सकारात्मक वातावरण बनाना सभी उच्च शिक्षण संस्थानों का दायित्व है। शिक्षण संस्थानों के नीति नियंताओं को ध्यान में रखना होगा कि विकसित भारत के संवाहक तैयार करना उनका परम ध्येय है।

विकसित भारत की परिकल्पना युवाओं के मस्तिष्क में नवाचार और अन्वेषण के समावेश में ब्रह्मास्त्र सिद्ध होगी। यही अद्भुत और महत्वाकांक्षी संकल्प आगामी 25 वर्षों में भारत के परिवर्तन के वाहक होंगे। विकसित भारत की इस यात्रा में शिक्षण संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी, विशेषकर विश्वविद्यालयों के ऊपर सबसे बड़ा दायित्व है। युवाओं में परिवर्तनकारी एवं रचनात्मक विचारों के सृजन हेतु विश्वविद्यालयों को विशेष रणनीति तैयार करनी होगी। विश्वविद्यालयों द्वारा तैयार की गई बौद्धिक भूमि पर ही नवोन्मेषी विचारों का अंकुरण होगा। इसके लिए विद्यार्थियों को शिक्षा के विभिन्न आयामों को आत्मसात करने की स्वतंत्रता नितांत आवश्यक है। इसे सीधे तौर पर शिक्षा का लोकतांत्रीकरण कहा जा सकता है और इसी के माध्यम से विकसित भारत की दिशा में एक बड़ा कदम संभव है। शिक्षाविदों की उस मानसिकता को भी बदलने की आवश्यकता है कि वह शिक्षा को जिस तरीके से डिजाइन करेंगे, विद्यार्थी उसी रूप में उसे ग्रहण करेंगे। शिक्षा के प्रारूप और अवधारणा को विद्यार्थियों पर थोपने की अपेक्षा उन्हें अपनी प्राथमिकता और विकल्पों के अनुसार पाठ्यक्रमों में परिवर्तन करने और उसे एक प्रोग्राम के रूप में डिजाइन करने का विकल्प दिया जाना चाहिए। विद्यार्थी अपनी अभिरुचि और करियर में उपयोगिता के अनुसार प्रोग्राम का चयन कर सकें, इसकी व्यवस्था करना सबसे जरूरी है।

पारंपरिक रूप से चले आ रहे पाठ्यक्रम का दौर अब अपनी प्रासंगिकता खो चुका है। अब उद्योग, कारपोरेट और बाजार मांग पर आधारित पाठ्यक्रम तैयार करने की आवश्यकता है। इसके लिए शिक्षाविदों को उद्योग, कारपोरेट, बाजार, शिक्षकों और विद्यार्थियों सहित सभी हितधारकों से परामर्श कर पाठ्यक्रमों का डिजाइन विकसित करना होगा। सभी हितधारकों की राय को समाहित करके बनाया गया पाठ्यक्रम सर्वाधिक व्यावहारिक और प्रासंगिक होगा। शिक्षण संस्थानों में रचनात्मक और समावेशी वातावरण को प्रोत्साहित करना बहुत आवश्यक है। विद्यार्थियों को ऐसा रचनात्मक वातावरण दिया जाना चाहिए कि वह कल्पनाशील बनें। खुले दिमाग से सोचें और तल्लीन होकर उसके क्रियान्वयन में अपनी ऊर्जा का समावेश करें। विद्यार्थियों को लीक से हटकर सोचने के लिए प्रेरित करना होगा। इसी से उनके विविध दृष्टिकोण विकसित होंगे और इनका समर्थन करना होगा। वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का अध्ययन करते हुए विद्यार्थियों को उनसे अवगत करवाना जरूरी है। इंटर्नशिप, अनुसंधान परियोजनाओं और उद्योगों की भागीदारी के माध्यम से विद्यार्थियों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों से जोड़ा जाए। इन चुनौतियों से रूबरू करवाने के बाद विद्यार्थियों को समाधानमूलक वैचारिक सृजन के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। विद्यार्थी खुद उनमें प्रयत्नशील होकर आगे बढ़ें। विद्यार्थियों के समक्ष इंटरडिसिप्लिनरी प्रोग्राम प्रस्तुत किए जाने चाहिए। इसके माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के विद्यार्थियों को एक मंच पर आकर एक साथ वैचारिक मंथन के अवसर मिलेंगे। वैचारिक वैविध्य से नवाचारी



सोच प्रोत्साहित होगी। इसके सुखद परिणाम आएंगे। नवाचार पर आधारित प्रतियोगिताओं और चुनौतियों का आयोजन कर विद्यार्थियों की व्यवहारिक सहभागिता बढ़ाई जानी चाहिए।

इन मंचों पर विद्यार्थी अपने नूतन विचार प्रदर्शित करने में सक्षम होंगे और साथ ही उन्हें अनुभव पर आधारित प्रतिक्रिया भी प्राप्त होगी। इन स्पर्धाओं से नए और अनोखे विचारों के सृजन का वातावरण बनेगा। उच्च शिक्षण संस्थानों में उद्यमशीलता को प्रोन्नत करना होगा। उद्यमिता में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए संसाधन और सहायता प्रदान करनी आवश्यक है। उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देने और नए आइडिया को प्रोत्साहित करने के लिए मेंटरशिप, फंडिंग के अवसर और इनक्यूबेटर तक विद्यार्थियों की पहुंच सरल बनानी होगी। शिक्षण संस्थान उद्यमिता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उद्यम के विकास में बहुत सी समस्याओं का समाधान छिपा हुआ है। रोजगार के नए अवसरों के सृजन का मार्ग भी उद्यमिता से प्रशस्त हो सकता है। मस्तिष्क में विचार-मंथन की तकनीकों और डिजाइन थिंकिंग को लागू करना होगा। इन दोनों आयामों को पाठ्यक्रम में समाहित करना होगा। इससे विद्यार्थियों के मस्तिष्क में नए लाने, उन्हें क्रियान्वित करने और नवाचार के माध्यम से समाधान विकसित करने में सहायता मिलेगी। शिक्षण संस्थानों में विशिष्ट विषयों पर वैचारिक मंथन सर्वथा सार्थक होता है। उच्च शिक्षण संस्थानों में नवाचारी वैचारिकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के व्याख्यान बहुत आवश्यक हैं। नए प्रासंगिक विषयों पर कार्यशालाओं और संगोष्ठियों के आयोजन होने चाहिए। छात्रों के साथ अपने अनुभव और अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए विभिन्न उद्योगों से अतिथि वक्ताओं को आमंत्रित किया जाए। सफल उद्यमियों के व्याख्यान भी करवाए जाएं। यह व्याख्यान रचनात्मकता के लिए प्रेरित करने, समस्या-समाधान तकनीकों और विचार निर्माण पर आधारित होने चाहिएं। शिक्षण संस्थानों और विशेषकर विश्वविद्यालयों को विद्यार्थियों के लिए सशक्त मंच तैयार करने होंगे, जहां विद्यार्थी अपने आइडिया साझा कर सकें और उन पर खुल कर विमर्श कर सकें। यह मंच विद्यार्थियों के नेतृत्व में संचालित क्लब या ऑनलाइन कम्युनिटी के रूप में प्रभावी हो सकते हैं। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उनके लिए नेटवर्किंग के अवसरों को और अधिक सुविधाजनक बनाना होगा। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए 'थिंक ग्लोबल एंड एक्ट लोकल के दृष्टिकोण को अपनाना होगा। विश्वविद्यालयों में ऐसे नेटवर्क प्लेटफ़ॉर्म विकसित करने की आवश्यकता है, जहां विद्यार्थी अन्य संस्थानों, विभिन्न राज्यों व विश्व के दूसरे देशों के विश्वविद्यालयों में भी क्लास ले सकें उनके साथ जुड़ सकें। मिलेनियल्स और ज़िलेनियल्स की रचनात्मक सीख की ललक अलग-अलग होती है। उभरती हुई प्रौद्योगिकी को समझने की उनकी क्षमता बहुत अधिक है। रिवर्स मेंटरिंग उन्हें उत्साहित कर सकती है और शिक्षाविदों को अपने छात्रों के माध्यम से नई चीजें सीखने में मदद करेगी। इससे अकादमिक जगत के ज्ञान में नूतन समावेश होगा। यह प्रयोग विद्यार्थियों और अकादमिक विभूतियों, दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

यह अविस्मरणीय है कि प्रत्येक विद्यार्थी अपने आप में अनोखा है, इसलिए ऐसे वातावरण का सृजन महत्वपूर्ण है, जो विचार निर्माण के लिए व्यक्तिगत दृष्टिकोण का समर्थन करता है। विद्यार्थी अपने जुनून को सही ढंग से पहचान कर उसे क्रियान्वित कर सकें, इसके लिए सार्थक और सकारात्मक वातावरण बनाना सभी उच्च शिक्षण संस्थानों का दायित्व है। शिक्षण संस्थानों के नीति नियंताओं को ध्यान में रखना होगा कि विकसित भारत के संवाहक तैयार करना उनका परम ध्येय है।

(लेखक श्री विश्वकर्मा कौशल विवि के वीसी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## कर्मों से उपार्जित सुख



संकलित

**दर्शन**

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है? *-स्वामी विवेकानंद*

## जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे?



संकलित

**प्रेरणा**

एक मछलीमार कांटा डाले तालाब के किनारे बैठा था। काफी समय बाद भी कोई मछली कांटे में नहीं फंसी, ना ही कोई हलचल हुई तो वह सोचने लगा... कहीं ऐसा तो नहीं कि मैने कांटा गलत जगह डाला है, यहां कोई मछली ही न हो! उसने तालाब में झांका तो देखा कि उसके कांटे के आसपास तो बहुत-सी मछलियां थीं। उसे बहुत आश्चर्य हुआ कि इतनी मछलियां होने के बाद भी कोई मछली फंसी क्यों नहीं! एक राहगीर ने जब यह नजारा देखा तो उससे कहाः लगता है भैया, यहां पर मछली मारने बहुत दिनों बाद आए हो! अब इस तालाब की मछलियां कांटे में नहीं फंसती। मछलीमार ने हैरत से पूछाः क्यों, ऐसा क्या है यहां? राहगीर बोलाः पिछले दिनों तालाब के किनारे एक बहुत बड़े संत ठहरे थे। उन्होने यहां मौन की महत्ता पर प्रवचन दिया था। उनकी वाणी में इतना तेज था कि जब वे प्रवचन देते तो सारी मछलियां भी बड़े ध्यान से सुनतीं। यह उनके प्रवचनों का ही असर है कि उसके बाद जब भी कोई इन्हें फंसाने के लिए कांटा डालकर बैठता है तो ये मौन धारण कर लेती हैं। जब मछली मुंह खोलेगी ही नहीं तो कांटे में फंसेगी कैसे? इसलिए बेहतर यहीं होगा कि आप कहीं और जाकर कांटा डालो। क्योंकि यह एक ही अनेक भयंकर परिस्थितियां पैदा करने के लिए पर्याप्त है। संत ने कितनी सही बात कही कि जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे? अगर इंद्रिय पर संयम करना चाहते हैं तो.. इस जिह्वा पर नियंत्रण कर लेवें बाकी सब इंद्रियां स्वयं नियंत्रित रहेंगी।

## सटाका




## आज की पाती

### सादगी के साथ मनाएं नए साल के समारोह

हम जल्द ही नए साल में प्रवेश करने जा रहे हैं। इस अवसर पर जगह-जगह खासकर पर्यटकों के लिए कई तरह के समारोह होते हैं। कुछ शरारती तत्त्व शराब पीकर और अन्य नशे करके खूब हुड़दंग मचाते हैं और खुशियों के रंग में भंग डालते हैं। मेरा पर्यटकों व अन्य लोगों से आग्रह है कि वे शांतिप्रिय जगहों की शांति में खलल न डालें और सादगी के साथ न्यू ईयर सेलिब्रेशन मनाएं। पुलिस को चाहिए कि वह ऐसे तत्त्वों को समझाने-बुझाने के प्रयास करे ताकि हुल्लड़बाजी से बचा जा सके। अगर फिर भी कुछ लोग नहीं मानते हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने से भी गुरेज नहीं किया जाना चाहिए। प्रदेश की शांति किसी भी कीमत पर भंग नहीं होनी चाहिए। *-सुमन पंडित, कांकेर*

## करंट अफेयर

### इंग्लैंड में डॉक्टरों का वेतन वृद्धि को लेकर विवाद जारी


इंग्लैंड में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर जूनियर डॉक्टरों ने बुधवार को 72 घंटे की हड़ताल शुरू की। डॉक्टरों का वेतन के स्तर को लेकर ब्रिटिश सरकार के साथ लंबे समय से विवाद जारी है। ब्रिटेन की सरकारी स्वामित्व वाली राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) में मरीजों से कहा गया है कि अस्तपालों में कामकाज कुछ प्रभावित होगा क्योंकि हजारों नियुक्तियां और प्रक्रियाएं स्थगित या रद्द कर दी जाएंगी। हड़ताल सुबह सात बजे शुरू हुई और यह शनिवार की सुबह तक चलेगी। डॉक्टर 35 प्रतिशत वेतन वृद्धि की मांग कर रहे हैं। सरकार हालांकि जूनियर डॉक्टरों को औसतन 8.8 प्रतिशत की वेतन वृद्धि की पेशकश कर रही है और प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने संकेत दिया है कि इससे अधिक की पेशकश नहीं की जायेगी। एनएचएस सदस्यों ने इस बात को लेकर 'निराशा' व्यक्त की कि डॉक्टरों का प्रतिनिधित्व करने वाले ब्रिटिश मेडिकल एसोसिएशन और सरकार के बीच बातचीत विफल हो गई है।



## ऑफ बीट

### बलीन व्हेल अब तक की सबसे बड़ी जीवित जीव

बलीन व्हेल समुद्र की रानी होती हैं, जो अब तक जीवित सबसे बड़े जीव हैं। रिकॉर्ड धारी ब्लू व्हेल (बैलेनोप्टेरा मस्कुलस) है, जो 30 मीटर तक की लंबाई तक पहुंच सकती है। यह बास्केटबॉल कोर्ट से भी लंबा है। हालाँकि, उनके पूरे विकासवादी इतिहास में, अधिकांश बलीन व्हेल अपेक्षाकृत बहुत छोटी थीं, लंबाई में लगभग पाँच मीटर। हालांकि अधिकांश जानवरों की तुलना में यह आकार अभी भी बड़ा है, लेकिन एक बलीन व्हेल के लिए यह काफी छोटा है। हालाँकि, दक्षिणी गोलार्ध से नई जीवाश्म खोजें इस कहानी को बदलने वाली हैं। इनमें नवीनतम दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में मुर्रे नदी के तट से मिला एक जीवाश्म है। लगभग 1.9 करोड़ वर्ष पुराना, यह जीवाश्म एक बलीन व्हेल के निचले जबड़े (या 'ठोड़ी') की नोक है, जिसकी लंबाई लगभग नौ मीटर है, जो इसे अपने समय का नया रिकॉर्ड धारक बनाता है। यह खोज आज प्रोसीडिंग्स ऑफ द रॉयल सोसाइटी बी: बायोलॉजिकल साइंसेज जर्नल में प्रकाशित हुई है। अधिकांश स्तनधारियों के मुँह में दाँत होते हैं।



## ट्रेंड

### गरिमा के भीतर हो अभिव्यक्ति



जिस तरह से हमारे सम्मानित उपराष्ट्रपति को संसद परिसर में अपमानित किया गया, उसे देखकर मुझे निराशा हुई। निर्वाचित प्रतिनिधियों को अपनी अभिव्यक्ति के लिए स्वतंत्र होना चाहिए, लेकिन उनकी अभिव्यक्ति गरिमा और शिष्टाचार के मानदंडों के भीतर होनी चाहिए।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### पीएम ने दुःख जताया



प्रधानमंत्री मोदी का फोन आया। उन्होंने संसद परिसर में की गयी अपमानजनक नाटकीयता पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि वह पिछले बीस वर्षों से ऐसे अपमान सहते आ रहे हैं, लेकिन उपराष्ट्रपति पद के साथ ऐसा होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति

### दवा की कीमतें कम करेंगे



हम न केवल कीमतों में वृद्धि को धीमा करने के लिए बल्कि दवा की कीमतें कम करने के लिए भी काम कर रहे हैं। मुद्रास्फीति न्यूनीकरण अधिनियम कीमतें कम करने के लिए बातचीत की शक्ति देता है।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### प्रकृति हर पल सहयोगी



जीवन संसिद्धि निमित्त प्रकृति हर पल सहयोगी है। धरती अंबर अग्नि जलवायु और सभी नक्षत्र समष्टि हित में संलग्न हैं। अतः हम मनुष्य भी एक साथ चलें, एक साथ रहें, एक साथ किये गये प्रयास अधिक लाभान्वित करते हैं। अधिक लाभान्वित होने के लिए, हमारे प्रयास सामूहिक हों।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

विधायक शर्मा व भोपाल डीआरएम ने संत हिरदाराम नगर में बन रहे फ्लाईओवर का किया निरीक्षण

# विधायक रामेश्वर ने कहा- फाटक रोड फ्लाईओवर को संत नगर रेलवे स्टेशन से भी जोड़ा जाए, जिससे यात्रियों को आने-जाने में नहीं होगी परेशानी

*स्टेशन का नव निर्माण हो रहा है, परन्तु संत नगर रेलवे स्टेशन की बेहतर कनेक्टिविटी न होने की वजह से यात्रियों को काफी परेशान होना पड़ता है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

हुजूर विधानसभा से तीसरी बार चुनकर आए विधायक रामेश्वर शर्मा ने अपने पुराने अंदाज में क्षेत्र के दौरे-निरीक्षण फिर चालू कर दिए हैं। वह आए दिन विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों का अवलोकन करने जाते हैं।

बुधवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने भोपाल डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी के साथ हुजूर के संत हिरदाराम नगर में फाटक रोड थ्री-ईएमई सेंटर पर बन रहे फ्लाई ओवर का निरीक्षण किया। विधायक शर्मा ने फ्लाई ओवर के निर्माण संबंधी अवलोकन कर कार्य की प्रगति जांची। इसके साथ ही उन्होंने डीआरएम भोपाल से इस फ्लाई ओवर को संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन से जोड़े जाने की प्लानिंग को लेकर चर्चा की। इस फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य तेजी से जारी है, यदि इसी रफ्तार से काम चलता रहा तो जल्द ही फ्लाई ओवर का निर्माण पूरा हो जाएगा।

निरीक्षण के दौरान शर्मा ने सुझाव दिया कि फाटक रोड पर बन रहे फ्लाई ओवर को संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन से भी जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से यह सराहनीय कदम है, करोड़ों की लागत से स्टेशन का नव निर्माण हो रहा है, परन्तु संत नगर रेलवे स्टेशन की बेहतर कनेक्टिविटी न होने की वजह से यात्रियों को परेशान होना पड़ता है। उन्होंने आगे कहा कि परस्पर समन्वय के साथ रेलवे एवं लोक निर्माण विभाग इसका निर्माण करेंगे, जिसके तहत सर्विस रोड, स्ट्रीट लाइट के साथ इस फ्लाई ओवर का निर्माण किया जाएगा।

> परस्पर समन्वय के साथ रेलवे एवं लोक निर्माण विभाग करेगा फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य



**ये रहे उपस्थित**
फ्लाई ओवर के निरीक्षण के दौरान डीआरएम के साथ अपर आयुक्त विनीत तिवारी, एसडीएम आदित्य जैन, कार्यपालन यंत्री जावेद शकील सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**70 साल पुरानी मांग पूरी होगी**

संत नगर के रहवासियों द्वारा पिछले लगभग 70 सालों से फाटक रोड पर फ्लाई ओवर बनाने की मांग की जा रही थी। फ्लाई ओवर न होने के कारण आर्मी वाहन और शव यात्राओं को घंटों ट्रैफिक के बीच से गुजरना पड़ता था। आम नागरिक भी रोजमर्रा की आवाजाही में वाहन चालक काफी परेशान होते थे। नागरिकजनों की इसी समस्या को ध्यान में रखकर विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा इस फ्लाई ओवर का निर्माण कराया जा रहा है। फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। इसे संत नगर रेल्वे स्टेशन से जोड़ने के लिए कार्य योजना पर काम किया जा रहा है।

**10 करोड़ रुपए अतिरिक्त खर्च होंगे**

विभागीय अधिकारियों के अनुसार रेल्वो स्टेशन से जोड़ने के लिए यह फ्लाई ओवर 7.50 मीटर चौड़ा एवं 300 मीटर लंबा होगा। सर्विस रोड के साथ लगभग 10 करोड़ की अतिरिक्त राशि इसमें खर्च होगी।

---

## खबर संक्षेप



### दुर्घटनाओं को रोकने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के पीछे लगाया रेडियम स्ट्रिप

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के पीछे रेडियम लगाने के लिए निर्देशित किया था। इसके बाद राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की महिला, स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा कृषि उपज मंडी में धान विक्रय के लिए आई ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में रेडियम स्ट्रिप लगाया। इसके साथ ही वाहन चालकों को तेज गति से वाहन न चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी गई।

### उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करने और वीडियो बनाने पर भाजपा आक्रोशित

**मंडीदीप।** संसद सदन के बाहर देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री करने और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा उसका वीडियो बनाकर अपमान करने को लेकर भाजपा में आक्रोश है। भाजपा ने उपराष्ट्रपति धनकड़ के अपमान का विरोध जताया है। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष जीवनसिंह पाल, मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव व कोषाध्यक्ष विनोद जैन ने कहा कि देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने दोनों सांसदों से उपराष्ट्रपति से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है।

### पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज का आत्मीय स्वागत



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का आत्मीय स्वागत किया गया। नेशनल हाईवे पर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेन्द्र अग्रवाल, पूर्व नपा अध्यक्ष विपीन भार्गव द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा के मार्गदर्शन में आत्मीय स्वागत किया। मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अल्प प्रवास पर बाड़ी जा रहे थे, जहां नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया।

### भाजपा नेता पुरुषोत्तम का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** भाजपा नेता स्वच्छता अभियान एम्बेसेडर पुरुषोत्तम शर्मा का जन्मदिन हर्षोल्लाह से मनाया। विधायक सुरेंद्र पटवा, दीपू परमार, मनोज चौरसिया, राहुल माहेश्वरी, हेमराज पटेल, विकास श्रीवास्तव, सोहेल मियां आदि ने केक खिलाकर शुभकामनाएं दी।

---

हबीबगंज पुलिस ने साइबर ठग के खिलाफ दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

# पेंशन खाता अपडेट कराने का झांसा देकर 2 लाख 5 हजार रुपए निकाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज पुलिस ने एक मंत्रालय के बाबू की शिकायत पर साइबर ठग के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। ठग ने पेंशन खाता अपडेट कराने का झांसा देकर मोबाइल पर योनो एप डाउनलोड कराया था। इसके बाद ओटीपी पूछकर खाते से दो बार में दो लाख पांच हजार रुपए का ट्रांजेक्शन कर लिया।

पुलिस के अनुसार नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव (55) शिवाजी नगर स्थित शासकीय आवास में रहते हैं और मंत्रालय में नौकरी करते हैं। उनका विंध्याचल भवन स्थित एसबीआई ब्रांच में खाता है। बीती 16 दिसंबर को उनके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति ने पेंशन आफिसर बनकर फोन किया और पिताजी के पेंशन खाते को अपडेट करने की बात कहते हुए मोबाइल में योनो एप डाउनलोड करने का बोला।

पासवर्ड याद नहीं होने के कारण नरेंद्र के मोबाइल पर एप डाउनलोड नहीं हुआ तो उसने एसबीआई लॉगिन करके पासवर्ड को रीसेट कराया। पासवर्ड रीसेज करने पर उनके मोबाइल पर एक पेंशन आईडी आई, जिसे उसने पासवर्ड के स्थान पर डलवा दिया। पासवर्ड डालने के बाद नरेंद्र के मोबाइल को जालसाज ने हैक कर लिया।

> अज्ञात व्यक्ति ने पेंशन ऑफिसर बनकर फोन किया और पिताजी के पेंशन खाते को अपडेट करने की बात कही



**तीन घंटे बाद खाते से निकल गए रुपए**

बातचीत के दौरान जालसाज ने स्वास्थ्य बीमा किए जाने का कहकर पिताजी, पत्नी और बेटी के आधार कार्ड की फोटो मांगी, जिसे नरेंद्र ने दे दिया। इस दौरान वह पेंशन खाता अपडेट करने के लिए ओटीपी भेजता रहा। करीब तीन घंटे बाद उसी व्यक्ति ने फोन करके ओटीपी पूछा, जिसे बताया गया। उसके बाद दो बार में कुल 2 लाख, 5 हजार, 480 रुपए उनके अकाउंट से कट गए। इस बीच जालसाज ने 30 हजार रुपए का एक और ट्रांजेक्शन किया था, लेकिन वह फेल हो गया था। ठगी का एहसास होने पर नरेंद्र ने पुलिस अफसरों से मामले की शिकायत की, जिसके बाद हबीबगंज पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## हार्डवेयर दुकान का ताला तोड़कर 75 हजार का सामान चोरी

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित एक हार्डवेयर दुकान का ताला तोड़कर चोर नकदी और सामान समेत करीब 75 हजार रुपए का माल चोरी कर ले गए। बदमाशों ने टावर के दरवाजे का ताला तोड़कर दुकान के भीतर प्रवेश किया था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार योगेश कुमार (38) माता मंदिर के पास समरधा मिसरोद में रहते हैं। वह गुंजन नगर कालोनी मिसरोद में शिवकृपा हार्डवेयर एंड इलेक्ट्रिकल्स के नाम से दुकान चलाते हैं। बीती 15 दिसंबर की रात वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह करीब नौ बजे दुकान खोली तो भीतर का पूरा सामान बिखरा पड़ा था। चैक करने पर कॉपर वायर के बंडल, कॉपर की अर्थिंग वाली राडें, कटर मशीन, ड्रिल मशीन, ग्राइंडर, ब्रास के पीबीसी, नल फिटिंग का सामान तथा दराज में रखे करीब तीन हजार रुपए नगदी समेत कुल 75 हजार का सामान गायब था।

**किराना दुकान में चोरी**

इधर, कटारा पुलिस ने बताया कि जीतेंद्र सिंह रघुवंशी (38) पार्क सिटी कटारा हिल्स में रहते हैं। वह गोल्डन आर्चेड मार्केट में किराना एवं जनरल स्टोर्स की दुकान चलाते हैं। बीती 11 दिसंबर की रात जीतेंद्र दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह करीब सात बजे दुकान पर पहुंचे तो ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। चेक करने पर गल्ले में रखे 30 हजार रुपए नगदी के अलावा घी तथा अन्य खाद्य सामग्री समेत करीब चालीस हजार का सामान गायब था। बदमाश दुकान में लगा डीवीआर भी चोरी कर अपने साथ ले गए थे, जिससे फुटेज नहीं मिले। घटना के समय जीतेंद्र का स्वास्थ्य ठीक नहीं था, इसलिए वह रिपोर्ट कराने नहीं पहुंचे।

---

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से फोटोग्राफर की मौत, साथी गंभीर

**भोपाल।** सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित ग्राम देहरी में सोमवार-मंगलवार की रात बाइक सवार दो लोगों तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर बैठे फोटोग्राफर की मौत हो गई, जबकि उसके साथी को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार आशीष राजपूत (30) नरेला शंकरी अयोध्या नगर में रहते थे और शादी पार्टी में फोटोग्राफी का काम करते थे। अयोध्या नगर में ही रहने वाला राकेश दास भी उनके साथ काम करता था। सोमवार-मंगलवार की रात दोनों एक कार्यक्रम अटैंड करने के बाद विदिशा से भोपाल लौट रहे थे। बाइक राकेश चला रहा था। रात करीब एक बजे दोनों सूखी सेवनिया थानांतर्गत ग्राम देहरी के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चला रहा राकेश उछलकर दूर गिरा, जबकि आशीष वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

## बीटीआर में आपसी संघर्ष, दो बाघों की मौत, बुजुर्ग पर किया हमला

**बाघ के शव का पोस्टमॉर्टम कर अंतिम संस्कार किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के उमरिया जिले में स्थित बांधवगढ टाइगर रिजर्व के ताला कोर एरिया में दो बाघ के शव मिले हैं। मंगलवार दोपहर लगभग 12 बजे एक बाघ का शव मिला था। गश्ती दल ने प्रबंधन को सुचना दी थी। एक दिन बाद बुधवार को करीब दो किमी दूर एक और बाघ का शव मिला। सीसीएफ एलएल उइके ने बताया कि दोनों बाघों की मौत आपसी संघर्ष के चलते हुई है। प्रबंधन मामले की जांच कर रहा है।

जानकारी के अनुसार, ताला कोर एरिया के किला पहुंच मार्ग में कक्ष क्रमांक 317 के पास गश्ती दल को संदिग्ध परिस्थिति में नर बाघ (7 वर्ष) का शव मिला। उन्होंने इसकी जानकारी बीटीआर प्रबंधन को दी। इसके बाद प्रबंधन के अधिकारी मौके पर पहुंचकर और जांच में जुट गए। अधिकारियों ने बताया कि बाघ के कंधे, गले और शरीर में चोट के निशान मिले हैं। बाघ के शव का पोस्टमॉर्टम कर अंतिम संस्कार किया गया है। वहीं दूसरे दिन यानी बुधवार को सीसीएफ एलएल उइके ने बताया कि जहां बाघ का शव मिला उससे दो किमी दूर एक और बाघ की लाश मिली है। प्रबंधन ने बताया कि बाघ की मौत का कारण भी आपसी संघर्ष है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उप संचालक पीके वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

**इधर वृद्ध पर टाइगर ने किया हमला**

मानपुर बफर में टाइगर के हमले में झल्ला पिता कोदू पाल (55) गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना के बाद घायल को मानपुर अस्पताल में शिफ्ट कराया गया है, जहां फिलहाल घायल वृद्ध उपचार चल रहा है। बताया जाता है कि ग्राम कुसुमहा के सेजवाही (गागीताल) निवासी घायल वृद्ध झल्ला अपने मवेशियों को लेकर जंगल (आरएफ 431/बीट-गांगीताल) की ओर गया था।

## सीआरपीएफ जवान की पत्नी ने कमरे में फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित पिपलिया कुंजनगढ़ में सीआरपीएफ जवान की पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह घर में अपने चार साल के बच्चे के साथ थी, जबकि बेटी स्कूल गई हुई थी। स्कूल से लौटी बेटी ने मां का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। हेड कांस्टेबल दीपक शुक्ला ने बताया कि पिपलिया कुंजनगढ़ निवासी 31 साल की मनीषा जोखले पति मुकेश जोखले गृहणी थी। उनके पति सीआरपीएफ में जवान है और दंतेवाड़ा में पदस्थ है। पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला।

### कांग्रेस नेता नागरानी के जन्मदिन पर काटा केक



**औबेदुल्लागंज।** कांग्रेस नेता और व्यापारी पंकज नागरानी का जन्मदिन केक काट कर मनाया। इस दौरान रमेश वासवानी, सोनू वासवानी, राजेश खटीक, संजय सिंह चौहान, रवि वासवनी, देवेंद्र सिंह राजू, उत्तम यादव, पवित्र कौर आदि ने शुभकामनाएं दी।

---



## सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भोपाल पहुंचकर पटवारी व पटेल को दी बधाई

**औबेदुल्लागंज।** नगर से सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भोपाल जाकर नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का स्वागत किया। जिला अध्यक्ष के साथ मिलकर सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल को बधाई दी। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और नवनिर्वाचित विधायक दिनेश गुर्जर को फूल माला पहनाकर बधाई दी। इस दौरान नगर के कांग्रेस कार्यकर्ता, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू, आगा खान, हरजीत सिंह मंगू, राजेश खटीक, परेश नागर, बसंत साहू, संजय सिंह चौहान, सुरजीत सिंह बिल्ले, मनोज खटीक, साधु गौर, आशीष गौर, राजू मेहरा, पंकज नागरानी, विक्रांत राय, नितिन राजोरिया, चांद खान, दुर्गेश यादव, उत्तम यादव, बद्री सिंह चौहान, डॉ. महेंद्र धाकड़, उमेश पाल, वंदना मालवीय सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अनुपयोगी बोरवेल को बंद करने कलेक्टर ने दिए आदेश

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में अनुपयोगी एवं खुले बोरवेल में छोटे बच्चों के गिरने संबंधी घटनाएं सामने आती रहती हैं। इन घटनाओं के संज्ञान में आने पर कलेक्टर अरविंद दुबे ने नगर के ऐसे बोरवेल जो उपयोग में नहीं आ रहे हैं, जिन बोरवेल में मोटर नहीं डली है और जिनमें बोर कैप नहीं लगा हुआ है, ऐसे बोरवेल के मालिक को लोहे के मजबूत ढक्कन से नट बोल्ट की सहायता से बंद करने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही संबंधित क्षेत्र के नगर पालिका सीएमओ को क्षेत्र का भ्रमण कर इस आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के लिए उत्तरदायी होंगे। गौरतलब है कि खुले बोरवेल में छोटे बच्चों के गिरने की कई घटनाएं सामने आईं है।

ग्राम तजपुरा एवं बिनेका बोरदा में हुआ भव्य स्वागत

## विकसित भारत निर्माण के लिए लिया मॉडल ग्राम बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विकासखंड में विकसित भारत यात्रा का बुधवार को ग्राम तजपुरा एवं बिनेका बोरदा पहुंची जहां ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान सीईओ युक्ति शर्मा ने कहा कि आज मैं आपके बीच एक अधिकारी नहीं एक बहन के रूप में पहुंची हूं, यही सुशासन है।

सीईओ द्वारा तजपुरा में नलजल योजना अंतर्गत पानी नहीं पहुंचने की समस्या का तुरंत हल करवाने का आश्वासन दिया। इस बीच जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समिति से जुड़े भूपेन्द्र नागर एवं सरपंच लालवन नंदवंशी ने जन अभियान से जुड़कर कैसे सरपंच बनने तक का सफर तय किया, सफलता की कहानी बया की। वहीं जअप की ब्लॉक समन्वयक निशा पटेल ने सभी को संकल्प दिलाया कि हमें प्रधान मंत्री के सपनों को साकार करने मॉडल ग्राम की परिकल्पा पर सतत विकास के लिए कार्य करना है। इस के लिए समुदाय का सहयोग एवं नेतृत्व कौशल जरूरी है। आप सभी सरकार के सहयोगी बनकर विकास में सहभागी बनें तभी इस लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इस दौरान पौधरोपण भी किया गया। यात्रा में भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, भाजपा नेता लालवन नंदवंशी, तहसीलदार प्रीति नागेन्द्र, बीआरसी कुशवाहा सर, सुनील सेरिया, रामकिशोर नंदवंशी पूर्व सरपंच आदिवासी नेता कुडप्पा जिला पंचायत सदस्य के साथ ग्राम के पंचायत सचिव सहित महिला बाल विकास विभाग, एनआरएलएमए बैंक, वन विभाग, पीएई कृषि विभाग के अधिकारी शामिल थे।



## मारपीट और बाइक में तोड़फोड़ करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर के सरकिया में रहने वाले आनंद परिहार के साथ मारपीट और बाइक में तोड़फोड़ करके लूट करने वाले चार आरोपियों को मंडीदीप पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मोबाइल और पर्स लूटकर भाग गए थे। इसकी रिपोर्ट मंडीदीप थाना में नामजद दर्ज कराई गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पवन मेहरा पिता देवराज (19) निवासी राहुल नगर मंडीदीप, अमन उर्फ विकाश लोधी पिता अजमेर सिंह (18) निवासी वार्ड 24 बिदिया कॉलोनी मंडीदीप, राजा उर्फ राजकुमार उर्फ हल्ला पिता कुमेर सिंह राजपूत (19) निवासी वार्ड 3 पाल मोहल्ला मंडीदीप एवं एक नाबालिग बालक को गिरफ्तार किया है।

---

भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के कई गांव और पंचायतों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# देश की जनता को समृद्धशाली व आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिन-रात कार्य कर 9 वर्षों में भारतीय राजनीति में मोदी नाम भरोसे और विश्वास की गारंटी बना

ऋषभ जैन ▶▶ औबेदुल्लागंज

विश्व में और भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ऐसा नाम बन गया है जो हर देश में और भारत की जनता के बीच भरोसे और विश्वास की गारंटी है। जनता, किसान, महिला, युवा, दीन दुखियों की सेवा करना इन सबको समृद्धशाली व आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिन-रात कार्य कर रहे हैं। इसलिए मोदी की गारंटी पर विश्वास जम गया। उक्त बात विधायक सुरेंद्र पटवा ने तब कहीं जब विकसित भारत संकल्प यात्रा भोजपुर क्षेत्र के गांव-गांव, पंचायत में जाकर मोदी की गारंटी पर विश्वास जताया।

पटवा ने कहा कि मोदी की गारंटी ने मानों मतदाताओं की सभी उलझन को दूर कर दी। 9 वर्षों में भारतीय राजनीति में मोदी नाम भरोसे और विश्वास की गारंटी बन गया है। किसी गारंटी के साथ मोदी का नाम जुड़ जाए तो जनता उस पर पूरा भरोसा करती है। यह विश्वास चुनाव परिणामों में दिखा।

विधायक पटवा ने कहा कि इन परिणामों में लोकसभा चुनाव के लिए दूरगामी संदेश है। पटवा ने कहा कि जनादेश भाजपा का हौसला बढ़ाने वाला है और उसकी ताकत बढ़ाने वाला है। पटवा ने कहा कि मोदी की गारंटी के कारण विधानसभा चुनाव में धमाकेदार वापसी की। इन परिणामों से यह स्पष्ट हो गया है कि मोदी के मन में मध्य प्रदेश है और मध्य प्रदेश के मन में मोदी है। भारत की जनता मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा करने लगी है।

> विधायक सुरेंद्र पटवा ने संकल्प यात्रा कार्यक्रम को किया संबोधित





**33 फीसदी आरक्षण का रास्ता साफ**

हाल में सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद में मंजूर कराया, जिससे महिलाओं के लिए संसद और विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण का रास्ता साफ हुआ। जब देश में सबका साथ सबका विकास का संकल्प लेकर चलने वाली एक सरकार हमारे पास है, तो फिर कोई दूसरी सरकार क्यों चुने, भारतीय जनमानस का विश्वास है मोदी की गारंटी।

**देशभर की महिलाओं ने अपना विश्वास जताया**

विधायक पटवा ने कहा कि आज यदि भाजपा पर देशभर की महिलाएं अपना विश्वास जता रही है तो यह पार्टी की एक दिन की मेहनत का परिणाम नहीं, बल्कि 9 वर्षों से देश के बेहतर के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किए गए निरंतर प्रयासों का प्रतिफल है। सरकार के कामकाज से महिलाओं के लिए उसकी सोच स्पष्ट होता है। केंद्र सरकार की अधिकांश योजनाओं में लाभार्थी महिलाएं ही मिलेंगी। उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम मातृ वंदन योजना से लेकर महिलाओं के लिए शौचालय तक की चिंता की बात हो सरकार हर मोर्चे पर मजबूती से महिलाओं के साथ खड़ी नजर आई। सिर्फ उज्ज्वला योजना में ही 9 करोड़ से अधिक मुफ्त गैस सिलेंडर महिलाओं की सुविधा के लिए उनके घर-घर तक पहुंचाया गया। पीएम मातृ वंदना योजना में पहले बच्चे के जन्म पर महिलाओं को 5000 की आर्थिक सहायता मिलती है।

**देश में करीब 11 करोड़ शौचालय बनवाए**

मोदी सरकार ने इज्जत घर नाम देकर देश में करीब 11 करोड़ शौचालय बनवाया, प्रधानमंत्री आवास योजना में मालिकाना हक पाने वाली 80 फीसदी लाभार्थी महिलाएं हैं। मुद्रा योजना में 27 करोड़ से अधिक महिलाओं को ऋण मिला, जिससे उनका सशक्तिकरण हुआ। इसी प्रकार उनका 3.18 करोड़ महिलाओं के लिए सुकन्या समृद्धि योजना खाता खोले गए। दशकों से मुस्लिम परिवारों में चली आ रही तीन तलाक की कुप्रथा को मोदी सरकार ने ही खत्म किया। इसके बाद बड़ी संख्या में मुस्लिम परिवारों में भी महिलाएं मोदी सरकार की प्रशंसक और भाजपा की मतदाता बनी हैं।

लोकसभा में बोले गृह मंत्री शाह ने

# राहुल का मन इटली का है तो ये नए कानून उन्हें कभी भी समझ नहीं आएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में देश के नए कानूनों में बदलाव लाने वाले भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में चर्चा की है। उन्होंने चर्चा के दौरान कहा कि पुराने कानून तत्कालीन कानून विदेशी शासकों द्वारा अपना वर्चस्व बनाए रखने में मदद के लिए बनाए गए थे।

इन कानूनों में बदलाव पर बोलते हुए गृह मंत्री शाह ने इटली तक का जिक्र कर दिया है। शाह ने लोकसभा में कहा कि पहली बार हमारे संविधान की स्पिरिट के हिसाब से कानून अब पीएम मोदी के नेतृत्व में बनने जा रहे हैं। 150 साल के बाद इन तीनों कानूनों को बदलने का मुझे गर्व है। कुछ लोग कहते थे कि हम इन्हें समझते, मैं उन्हें कहता हूं कि मन अगर भारतीय रखोगे तो समझ में आ जाएगा। लेकिन अगर मन ही इटली का है, तो कभी समझ नहीं आएगा।



दिल्ली में अनधिकृत कॉलोनियों से जुड़ा बिल पास

## 2026 तक अनधिकृत इमारतों को 'सुरक्षा कवच' मिला

संसद ने एक विधेयक पारित कर दिल्ली में अनाधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण तीन साल के लिए बढ़ा दिया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली कानून (विशेष प्रावधान) दूसरा (संशोधन) अधिनियम, 2023 लोकसभा में संक्षिप्त चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित हो गया, निचले सदन में तीन सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया। राज्यसभा में आठ सदस्यों ने विधेयक पर चर्चा में हिस्सा लिया और इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

आवास और शहरी मामलों के मंत्री पुरी ने कहा

## 2019 से केंद्र सरकार विधेयक पर कर रही चर्चा

आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि मई 2014 में पीएम मोदी द्वारा देश में शासन की जिम्मेदारी संभालने से पहले दिल्ली में समस्याएं थीं और समस्याएं उपेक्षा के कारण थीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सीएम की तरफ से काम पूरा करने के लिए दो और साल मांगे जाने के बाद 2019 से केंद्र इस विधेयक पर चर्चा कर रहा है।

**20 साल पहले भी दिखाई दे रही थी यह समस्या**



यह समस्या 20 साल पहले दिखाई दे रही थी। कांग्रेस सरकार ने 2006 में हाईकोर्ट और शीर्षकोर्ट के कारण इन्हें एक साल के लिए सुरक्षा प्रदान करने के लिए कानून लाया।

**पिछली सरकारों ने इसका समाधान नहीं किया**

पुरी ने कहा कि ग्रामीण इलाकों और देश के अन्य हिस्सों से लोग दिल्ली आ रहे हैं लेकिन पिछली सरकारों ने इस समस्या का समाधान नहीं किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली का भूमि क्षेत्र नहीं बदला है।

**इन कॉलोनियों में करीब 40 लाख लोग रह रहे**

पुरी ने कहा कि यह कानून 2019 में अस्तित्व में आया। 2020 और 2021 के लिए महामारी में, लगभग कोई जमीनी स्तर का काम नहीं किया जा सका। अभी इन कॉलोनियों में करीब 40 लाख लोग रहते हैं।

## खबर संक्षेप

### केजरीवाल विपश्यना के लिए रवाना



**नई दिल्ली।** आप संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल 10 दिन के लिए विपश्यना पर रवाना हो गए हैं। वे हर साल विपश्यना के लिए जाते हैं। वे ऐसे समय में विपश्यना के लिए जा रहे हैं जब ईडी ने शराब घोटाला मामले में उन्हें पूछताछ के लिए 21 दिसंबर को बुलाया है। इससे पहले भी ईडी ने नोटिस जारी किया लेकिन वे पूछताछ में नहीं पहुंचे थे।

### अब तक 23.58 करोड़ सॉइल हेल्थ कॉर्ड बांटे



**नई दिल्ली।** सॉइल हेल्थ मैनेजमेंट और सॉइल हेल्थ कार्ड योजनाओं को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के सॉइल हेल्थ और फर्टिलिटी फेक्टर के रूप में मिला दिया गया है। भारत सरकार ने सॉइल हेल्थ मैनेजमेंट और सॉइल हेल्थ कार्ड योजनाएं लागू की हुई है। अब तक किसानों को 23.58 करोड़ सॉइल हेल्थ कार्ड बांटे जा चुके हैं। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने यह जानकारी दी है।

### एक ही परिवार के 6 लोगों को कुचला



**अमरावती।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले के नाचोना गांव में एक पुराने विवाद को लेकर एक ही परिवार के छह लोगों पर गाड़ी चढ़ा दी गई। इन छह लोगों में से तीन की मौत हो गई वहीं तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। अन्य घायलों को अमरावती के इरविन अस्पताल में रेफर कर दिया गया। गांव के ही चंदन नाम के व्यक्ति ने घटना को अंजाम दिया है।

### मेट्रो में गई महिला की जान, 15 लाख मुआवजा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पर बीते शनिवार को मेट्रो ट्रेन के गेट में साड़ी फंसने से हुई महिला की मौत पर दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने महिला के परिवार को 15 लाख रुपए का मुआवजा देने की बात कही है। इस घटना से सभी का दिल दहल गया था। हादसे के समय महिला का के साथ उसका 10 साल का बेटा मौजूद था। अब 15 लाख रुपए का जुर्माना देने को कहा गया है।

### रामलला के दर्शन कराएंगी 1000 ट्रेनें



**अयोध्या।** श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन कराने के लिए देश के कोने-कोने से अयोध्या के लिए 1000 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। ये जानकारी रेलवे बोर्ड की चेयरमैन जया वर्मा सिन्हा ने दी। वे बुधवार को रामनगरी पहुंचीं और अयोध्या, रामघाट हाल्ट और गोंडा जिले के कटरा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा से पहले देश के विभिन्न स्थानों से स्पेशल ट्रेनें चलाने की योजना है।

विपक्ष की मिमिक्री पर उपराष्ट्रपति धनखड़ ने किया पलटवार- मुझे ही नहीं किसान और जाट समुदाय को भी अपमानित किया

# मैं हवन में अपनी आहुति दे दूंगा, मुझे कोई चिंता नहीं जाट समुदाय का ऐलान-हम अपनी ताकत दिखा देंगे

उपराष्ट्रपति का मजाक उड़ाने का मामला गरमाया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी द्वारा खुद का मजाक उड़ाने पर उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। बेनर्जी ने संसद परिसर में उपराष्ट्रपति की नकल कर रहे थे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी टीएमसी सांसद का हंसते हुए वीडियो बना रहे थे। अब उपराष्ट्रपति ने भी इसे लेकर राहुल की कड़ी आलोचना की है।धनखड़ यहीं नहीं रुके। उन्होंने अपना दर्द बयां करते हुए आगे कहा, आप मेरा कितना भी अपमान कर लें, मुझे कोई चिंता नहीं है।

मैं भारत के उपराष्ट्रपति के लिए, किसान समुदाय के लिए, अपने वर्ग के लिए हवन में सब कुछ बलिदान कर दूंगा। मुझे अपनी परवाह नहीं है। यदि कोई मेरा अपमान करता है तो मैं उसे सहन कर लेता हूं। मैं खून का घूंट पीता हूं। मैं यह कभी बर्दाश्त नहीं करूंगा कि मैं अपने पद की गरिमा की रक्षा नहीं कर सका। सदन की गरिमा और इस पद की गरिमा की रक्षा करना मेरा काम है।

**कांग्रेस को याद दिलाया- 138 साल पुरानी पार्टी की हरकत दुनिया देख रही**

### मिमिक्री को लेकर काफी दुखी दिखे धनखड़

धनखड़ राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान अपनी मिमिक्री को लेकर काफी दुखी दिखे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के साथ-साथ राहुल को भी आड़े हाथों लिया। धनखड़ ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह से कहा कि आप एक अनुभवी नेता हैं। आप कहते हैं कि ये 138 साल पुरानी पार्टी है, क्या हो गया? आप सब कुछ जानते हैं। तेरी खामोशी मेरे कानों में गूंज रही है। खडरगे जी की खामोशी मेरे कानों में गूंज रही है।

**भाजपा सांसदों ने जताई आपत्ति**

सभापति की नकल पर भाजपा सांसदों ने आपत्ति जताई है। भाजपा सांसद उपराष्ट्रपति के सम्मान में खड़े हुए और कार्यवाही में भाग लिया। हालांकि, धनखड़ ने भाजपा सांसदों से बैठने की अपील की।

हरियाणा के विज ने कहा


### चिड़ियाघर भेज देना चाहिए



अनिल विज ने कल्याण बेनर्जी की संसद सदस्यता रद्द करने की मांग की है। अंबाला में पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि विज ने कहा कि सांसद कल्याण बनर्जी ने जिस प्रकार से देश के उपराष्ट्रपति का मजाक उड़ाया है, उसके लिए उनकी संसद सदस्यता समाप्त कर देनी चाहिए और उन्हें किसी चिड़ियाघर में भर्ती करा देना चाहिए।

राहुल की पहली प्रतिक्रिया

### मैंने वीडियो शेयर नहीं किया



मिमिक्री के मामले में राहुल गांधी ने पहली बार प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के 150 सासंदों को निलंबित कर दिया गया लेकिन इसपर कोई चर्चा नहीं हो रही है।वहां पर सांसद बैठे हुए थे। मैंने उनका वीडियो लिया, मेरा वीडियो मेरे फोन में है। मीडिया दिखा रहा है, मीडिया कह रहा है, मोदी जी कह रहे हैं, किसी ने कुछ कहा ही नहीं है।

केंद्रीय निधि पर बात की!

### ममता की पीएम से मुलाकात



बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने राज्य की बकाया पड़ी केंद्रीय निधि पर चर्चा करने के लिए पीएम मोदी से मुलाकात की।ममता ने पत्र लिखकर राज्य के लिए धन जारी करने का आग्रह किया। पीएमओ ने भी सोशल मीडिया पर तस्वीर जारी कर बताया कि बेनर्जी ने सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ पीएम मोदी से मुलाकात की।

निलंबन पर केंद्र पर बरसीं सोनिया

### लोकतंत्र का गला घोंट रहे



कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने संसद से 141 विपक्षी सदस्यों के निलंबन को लेकर बुधवार को सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार लोकतंत्र का गला घोंट रही है। इससे पहले कभी भी इतने सारे विपक्षी सांसदों को सदन से निलंबित नहीं किया गया, और वह भी केवल एक बिल्कुल उचित और वैध मांग उठाने के लिए।

कल्याण बेनर्जी ने कहा

### यह एक कला, चोट का इरादा नहीं था



धनखड़ की नकल उतारने वाले तृणमूल कांग्रेस के नेता और सांसद कल्याण बेनर्जी ने इस घटना पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि नकल उतारना एक कला है। मेरे मन में सभापति के लिए पूरा सम्मान है। हमारा किसी को चोट पहुंचाने या दुख पहुंचाने का कोई इरादा नहीं था।

खरगे ने चला जाति का दांव

### दलित होने से बोलने नहीं दिया जाता



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि जाति को हर मुद्दे में नहीं घसीटा जाना चाहिए। उन्होंने साथ ही यह सवाल भी किया कि क्या उन्हें हर बार राज्यसभा में बोलने की अनुमति नहीं मिलने पर यह कहना चाहिए कि दलित होने के कारण ऐसा हुआ है। सभापति का काम दूसरे सदस्यों को संरक्षण देना है लेकिन वह खुद इस तरह का बयान दे रहे हैं।

विपक्षी दलों के सांसदों ने निकाला पैदल मार्च

## गांधी मूर्ति के सामने विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी की

संसद से विपक्षी सांसदों के निलंबन के खिलाफ विपक्षी सांसदों ने प्रदर्शन करते हुए पैदल मार्च निकाला। बताया जा रहा है कि कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के नेतृत्व में विपक्षी दलों के सांसदों ने संसद भवन परिसर स्थित गांधी मूर्ति पर एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। संसद से विपक्षी सांसदों के निलंबन के खिलाफ विपक्षी सांसदों ने आज प्रदर्शन करते हुए पैदल मार्च निकाला।




### जाट पंचायतः बंगले में घुसना कर देंगे दूभर 7 पीढ़ी तक याद रखेंगे तुम्हारा कारनामा



**माफी नहीं मांगी तो 24 को होगा बड़ा आंदोलन**

पालम 360 खाप के अध्यक्ष सुरेंद्र सोलंकी ने जाट समुदाय और खापों के प्रधान और अध्यक्ष के साथ बैठक की और कहा, माफी नहीं मांगी तो 24 को आंदोलन करेंगे।

जाट नेताओं ने कहा कि चक्काजाम करने का या नेताओं और सांसदों के घरों का घेराव करने का फैसला होगा तो उसे भी करेंगे। दिल्ली में किसानों का जो अपमान करेगा उसे घुसने नहीं दिया जाएगा। किसान परिवार का शख्स आज देश के उपराष्ट्रपति है, उनका टीएमसी सांसद मजाक बना रहा है। राहुल वीडियो बना रहे हैं, हम उनकी निंदा करते हैं। सुखचैन ने भी कहा कि सांसद ने ही मजाक नहीं उड़ाया बल्कि अन्य सांसद भी शामिल दिखाई दे रहे थे। उन्होंने कहा कि हम उस वंश से हैं जो 7 पीढ़ियों तक अपने दुश्मनों को नहीं भूलता। यह अपमान नहीं सहेंगे।

# कांग्रेस कर रही उपराष्ट्रपति का अपमान संसद में बहस की जगह जोकर बन रहे

एजेंसी ▶▶ बस्ती

जिले में सांसद खेल महाकुंभ का जिला स्तरीय आयोजन शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम परिसर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा थे। सीएम योगी आदित्यनाथ थे।

संबोधन के दौरान नड्डा ने कहा कि आप नेताओं को संसद में चर्चा और बहस करने के लिए भेजते हैं। लेकिन कल कुछ लोगों ने संसद में बहस करने के बजाय जोकर का काम किया और उपराष्ट्रपति की नकल की। एक सांसद उप राष्ट्रपति की नकल कर रहे थे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी वीडियो बना रहे थे।

**भाजपाध्यक्ष नड्डा ने राहुल गांधी पर साधा निशाना**



### 13 करोड़ परिवार गरीबी रेखा से ऊपर उठे

नड्डा ने कहा कि भारत में साढ़े 13 करोड़ परिवार गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। स्टील एक्सपोर्ट में चौथे नंबर पर थे पर अब दूसरे नंबर पर आ गए हैं। धनतेरस के दिन 55 लाख गाड़ियां खरीदी गईं, यह भारत का विकास है।

### अब भारत उपकरणों का निर्यातक बना

नड्डा ने कहा कि पहले रक्षा उपकरण हमें आयात करना पड़ता था पर अब भारत ये उपकरण खुद बना रहा है। आज बुलेट प्रूफ जैकेट हम एक्पोर्ट कर रहे हैं। पांच लाख बुलेट प्रूफ जैकेट पुलिस बलों को उपलब्ध कराए गए। देश को चलाने के लिए नेतृत्व, नीति, नियति और कार्यक्रम बहुत अहमियत रखते हैं। एशियन गेम्स में अब मेडल्स की झड़ी लग गई है।

स्मार्ट इंडिया हैकथॉन में पीएम ने कहा

# हमारा किसी भी तकनीक का आयात नहीं करने का लक्ष्य होना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 के ग्रैंड फिनाले के प्रतिभागियों के साथ बातचीत की।

पीएम मोदी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा अन्वेषकों की समस्या सुलझाने की क्षमता, जटिल चुनौतियों से निपटने की सरलता उल्लेखनीय है। पीएम ने कहा कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि भारत को किसी भी तकनीक का आयात न करना पड़े। भारत का स्पेस प्रोग्राम आज पूरी मानवता के लिए उम्मीद की किरण बन चुका है। चंद्रयान-3 ने भारत को चंद्रमा पर लैंड कराया, ये सफलता सिर्फ इतनी ही नहीं है। इसने भारत के प्रति दुनिया का नजरिया ही बदला है। दुनिया में यह भाव और सशक्त हुआ भारत कुछ भी कर सकता है। भारत को विकसित बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करना है।

**भारत एआई के लिए वैश्विक ढांचे पर दे रहा जोर**



पीएम ने कहा कि भारतीय रेलवे अपने परिवर्तन के दौर से गुजर रही है और केंद्र सरकार इसके लिए हजारों करोड़ खर्च कर रही है। लॉजिस्टिक्स पर भी हमारा विशेष ध्यान है। हमें नवीनतम तकनीक के उपयोग के बारे में सतर्क रहने की आवश्यकता है। यदि इसे नियामक तरीके से उपयोग किया जाए तो यह बहुत उपयोगी हो सकता है। भारत एआई के लिए एक वैश्विक ढांचे पर भी जोर दे रहा है।

### साइंस और टेक्नोलॉजी पर भी दिया बल

उन्होंने कहा कि विश्व को विश्वास है कि भारत वैश्विक चुनौतियों के लिए कम लागत, गुणवत्ता, टिकाऊ समाधान प्रदान कर सकता है। आज भारत, विश्व के सबसे युवा देशों में से एक है। आज भारत में विश्व का सबसे बड़ा टैलेंट पूल है। आज भारत में एक स्थिर और मजबूत सरकार है। आज भारत में साइंस और टेक्नोलॉजी पर अभूतपूर्व बल दिया जा रहा है।

**10 को करेंगे वाइब्रेंट गुजरात समिट की शुरुआत**

वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का दसवां संस्करण 10 से 12 जनवरी तक गुजरात में आयोजित किया जाएगा। समिट का उद्घाटन पीएम मोदी करेंगे। व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में गुजरात को वैश्विक स्तर पर लाने के लिए 2003 में पीएम मोदी की अगुवाई में शुरू किया गया था। सम्मेलन में विभिन्न देशों के शीर्ष नेताओं के शामिल होने की उम्मीद जताई है।

तमिलनाडु में भारी तूफान और बारिश से तबाही पर हाहाकार

# सेना और तटरक्षक बल ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में संभाला मोर्चा

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में चक्रवाती तूफान और भारी बारिश की वजह से कई इलाकों में तबाही मची हुई है। ऐसे में सेना की दक्षिणी कमान तूतीकोरिन के बाढ़ग्रस्त जिले में पहुंची और एक गर्भवती महिला और तीन शिशुओं सहित 150 से अधिक लोगों को सुरक्षित बचाया।

सेना की दक्षिणी कमान ने बचाव अभियान चलाया और 400 से अधिक लोगों को आश्रय देने में सहायता की। सेना का एक दल श्रीवैकुंटम पहुंच गया है, जहां ट्रेन फंसी हुई है। केंद्र बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री उपलब्ध करा रहा है। भारतीय तटरक्षक बल के एक अपतटीय गश्ती जहाज को एक हेलीकॉप्टर के साथ भी तैनात किया गया है।

## देश के अन्य भागों में भी शीतलहर का प्रभाव बढ़ा

**तूतीकोरिन में मोबाइल नेटवर्क ठप**



श्रीलंका और तमिलनाडु के दक्षिणी जिलों के क्षेत्रों में बंगाल की खाड़ी के दक्षिणपूर्व में चक्रवाती तूफान के कारण 17-18 दिसंबर को भारी वर्षा हुई, जिससे तिरुनेलवेली और थूथुकुडी जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। इस समय तूतीकोरिन में मोबाइल संचार नेटवर्क सुविधाएं ठप हैं।

**तूतीकोरिन हवाई अड्डा बंद**

तूतीकोरिन में स्थित भारतीय तटरक्षक जिला मुख्यालय संख्या 16 तिरुनेलवेली और थूथुकुडी दोनों जिलों के जिला प्रशासन के साथ संपर्क बनाए हुए है। तूतीकोरिन हवाई अड्डे के बंद होने के बाद भारतीय तटरक्षक बल चेन्नई सेएनडीआरएफ कर्मियों सहित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव और राहत प्रयासों में मदद के लिए मदुरै में एक फिक्स्ड विंग डोर्नियर विमान और एक एएलएच हेलीकॉप्टर तैनात किया गया है। चप्पू नौकाएं, गोताखोर टीम लगी हैं।

### अन्य राज्यों में भी दिखा शीतलहर का असर

उत्तर प्रदेश में भी पहाड़ों की बर्फबारी का असर दिख रहा है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आगामी दिनों में न्यूनतम व अधिकतम तापमान में और गिरावट आएगी। बिहार में मंगलवार को पटना सहित 17 शहरों के न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई, लगभग 14 स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे दर्ज किया गया। उत्तराखंड में लगातार कड़ाके की ठंड पड़ रही है। लगातार हो रही बर्फबारी से पारा माइनस में पहुंच गया है। दून समेत ज्यादातर क्षेत्रों में मौसम शुष्क है, लेकिन सुबह-शाम कड़ाके की ठंड सता रही है। लगातार बढ़ रही सर्दी के कारण जनजीवन प्रभावित है।

विधानसभा में शपथ ग्रहण

# गहलोत और पायलट ने काली पट्टी बांधकर शपथ ग्रहण की

एजेंसी ▶▶ जयपुर



राजस्थान की नवगठित 16वीं विधानसभा के पहले सत्र का आ गा ज बुधवार को हुआ। सत्र की कार्यवाही शुरू होने के बाद सबसे पहले प्रोटेम स्पीकर कालीचरण सराफ ने नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई।

सबसे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने शपथ ली। इसके बाद एक के बाद एक विधायकों को क्रम से शपथ दिलाई गई। पूर्व सीएम अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भी सदस्य के रूप में शपथ ली। वे काली पट्टी बांधे थे।

**सांसदों के निलंबन पर विरोध जताना बताई वजह**

कांग्रेस के विधायक विपक्षी सांसदों लोकसभा और राज्यसभा के निलंबन को लेकर अपना विरोध जताने के लिए बांह पर काली पट्टी बांधकर सदन में पहुंचे थे। संसद में सुरक्षा चूक के मुद्दे पर हंगामे की वजह से लोकसभा और राज्यसभा से कुल 143 विधायकों को निलंबित किया जा चुका है।

ट्रंप पर समर्थकों को संसद भवन में घुस कर हिंसा के लिए भड़काने का आरोप

# कैपिटल हिंसा मामले में ट्रंप को बड़ा झटका, नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। अमेरिका की एक अदालत ने ट्रंप को 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है। यह फैसला अमेरिका में कैपिटल हिल हिंसा में डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों की भूमिका को देखते हुए अदालत ने सुनाया है।



अदालत ने आदेश में कहा है कि ट्रंप अगले साल अमेरिका में होने वाले चुनाव में भाग नहीं ले सकते हैं। 14वें संशोधन की धारा 3 का उपयोग राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को अयोग्य घोषित करने के लिए किया गया है। अदालत ने अपने फैसले में लिखा कि अदालत के बहुमत का मानना है कि ट्रंप 14वें संशोधन की धारा 3 के तहत राष्ट्रपति पद संभालने के लिए अयोग्य हैं।

*वर्ष 2021 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प की हार के बाद उनके समर्थकों ने 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद) पर हमला कर दिया था। इस मामले में अदालत ने राज्य सचिव को आदेश दिया कि डोनाल्ड ट्रंप का नाम रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के मतदान से बाहर किया जाए।*

**खास बातें**

- अमेरिकी कोर्ट ने ट्रंप को राष्ट्रपति उम्मीदवार के लिए अयोग्य माना
- कोलोराडो प्रांत के हाई कोर्ट ने जिला अदालत के निर्णय को पलटा

**अब ट्रंप जाएंगे सुप्रीम कोर्ट**

अमेरिका के इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी राष्ट्रपति उम्मीदवार को व्हाइट हाउस की रेस में शामिल होने से पहले अयोग्य करार दे दिया गया है। हालांकि, पूरी उम्मीद है कि ट्रंप इस फैसले के खिलाफ अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे। अदालत ने रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से व्हाइट हाउस की दौड़ के लिए प्रमुख दावेदार ट्रंप को राष्ट्रपति पद के लिए राज्य के प्राथमिक मतदान से हटा दिया है।

## 2020 में ट्रंप हारे थे राष्ट्रपति पद का चुनाव

गौरतलब है कि साल 2020 में अमेरिका में हुए राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद 6 जनवरी 2021 को ट्रंप के समर्थकों ने अमेरिकी संसद (कैपिटल हिल) को घेर लिया था। कुछ समर्थक कैपिटल हिल में घुस भी गए थे और तोड़-फोड़ किया था। कैपिटल हिंसा के बाद इसकी जांच अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई को सौंपी गई थी।

## धारा 3 के तहत राष्ट्रपति पद संभालने के लिए अयोग्य घोषित

*कोलाराडो के 6 मतदाताओं के एक समूह ने सितंबर में डोनाल्ड ट्रंप को 2024 में राज्य के मतदान से रोकने के लिए मुकदमा दायर किया था। उनका दावा था कि संवैधानिक प्रावधान के कारण उन्हें रोक दिया गया था। धारा 3 कहती है कि कोई भी व्यक्ति संयुक्त राज्य अमेरिका के अधिकारी के रूप में काम नहीं कर सकता है, जिसने पहले संघीय पद की शपथ ली हो, अमेरिका के खिलाफ विद्रोह में शामिल हो। मुकदमे में दावा किया गया कि ट्रंप ने अपने समर्थकों की भीड़ द्वारा यूएस कैपिटल में दंगा भड़काने और विद्रोह का कार्य किया था।*

**अब न ट्रंप चुनाव लड़ पाएंगे और न ही वोट डाल पाएंगे**

### ये फैसला सिर्फ कॉलोरेडो प्रांत के लिए

कोलाराडो की सर्वोच्च अदालत ने यूएस कैपिटल हिंसा मामले में मंगलवार को ट्रंप को अमेरिकी संविधान के तहत राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य करार दिया। कोर्ट ने यह आदेश पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को उनके समर्थकों द्वारा यूएस कैपिटल पर 6 जनवरी, 2021 को किए गए हमले में उनकी भूमिका को लेकर दिया है। अदालत ने राज्य सचिव को आदेश दिया कि ट्रंप का नाम रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के मतदान से बाहर किया जाए। अब न ट्रंप चुनाव लड़ पाएंगे और न ही वोट डाल पाएंगे। प्रांत के प्राइमरी के बैलेट पर ट्रंप का नाम नहीं होगा। हालांकि ये फैसला सिर्फ कॉलोरेडो प्रांत के लिए लागू होगा।

**खबर संक्षेप**

### सूखे की चपेट में अमेरिका का कैलिफोर्निया राज्य

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया ने भी पीने के पानी को बचाने का जिम्मा उठा लिया है। यहां कुछ सालों से जल संकट गहरा रहा है, इसलिए फैसला लिया गया है कि गंदे पानी को पीने के पानी में बदला जाएगा। नए नियमों को मंजूरी दे दी।



### मलेशिया में इजराइली जहाजों पर प्रतिबंध

**कुआलालंपुर।** मलेशियाई सरकार ने इजराइल के स्वामित्व वाले और झंडे वाले जहाजों के साथ-साथ इजराइल जाने वाले जहाजों पर भी अपने बंदरगाहों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। यह निर्णय इजराइल-हमास युद्ध में इजराइल की कार्रवाई पर लिया गया है।



### इजराइल हमले में 17 दिन की बच्ची की मौत

**गाजा।** इजराइली ने दक्षिणी गाजा के शहरों पर हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम 45 फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। इसमें 17 दिन पहले जन्मी बच्ची की भी जान चली गई। योव गैलेंट ने चेतावनी दी कि गाजा के दक्षिण में अभियान जारी रहेगा।



पीएम मोदी ने कुछ देशों में भारत विरोधी गतिविधियों पर दो टूक कहा

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में 'हिंसा' बर्दाश्त नहीं, चरमपंथियों की हरकतें चिंताजनक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की कथित हत्या की साजिश में एक भारतीय अधिकारी और एक भारतीय नागरिक के शामिल होने के अमेरिकी आरोपों पर पहली बार पीएम नरेंद्र मोदी ने प्रतिक्रिया दी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अगर भारत के किसी नागरिक ने कुछ भी अच्छा या बुरा किया है तो सरकार इस पर गौर करने के लिए तैयार है।

उन्होंने यह स्पष्ट किया कि यह मामला भारत और अमेरिका के संबंधों पर कोई प्रभाव नहीं डालेगा। उन्होंने कहा कि वह कुछ घटनाओं को डिप्लोमेटिक संबंधों से जोड़ना सही नहीं समझते। हालांकि इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया कि कई देशों में फैले कुछ चरमपंथी ग्रुप्स की गतिविधियों को लेकर भारत चिंतित है। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में ये तत्व डराने-धमकाने और हिंसा भड़काने में लगे हुए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने विदेश में चरमपंथियों द्वारा की जा रही एंटी इंडिया गतिविधियों पर चिंता जताई है।

*भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक इंटरव्यू के दौरान अमेरिका में एक भारतीय की हत्या की साजिश के आरोपों का जवाब दिया और कहा कि अगर कोई हमें किसी तरह की जानकारी देता है तो हम निश्चित रूप से इस पर गौर करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने चरमपंथी गतिविधियों पर भी चिंता जताई।*

**खास बातें**

- पन्नू 2019 से एनआईए की नजर में, तभी हुआ था पहला मामला दर्ज
- पन्नू ने दी थी हाल ही में भारत के संसद भवन पर हमले की धमकी
- कनाडा के पीएम ट्रूडो के आरोपों को भारतीय विदेश मंत्रालय ने बेतुका बताया और नकारा

### हमारे किसी नागरिक ने जो भी किया तो हम इसे देखेंगे

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगर हमें कोई जानकारी देता है तो हम जरूर इसपर गौर करेंगे। अगर हमारे किसी नागरिक ने अच्छा या बुरा किया तो हम इसे देखेंगे। हमारी प्रतिबद्धता कानून के शासन के प्रति है। अमेरिका-भारत संबंधों पर उन्होंने कहा कि इस रिश्ते को और मजबूत करने के लिए हमारे पास दोनों तरफ से समर्थन है। यह एक मैच्युअर और स्टेबल पार्टनरशिप का क्लीयर इंडिकेटर है। सुरक्षा और एंटी टेररिज्म सहयोग हमारी पार्टनरशिप का एक प्रमुख कंपोनेंट रहा है। पीएम ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि कुछ घटनाओं को दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों से जोड़ना सही है।



### विदेश मंत्रालय ने धमकी को गंभीरता से लिया

विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि हम धमकियों को गंभीरता से लेते हैं। हम यहां एक बंधन में फंस गए हैं। मैं धमकी देने वाले चरमपंथियों की तलाश के लिए बहुत ज्यादा विश्वसनीयता नहीं बढ़ाना चाहता हूं। उन्होंने कहा, हमने इस मामले को अमेरिकी और कनाडाई अधिकारियों के समक्ष उठाया है। चरमपंथियों और आतंकवादियों की प्रवृत्ति किसी मुद्दे पर मीडिया कवरेज चाहने की होती है। बागची ने कहा, वह कानून के उल्लंघन के लिए हमारी एजेंसियों द्वारा वांछित है और एक प्रक्रिया है जिसके तहत हम सहायता मांगते हैं और उन पर मुकदमा चलाया जाता है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि अपराध किया गया है या नहीं। हमारे मामले में, मुझे लगता है कि भारत में वह किस तरह के अपराधों के लिए जिम्मेदार है, इसके बारे में विस्तार से अनुरोध किया गया है...हमने भारत या भारतीय राजनयिकों के खिलाफ चरमपंथियों या आतंकवादियों द्वारा किए गए किसी भी खतरे के बारे में अपने भागीदारों को चिंताएं भी बताई हैं।

### हम मल्टीलेटरलिज्म के युग में रह रहे

पीएम मोदी ने कहा कि हमें इस फैक्ट को मानना होगा कि हम मल्टीलेटरलिज्म के युग में रह रहे हैं। दुनिया एक दूसरे से जुड़ी हुई भी है और एक दूसरे पर निर्भर भी। यह वास्तविकता हमें यह मानने के लिए मजबूर करती है कि सभी मामलों पर पूर्ण सहमति सहयोग के लिए पहले से शर्त नहीं हो सकती। मई में, पीएम मोदी ने राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रथम महिला जिल बाइडेन के निमंत्रण पर राजकीय यात्रा के लिए अमेरिका का दौरा किया। जिसके बाद, बाइडन सितंबर में भारत की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुए जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आए।

### भारत पहले ही नकार चुका ट्रूडो के बयान

*कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने दावा किया था कि कनाडाई क्षेत्र में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत का हाथ था। हालाँकि, इन आरोपों को विदेश मंत्रालय ने सिरे से खारिज कर दिया और इन्हें बेतुका और दुर्भावना से प्रेरित करार दिया।*

**न्याय विभाग बोला...**

न्याय विभाग ने दावा किया कि सीसी-1 के सहयोगी गुप्ता ने सीसी-1 के साथ अपने संचार में अंतरराष्ट्रीय नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी में अपनी भागीदारी का वर्णन किया।

ब्रिटेन की 2 साल में रोकी महंगाई

# लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था में चला पीएम सुनक का जादू



■ चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में ब्रिटेन फिर से बेहतर

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपनी काबिलियत का सबसे बड़ा लोहा मनवाते हुए महंगाई को घुटनों पर ला दिया है। जबकि इससे पहले ब्रिटेन की बेलगाम महंगाई और लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था के चलते ही पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और लिज ट्रस को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

इसके बाद भारतीय मूल के ऋषि सुनक ने मोर्चा संभाला था। पीएम ऋषि सुनक के सामने ब्रिटेन की महंगाई को काबू में लाने और अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की बड़ी चुनौती थी। सुनक ने दोनों ही चुनौतियों से पार पाते हुए महंगाई को काबू में ला दिया है।

### किस कदम से काबू में आई महंगाई

*सांख्यिकी कार्यालय ने इस गिरावट के पीछे ईंधन कीमतों में की गई कटौती को प्रमुख वजह बताया। इसके अलावा खाद्य कीमतों में नरमी ने भी खुदरा मुद्रास्फीति को कम किया। विश्लेषकों का कहना है कि खुदरा मुद्रास्फीति के कम होने से बैंक ऑफ इंग्लैंड ब्याज दरों में कटौती का कदम उम्मीद से थोड़ा जल्दी ही उठा सकता है। पिछले साल मुद्रास्फीति चार दशकों के उच्चस्तर 11 प्रतिशत से भी अधिक हो गई थी। इसपर काबू पाने के लिए ब्रिटिश केंद्रीय बैंक ने पिछले साल से नीतिगत दर में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू किया था और इस समय यह 15 साल के उच्चस्तर 5.25 प्रतिशत पर है।*

### नवंबर में मुद्रास्फीति में तगड़ी गिरावट

अब ब्रिटेन में ईंधन एवं खाद्य कीमतों में नरमी से खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर के महीने में घटकर 3.9 प्रतिशत पर आ गई, जो पिछले दो साल से भी अधिक का सबसे निचला स्तर है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने बुधवार को मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि पिछले महीन उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति 3.9 प्रतिशत रही। यह सितंबर, 2021 के बाद खुदरा मुद्रास्फीति का सबसे निचला स्तर है। अक्टूबर के महीने में खुदरा मुद्रास्फीति 4.6 प्रतिशत रही थी। इस तरह नवंबर में मुद्रास्फीति में तगड़ी गिरावट दर्ज की गई।

यह सम्मान दिवंगत वाइस एडमिरल को दिया

भारतीय नौसेना के प्रमुख तकनीकी प्रशिक्षण प्रतिष्ठान को मिला मूल

# भारत-पाक युद्ध के 52 साल बाद आईएनएस शिवाजी को मिला वीर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के प्रमुख तकनीकी प्रशिक्षण प्रतिष्ठान, आईएनएस शिवाजी को 1971 युद्ध के नायक रहे दिवंगत वाइस-एडमिरल बेनॉय रॉय चौधरी को दिया गया मूल 'वीर चक्र' हासिल हुआ है। युद्ध के समय चौधरी आईएनएस विक्रांत पर इंजीनियर ऑफिसर के रूप में तैनात थे। आईएनएस शिवाजी के विशिष्ट चेयर-मरीन इंजीनियरिंग, वाइस-एडमिरल दिनेश प्रभाकर ने प्रशिक्षण केंद्र पर आयोजित एक समारोह में वाइस-एडमिरल चौधरी के परिवार के सदस्यों पदीप्ति बोस और गार्गी बोस से वीर चक्र प्राप्त किया। समारोह का आयोजन नौसेना ने किया था।



### तत्कालीन नौसेना प्रमुख नंदा ने दिया था पुरस्कार

रक्षा पीआरओ कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, वाइस एडमिरल चौधरी नौसेना के एकमात्र तकनीकी अधिकारी हैं, जिन्हें प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 52 साल पहले भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान चौधरी आईएनएस विक्रांत पर इंजीनियर अधिकारी थे। नौसेना स्टाफ के तत्कालीन प्रमुख एडमिरल एसएम नंदा ने उन्हें यह पुरस्कार दिया। उन्हें 'एन इंजीनियर पार एक्सीलेंस' की उपाधि दी गई थी। वाइस-एडमिरल चौधरी की बहादुरी, देशभक्ति और समर्पित सेवा विभिन्न महत्वपूर्ण उपलब्धियों का प्रमाण है। उन्हें 1971 के युद्ध में वीरतापूर्ण कार्यों के लिए वीर चक्र मिला।

'कांग्रेसनल हिंदू कॉकस' समूह बना

# अमेरिकी संसद में हिंदुओं के हितों की रक्षा के लिए साथ आए सांसद

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

धार्मिक अल्पसंख्यक के हितों की रक्षा और अमेरिकी कांग्रेस में उनके मुद्दे उठाने 'कांग्रेसनल हिंदू कॉकस' बनेगा। रिपब्लिकन सांसद पीटर और एलिस स्टेफानिम ने अमेरिकी संसद में इसकी घोषणा की।

कॉकस ने हिंदू-अमेरिकी समुदाय और नीति निर्माताओं के बीच संबंध बनाने में भूमिका जारी रखी है। कॉकस का उद्घाटन देश की राजधानी में हिंदू-समुदाय की आवाज को पहचानने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### सिख, जैन और बौद्ध धर्म के सदस्य भी शामिल


साथ ही कहा गया कि कांग्रेसनल हिंदू कॉकस का उद्देश्य उन मूल्यों का प्रतिनिधित्व करना है, जो हिंदू-अमेरिकी समुदाय के लिए महत्वपूर्ण है। बता दें कॉकस भारत, नेपाल, श्रीलंका, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, भूटान, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, यूनाइटेड किंगडम और नीदरलैंड सहित कई देशों के हिंदुओं का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें सिख, जैन और बौद्ध के सदस्य भी शामिल हैं।



**व्यापार की अड़चनों को कम करने के उपाय खोजे**

# भारत और न्यूजीलैंड में द्विपक्षीय वार्ता

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टोड मैक्ले के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक में व्यापार अड़चनों को कम करने और निवेशक-अनुकूल माहौल बनाने के उपायों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान दोनों मंत्रियों ने सहयोगात्मक दृष्टिकोण के तहत दोनों देशों के बीच जुड़ाव बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।



नेतन्याहू ने किया पीएम मोदी को फोन, इज़राइल-हमास संघर्ष पर चर्चा

# मानवीय सहायता और कूटनीति से संघर्ष विराम की बात को दोहराया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजराइल और हमास जंग को लेकर इजराइली पीएम नेतन्याहू से फोन पर बात की। इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने पीएम मोदी को इजराइल-हमास संघर्ष के हालिया घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी। दोनों नेताओं ने समुद्री यातायात की सुरक्षा के संबंध में चिंताओं को साझा किया। पीएम मोदी ने मानवीय सहायता और बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के समाधान की आवश्यकता को दोहराया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ चल रहे इजराइल-हमास संघर्ष पर विचारों का सार्थक आदान-प्रदान हुआ, जिसमें समुद्री यातायात की सुरक्षा पर साझा चिंताएं भी शामिल थीं।



**खास बातें**

- दोनों नेताओं ने समुद्री यातायात की सुरक्षा के संबंध में चिंताओं को साझा किया
- दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्ष नेता संपर्क में बने रहने पर सहमत हुए

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजराइली पीएम नेतन्याहू से फोन पर बात की और इजराइल और हमास जंग को के हलातों पर भी चर्चा की। पीएम मोदी ने मानवीय सहायता और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के समाधान की आवश्यकता को दोहराया।*

### गूगल ने बंद किया 'लाइव ट्रैफिक' फीचर

इजराइल-हमास के बीच जारी संघर्ष के बीच गूगल ने इजराइली सेना के अनुरोध पर लाइव ट्रैफिक फीचर को बंद कर दिया है। इस कारण लोगों को गूगल नेविगेशन ऐप को यूज करने में परेशानी आ रही है। इजराइली सैनिकों का कहना है कि गूगल नेविगेशन ऐप्स जैसे गूगल मैप्स के जरिए इजराइली सेना की गतिविधियों और संचालन को ट्रैक किया जा सकता है।

### 7 अक्टूबर से जारी है संघर्ष

बता दें की इजराइल और हमास के बीच 7 अक्टूबर से संघर्ष जारी है। इजराइल और हमास युद्ध में अब तक लगभग 20 हजार लोगों की मौत हो चुकी हैं, और बड़े पैमाने पर लोग घायल भी हुए हैं। इस संघर्ष को लेकर इजराइल को वैश्विक स्तर पर बहुत दबाव का सामना करना पड़ रहा है।

### संघर्ष विराम के लिए चल रही बातचीत

इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने हमास द्वारा बंधक बनाए गए बंधकों को वापस लाने के लिए संघर्षविराम की जरूरत पड़ती है तो हम ऐसा करने के लिए तैयार हैं। बता दें कि इजराइल और हमास के बीच संघर्षविराम के लिए बातचीत चल रही है। सीआइ के प्रमुख इजराइली और कतर के अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए यूरोप पहुंच गए।

निविदा के लिए पेश की बोली

# राफेल-समुद्री लड़ाकू जेट सौदे के लिए आया फ्रांसीसी दल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार फ्रांस से नौसेना के लिए राफेल जेट के नौसेना संस्करण के 26 विमान खरीद के क्रम में है। ये लड़ाकू जहाज आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य पर तैनात किए जाने हैं। भारत ने इस बारे में फ्रांस से वार्ता की थी। रक्षा सूत्रों ने बताया कि भारत के स्वीकृति पत्र के जवाब में फ्रांस ने नई दिल्ली में अपनी बिड (बोली) जमा की है। दूसरे देशों में सैन्य बिक्री से संबंधित फ्रांसीसी सरकारी अधिकारियों की एक टीम भारतीय निविदा पर बोली लगाने के लिए पेरिस से आई है।

### एक महीने पहले दी सूचना

सूत्रों ने बताया कि जुलाई में रक्षा मंत्रालय ने राफेल के नौसेना संस्करण को खरीदने का फैसला किया था। करीबन एक महीने से अधिक समय पहले भारत ने फ्रांस की सरकार को औपचारिक रूप से अनुरोध पत्र भेजकर दसौ एविएशन से विमान खरीदने की सूचना दी थी। इस सौदे को लेकर अक्टूबर की शुरुआत में दसौ के अध्यक्ष और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने नई दिल्ली का दौरा कर भारत की इस संभावित खरीद के बारे में विचार-विमर्श किया था।






**डॉक्टर्स सजेशन**

**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## एलर्जी की वजह से भी सर्दी में आती हैं छींकें



**मेरी उम्र 61 वर्ष है। सर्दी के मौसम में रोज सुबह छींकें आती हैं, कुछ देर बाद खुद ही बंद हो जाती हैं। ऐसा क्यों होता है, राहत के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**राम आसरे, अंबिकापुर**

इस मौसम में काफी लोगों को इस तरह की समस्या होती है। ऐसा एलर्जी से होता है। इसमें जैसे ही व्यक्ति रजाई या कमरे से बाहर निकलकर खुले में आता है, छींकें आने लगती हैं। इससे बचने के लिए कोशिश करें कि आप कमरे से बाहर निकलने से पहले कैप लगा लें और पूरी तरह से वूलेन कपड़े पहनकर ही बाहर निकलें।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मैं कमर दर्द से परेशान रहता हूं। अकसर पेन किलर खाता हूं। इससे पेट भी खराब हो जाता है। कृपया बताएं मैं क्या करूं?**

**-करमेंद्र, जींद**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपका कमर दर्द हो रहा है, इसके लिए आपको विटामिन डी की जांच करानी चाहिए, क्योंकि मौजूदा समय काफी संख्या में लोगों में विटामिन डी की कमी पाई जा रही है। लोग धूप में कम बैठते हैं, इस वजह से ऐसी समस्या आ रही है। इसके साथ ही आप नियमित रूप में सुबह-शाम कमर की एक्सरसाइज करें। एक बार आप फिजियोथैरेपिस्ट से भी संपर्क करें। वे आपको कुछ एक्सरसाइज बताएगें। इसके साथ ही कैल्शियम की जरूरी मात्रा लेने के लिए नियमित दूध का सेवन करें। इन उपायों से आपको राहत मिलेगी। कोशिश करें कि पेन किलर कम से कम खाएं।

**मेरी उम्र 36 वर्ष है। मैं दिन में दो बार भरपेट खाता हूं, फिर भी कुछ घंटे बाद ही भूख महसूस होती है। मेरा वेट भी ज्यादा नहीं है। कृपया इसका समाधान बताएं।**

**आकाश, भिलाई**

आपकी समस्या पढ़कर लगता है आपको सबसे पहले शुगर की जांच करानी चाहिए, क्योंकि शुगर लेवल अधिक होने पर भूख बार-बार लगती है और वजन नहीं बढ़ता है। इसलिए आप एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर जांच कराएं। उसके बाद ही उपचार शुरू हो सकेगा।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। जाड़े में गर्म पानी से नहाता हूं। लेकिन नहाने के बाद स्किन ड्राय हो जाती है। इचिंग भी होती है। ऐसा ना हो, इसका कोई उपाय बताएं।**

**-हेमंत, भोपाल**

सबसे पहले आप कोशिश करें कि अधिक गर्म पानी से ना नाहाएं, यानी बहुत ठंडे या गर्म के बजाय पानी को नॉर्मल कर लें और उससे नहाएं। साथ ही बाथरूम में नारियल का तेल रखें, नहाने के तुरंत बाद जब त्वचा गीली हो, तभी नारियल का तेल त्वचा पर लगा लें। इस तरह आपको ड्रायनेस और खुजली से राहत मिलेगी।

**मैं 50 वर्ष का हूं। हार्ट पेशेंट हूं। दवा तो लेता हूं, लेकिन इसके साथ हार्ट को हेल्दी रखने के लिए डाइट और लाइफस्टाइल में क्या बदलाव करने चाहिए?**

**अमरीश, रोहतक**

जैसा आप बता रहे हैं कि आप हार्ट के पेशेंट हैं, इसलिए आपको अधिक तला-भुना खाना कम कर देना चाहिए या नहीं खाना चाहिए। साथ में आप सुबह-शाम आधे-आधे घंटे की सैर करें। खाने में सलाद जरूर शामिल करें। रात में समय से सोना चाहिए और सुबह जल्दी उठें। खाने में नमक कम खाएं।

**मेरी उम्र 57 वर्ष है। मैं कितने भी कपड़े पहन लूं, मुझे सर्दी बहुत महसूस होती है। सामान्य काम करने में परेशानी होती है। क्या डाइट में कुछ बदलाव से राहत मिल सकती है, कृपया बताएं।**

**-श्रीप्रकाश, कोरबा**

हर आदमी का बॉडी स्ट्रक्चर अलग-अलग होता है। कुछ लोगों को अधिक सर्दी लगती है, कुछ लोगों को सर्दी कम महसूस होती है। इससे बचने के लिए आप कपड़े अधिक पहनें, साथ ही ड्राई फ्रूट्स का सेवन करें और रात में हल्दी मिलाकर दूध पिएं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

ब्लड में शुगर लेवल का बढ़ना यानी डायबिटीज एक ऐसा रोग है, जिसमें लापरवाही बरतने से कुछ अन्य गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। इनसे बचाव के लिए डायबिटीज पेशेंट्स को अपना शुगर लेवल मेंटेन करने के साथ किसी भी तरह की शारीरिक असामान्यता पर नजर रखनी चाहिए। इस बारे में आपके लिए बहुत ही यूजफुल इंफॉर्मेशंस हम दे रहे हैं।

## डायबिटीज की वजह से बढ़ती है कई बीमारियों की आशंका

**डॉक्टर एडवाइस**

**डॉ. धीरज कपूर**

सीनियर एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, ऑर्टिमिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम



आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी खान-पान की गलत आदतों और शारीरिक गतिविधि की कमी के कारण देश की आबादी का बड़ा हिस्सा डायबिटीज यानी मधुमेह का शिकार हो रहा है। इससे जुड़ी चिंताजनक बात यह है कि डायबिटीज के मरीजों में कुछ अन्य शारीरिक समस्याओं की आशंका बढ़ जाती है।

### हार्ट डिजीज

किसी इंसान को पहले से डायबिटीज हो तो उसे हृदय रोगों की आशंका बढ़ जाती है। खून में शुगर लेवल बढ़ने के कारण धीरे-धीरे हृदय की ब्लड वेसेल्स सिकुड़ने लगती हैं। फिर रक्त प्रवाह में रुकावट पैदा होती है, शरीर के सभी हिस्सों तक ऑक्सीजनयुक्त रक्त पहुंचाने के लिए हृदय को सामान्य से ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। नतीजा, ब्लडप्रेशर बढ़ जाता है और हृदय पर बहुत ज्यादा दबाव पड़ने लगता है, जो कई बार हार्ट अटैक का कारण बन जाता है।

**बचाव-उपचारः** इस समस्या से बचाव के लिए संतुलित खान-पान और नियमित व्यायाम से बढ़ते वजन को नियंत्रित रखें। घी, तेल, चीनी, मैदा, एल्कोहाल, सिगरेट और डिब्बा बंद जंक फूड्स से दूरी बनाकर रखें, क्योंकि उनमें मौजूद प्रिजर्वेटिव्स सेहत के लिए बहुत नुकसानदेह होते हैं। जब डायबिटीज के कारण दिल की बीमारियों की आशंका बढ़ने लगती है तो कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित करने और खून को पतला करने वाली दवाएं दी जाती हैं, ताकि रक्तप्रवाह में कोई रुकावट ना हो।

### डायबिटिक रेटिनोपैथी

जब शुगर लेवल बहुत ज्यादा बढ़ जाए तो इसकी वजह से आंखों की दृष्टि भी प्रभावित होती है। ऐसी स्थिति में आंखों की रेटिना को पोषण प्रदान करने वाली अतिसूक्ष्म रक्त वाहिकाएं नष्ट होने लगती हैं, जिससे आंखों की दृष्टि धुंधली पड़ने लगती है।

**बचाव-उपचारः** इस समस्या से बचाव के लिए आंखों में कोई तकलीफ ना हो तो भी डायबिटीज पेशेंट्स साल में एक बार आई चेकअप जरूर करवाएं। जांच के दौरान अपने आई स्पेशलिस्ट को डायबिटीज के बारे में जरूर बताएं, ताकि सही समय पर समस्या की पहचान करके इसका उपचार शुरू किया जा सके।



### डायबिटिक नेफ्रोपैथी

जब शुगर लेवल के साथ ब्लडप्रेशर भी बढ़ जाता है, तो ऐसी स्थित में किडनी की अति सूक्ष्म रक्तवाहिकाओं को बहुत नुकसान पहुंचता है। इससे किडनी की कार्यक्षमता घटने लगती है। जब किडनी ब्लड को अच्छी तरह फिल्टर नहीं कर पाती तो ऐसी स्थिति में यूरिन से अधिक मात्रा में प्रोटीन डिस्चार्ज होने लगता है, जिससे शरीर में इस पोषक तत्व की कमी हो जाती है। परिणामस्वरूप वाटर रिटेंशन यानी शरीर में पानी जमा होने और सूजन की समस्या परेशान करने लगती है।

**बचाव-उपचारः** इससे बचाव के लिए चीनी और नमक का सेवन अत्यंत सीमित मात्रा में करना चाहिए। उपचार के दौरान वाटर रिटेंशन दूर करने वाली दवाएं दी जाती हैं। जब तक यूरिन से प्रोटीन का डिस्चार्ज होता है, तब तक दवाओं की मदद से किडनी को नुकसान से बचाया जा सकता है, लेकिन जब ब्लड में यूरिया और क्रिएटिनिन की मात्रा बढ़ने लगती है, तो यह स्थिति मरीज के लिए बहुत नुकसानदेह साबित होती है। इससे बचाव के लिए डायलिसिस या किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत पड़ सकती है। अगर डायबिटीज के साथ हाई ब्लडप्रेशर की समस्या हो तो बीपी को नियंत्रित करने के लिए भी नियमित रूप से दवाएं दी जाती हैं।

### डायबिटिक न्यूरोपैथी

डायबिटीज के अधिकतर मरीजों को इस समस्या का सामना करना पड़ता है। खासकर जिन पेशेंट का ब्लड शुगर लंबे समय तक अनियंत्रित रहता है, उनके हाथ-पैरों की नसों में दर्द, झनझनाहट और खिंचाव जैसे लक्षण नजर आते हैं। कई बार पैरों में सुइयां चुभोने या चीटिंयां रेंगने जैसा एहसास होता है।

**बचाव-उपचारः** इस समस्या से बचाव के लिए सबसे पहले संयमित खान-पान, एक्सरसाइज और वॉक के माध्यम से बढ़ते शुगर लेवल को कंट्रोल किया जाना चाहिए। ऑफिस में लंबे समय तक सीट पर बैठने का काम है तो पैरों को सपोर्ट देने के लिए अपनी सीट के नीचे छोटा-सा स्टूल रखें। रात को सोते समय पैरों के नीचे ऊंचा तकिया रखें, ताकि रक्त प्रवाह सही ढंग से हो। गुनगुने पानी से भरे टब में सेंधा नमक मिलाकर उसमें पैरों को डुबोकर रखें, इससे भी पैरों को आराम मिलेगा। उपचार के दौरान डॉक्टर नसों आराम पहुंचाने के लिए कुछ पेनकिलर्स देते हैं।



### डायबिटिक फुट

डायबिटीज होने पर पैरों में रक्त प्रवाह सही ढंग से नहीं हो पाता, जिससे मामूली चोट लगने या एड़ियां फटने पर संक्रमण की आशंका बढ़ जाती है। अगर सही समय पर उपचार ना किया जाए तो पैरों में गैंगरीन हो सकता है।

**बचाव-उपचारः** बचाव में पैरों की सफाई का विशेष ध्यान रखें। ध्यान रहे एड़ियां ना फटें, जूते के साथ हमेशा साफ मोजे पहनें। पैरों को चोट से बचाकर रखें। पैरों में चोट लगने पर या पैरों में किसी तरह का जख्म होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके इलाज करवाएं।

### हाइपोग्लाइसीमिया

किसी व्यक्ति का शुगर लेवल अचानक 70 एमजी से नीचे चला जाए तो ऐसी शारीरिक दशा को हाइपोग्लाइसीमिया कहा जाता है। आमतौर पर अधिक मात्रा में डायबिटीज की दवा लेने, इंसुलिन की डोज बढ़ाने और लंबे समय तक खाली पेट रहने के कारण ऐसी समस्या होती है। चक्कर आना, पसीना आना, कमजोरी महसूस होना, दिल की धड़कन तेज होना और बेहोशी इसके प्रमुख लक्षण हैं।

**बचाव-उपचारः** डायबिटीज की समस्या हो तो हमेशा अपने साथ ग्लूकोमीटर रखें। अगर कोई भी असामान्य लक्षण दिखाई दे तो, तत्काल कोई मीठी चीज खाएं। ज्यादा देर तक खाली पेट ना रहें।

### डायबिटीज कीटोएसिडोसिस

जब शरीर में इंसुलिन की कमी के कारण शुगर लेवल बढ़कर 400 से 500 एमजी हो जाए, तो ऐसी शारीरिक दशा को डायबिटीज कीटोएसिडोसिस कहते हैं। गला सूखना, अत्यधिक प्यास लगना, बार-बार यूरिन डिस्चार्ज होना आदि इसके प्रमुख लक्षण हैं।

**बचाव-उपचारः** नियमित रूप से डायबिटीज की दवा लें। अगर इंसुलिन लेते हैं, तो नियमित इंसुलिन लेना ना भूलें। गंभीर स्थिति होने पर हॉस्पिटल में भर्ती कराएं।



### कमजोर इम्यून सिस्टम

डायबिटीज के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। जिससे व्यक्ति को सर्दी, जुकाम, खांसी, संक्रमण और बुखार जैसी समस्याएं अकसर परेशान करती हैं।

**बचाव-उपचारः** इस समस्या से बचाव के लिए अपने नियमित आहार में विटमिन सी युक्त खट्टे फलों जैसे- संतरा, मौसंबी, नीबू, आंवला और हरी सब्जियों का पर्याप्त मात्रा में सेवन करें। अगर कोई भी संक्रमण हो तो डॉक्टर से दवा लें। *

**प्रस्तुति : विनीता**

**अवेयरनेस**

**अंजू जैन**

## इन दवाओं से भी बढ़ सकता है वेट

कई लोग इस बात को लेकर परेशान रहते हैं कि सामान्य डाइट लेने, जंक फूड नहीं खाने और एक्टिव रहने के बावजूद भी उनका वेट क्यों बढ़ रहा है? इस बारे में यह जानना जरूरी है कि कुछ खास दवाओं का सेवन भी वजन बढ़ने का कारण बन सकता है। आइए जरा जान लें इनके बारे में।

**स्टेरॉयड्सः** अस्थमा और आर्थराइटिस जैसी बीमारियों में डॉक्टर जरूरत पड़ने पर ये दवाएं देते हैं। ये दवाएं भूख बढ़ाती हैं और रक्त में ग्लूकोज का स्तर भी बढ़ाती हैं। इनसे मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया बाधित होती है, वजन बढ़ता है और डायबिटीज भी हो सकता है।

**गर्भ निरोधक गोलियांः** कुछ गर्भ निरोधक गोलियों के कारण भी वजन बढ़ सकता है। इनमें मौजूद प्रोजेस्ट्रॉन और एस्ट्रोजन हार्मोन के साइड इफेक्ट से शरीर में तरल बढ़ने की समस्या होती है, जिससे महिलाओं का वजन बढ़ता है। लेकिन सारी बर्थ कंट्रोल पिल्स एक जैसी नहीं होती हैं। किसी दवा से ऐसा हो, तो चिकित्सक की सलाह से दवा बदल सकते हैं।



**डिप्रेशनरोधी दवाएंः** एंटीसाइकोटिक दवाओं में ऐसे केमिकल्स होते हैं, जो शरीर और ब्रेन को तनावमुक्त कर देते हैं। इन दवाओं के सेवन से नींद ज्यादा आती है, इसलिए मरीज का वजन बढ़ने लगता है।

**मल्टी विटामिन दवाएंः** बिना जरूरत अपनी मर्जी से विटामिन की गोलियां लंबे समय तक लेने से मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया ज्यादा एक्टिव हो जाती है। नतीजतन भूख ज्यादा लगने लगती है। ऐसे में व्यक्ति ज्यादा खाता है और मोटा हो जाता है।



**बीपी कंट्रोलर पिल्सः** हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को रोज इसे कंट्रोल करने की दवा लेनी पड़ती है। ये दवाएं कैलोरी बर्न करने की प्रक्रिया धीमी कर देती हैं और साथ ही वाटर रिटेंशन की समस्या भी बढ़ा देती हैं। इनकी वजह से भी मोटापा आ सकता है।

**हार्मोन सप्लीमेंट्सः** कुछ महिलाओं में हार्मोन संतुलन के लिए हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी का इस्तेमाल किया जाता है। इससे भूख बढ़ती है और वाटर रिटेंशन की भी समस्या होती है। इससे शरीर में वसा जमा होने लगती है।

इनके अलावा अपने मन से ज्यादा एंटीबायोटिक्स लेने, माइग्रेन की दवाएं खाने या डायबिटीज की कुछ दवाएं लेने से भी मोटापे की समस्या हो सकती है। *

**(जनरल फिजिशियन डॉ. विकास अग्रवाल से बातचीत पर आधारित)**

**प्रिकॉशन**

**डॉ. संजीव डांग**

ईएनटी सर्जन

अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली

वैसे तो हाइजीन और प्रोटेक्शन का ध्यान ना रखने पर ईयर इंफेक्शन किसी भी मौसम में हो सकता है। लेकिन सर्दियों में इसकी आशंका बढ़ जाती है। इसके होने के कारणों और बचाव के उपायों के बारे में जानिए।

## सर्दियों में बढ़ जाती है ईयर इंफेक्शन की आशंका

सर्दी के मौसम में होने वाली कई स्वास्थ्य समस्याओं के अलावा, कान के संक्रमण यानी ईयर इंफेक्शन की आशंका भी बढ़ जाती है। इस वजह से मध्य और भीतरी कान में बैक्टीरिया या वायरस के संक्रमण के कारण सूजन आ जाती है। इन दिनों कई अस्पतालों में रोजाना कुछ मरीज कान में संक्रमण, खुजली और सूजन की समस्या लेकर आ रहे हैं। दरअसल, ठंड का मौसम बैक्टीरिया और वायरस को विकसित होने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है।

**संक्रमण के कारणः** कान में संक्रमण और सूजन का मुख्य कारण, ठंड में कमजोर प्रतिरक्षा को माना जा सकता है। कई बार कान में मौजूद नमी या बैक्टीरिया, कानों में होने वाले ओटिटिस मीडिया का कारण बनते हैं। यह संक्रमण गले में खराश या श्वसन संक्रमण के कारण भी हो सकता है क्योंकि इस वजह से कान की यूस्टेशियन ट्यूब ब्लॉक हो जाती है और असहनीय दर्द होता हैं। कुछ लोगों में साइनसाइटिस का इलाज ना किए जाने पर भी कानों में प्रॉब्लम पैदा हो सकती है। दरअसल, कान का संक्रमण, नाक और गले के संक्रमण से भी जुड़ा होता है। कुछ लोगों को सर्दी के मौसम के दौरान कानों में अत्यधिक सूखापन और एलर्जिक राइनाइटिस के कारण भी संक्रमण हो जाता है। इससे कान में फंगल इंफेक्शन हो सकता है, जिसे ओटोमाइकोसिस कहा जाता है। कई बार खांसी होने और सर्दी लगने पर एक्यूट ओटिटिस मीडिया (एओएम) जैसे कान संक्रमण के मामलों में वृद्धि हो जाती है। अधिक ठंड भी कान में दर्द का कारण बन सकता है। दरअसल, ठंड का मौसम ईयर कैनाल्स के संवेदनशील ऊतकों में जलन पैदा करता है, इससे कान में दर्द हो सकता है। ठंड के महीनों में रक्त संचार कम होने से भी कान में संक्रमण की आशंका बढ़ सकती है।



**संक्रमण के लक्षणः** संक्रमण की वजह से कान में दर्द होना, चक्कर आना, सिरदर्द होना, असामान्य स्राव और अस्थायी सुनने में कमी आना जैसे लक्षण दिख सकते हैं। खुली जगह में ठंडी हवाओं के संपर्क में आने से भी कान का दर्द गंभीर हो सकता है और इसके लिए तत्काल ट्रीटमेंट करना जरूरी है।

**उपचार के तरीकेः** कान में संक्रमण के लक्षण दिखते ही डॉक्टर से कंसल्ट कर तुरंत उनके बताए ईयर ड्रॉप्स का उपयोग करना चाहिए। डॉक्टर की सलाह लेकर एंटीबायोटिक्स, एंटीहिस्टेमाइन और दर्द निवारक दवाई का सेवन करें। डॉक्टर की सलाह के बिना कोई भी दवाई ना लें या किसी ओवर-द-काउंटर ईयर ड्रॉप का उपयोग ना करें।

**संक्रमण से बचावः** संक्रमण की वजह से कान के दर्द को कम करने के लिए आइस पैक या हीटिंग पैड या नम कपड़े का उपयोग करें। नहाते समय ध्यान रखें कि कानों में पानी ना जाए। घर से बाहर जाते समय कैप, हेडबैंड या स्कार्फ पहनकर कानों को गर्म रखें। हवा से बचाने के लिए कानों में रुई का प्रयोग ना करें। ऐसा करने से कान की नलिका में सूजन आ सकती है। अपने हाथों को साबुन और पानी से धोते रहें, इससे कानों में कीटाणुओं के संक्रमण से बचाव होगा। फ्लू से बचाव के लिए वैक्सीन लगवा लें। धूम्रपान से दूर रहें, इससे श्वांस नली में जलन पैदा हो सकती है। कान में संक्रमण के खतरे को कम करने के लिए ईयरमफ पहनने और सामान्य सर्दी, फ्लू और साइनसाइटिस से बचाव के लिए डॉक्टर से कंसल्ट कर बचाव के उपाय करें। *

**प्रस्तुतिः सेहत डेस्क**



# वनडे रैंकिंग : बाबर ने गिल से छीना नंबर-1 का ताज, शीर्ष पांच में तीन भारतीय

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी की ताजा रैंकिंग में कई बड़े बदलाव हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज के बाद भारतीय खिलाड़ियों की रैंकिंग में काफी बदलाव हुआ है। शुभमन गिल को वनडे में बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान गंवाना पड़ा है। पाकिस्तान के बाबर आजम ने एक बार फिर वनडे में बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। वहीं, रवि बिश्नोई को शीर्ष टी20 गेंदबाज का स्थान गंवाना पड़ा है। अब इंग्लैंड के आदिल राशिद दुनिया के नंबर एक टी20 गेंदबाज हैं।



## शुभमन को आराम

वनडे में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सीरीज में शुभमन गिल को आराम दिया गया है। इसका नुकसान उन्हें आईसीसी रैंकिंग में हुआ है। अब बाबर आजम वनडे रैंकिंग में शीर्ष बल्लेबाज बन गए हैं। आयरलैंड के हैरी टेक्टर जिम्बाब्वे के खिलाफ 33 रनों की पारी के दम पर वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर 7वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### वनडे : शीर्ष बल्लेबाज

| रैंक | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | बाबर आजम | पाक | 824 |
| 2 | शुभमन गिल | भारत | 810 |
| 3 | विराट कोहली | भारत | 775 |
| 4 | रोहित शर्मा | भारत | 754 |
| 5 | डेविड वार्नर | आस्ट्रेलिया | 745 |

### वनडे :शीर्ष गेंदबाज

| रैंक | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | केशव महाराज | द.अफ्रीका | 715 |
| 2 | जोश हेजलवुड | आस्ट्रेलिया | 703 |
| 3 | मो. सिराज | भारत | 685 |
| 4 | एडम जम्पा | आस्ट्रेलिया | 675 |
| 5 | जसप्रीत बुमराह | भारत | 671 |



## टी20 रैंकिंग में सूर्यकुमार शीर्ष पर

टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव शीर्ष पर बने हुए हैं। वहीं, वेस्टइंडीज के ब्रैंडन किंग छह स्थान ऊपर छठे स्थान पर, निकोलस पूरन दो स्थान ऊपर 12वें, रोवमैन पॉवेल 14 स्थान ऊपर 23वें और काइल मेयर्स नौ स्थान ऊपर 33वें स्थान पर आ गए हैं। इंग्लैंड के फिल साल्ट ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया और वह अब 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के आखिरी मैच में शतक के बाद सूर्यकुमार ने शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत की है। दूसरे स्थान पर मौजूद बाबर आजम से वह 100 रेटिंग अंक आगे हैं। दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्करम तीसरे स्थान पर हैं।

## टी20 : बिश्नोई फिसले

इंग्लैंड के आदिल राशिद ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। इसी वजह से उन्हें रैंकिंग में दो स्थान का फायदा मिला है। अब अफगानिस्तान के राशिद खान दूसरे और भारत के रवि बिश्नोई तीसरे स्थान पर हैं। पिछले तीन सप्ताह में तीन अलग-अलग खिलाड़ी (राशिद खान, रवि बिश्नोई और आदिल राशिद) आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष गेंदबाज रह चुके हैं। आदिल राशिद इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया है। एक दशक पहले ग्रीम स्वान यह उपलब्धि हासिल करने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बने थे।



## टेस्ट में अश्विन की बादशाहत

ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच सीरीज के चलते टेस्ट रैंकिंग में भी काफी बदलाव हुए हैं। गेंदबाजों में भारत के स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शीर्ष पर अपना दबदबा बनाए हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस एक स्थान ऊपर तीसरे स्थान पर, नाथन लियोन तीन स्थान ऊपर पांचवें स्थान पर, मिचेल स्टार्क दो स्थान ऊपर आठवें स्थान पर और जोश हेजलवुड दो स्थान ऊपर 10वें पायदान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा तीन पायदान ऊपर चौथे स्थान आ गए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम पांचवें स्थान पर हैं। हालांकि, शीर्ष स्थान पर केन विलियमसन की बादशाहत कायम है। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर नौ पायदान ऊपर 27वें स्थान पर और मिशेल मार्श 12 स्थान ऊपर 68वें स्थान पर आ गए हैं।



## खबर संक्षेप



### एफआईएच पुरस्कार कड़ी मेहनत-दृढ़ता का नतीजा

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने बुधवार को कहा कि एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ता का नतीजा है जो सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए इतने साल से उन्होंने दिखाई है। मनप्रीत सिंह (2019) और हरमनप्रीत सिंह (2020-21 और 2021-22) के बाद यह पुरस्कार पाने वाले हार्दिक भारत के तीसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए। वहीं महिला टीम की कप्तान सविता पूनिया ने लगातार तीसरी बार एफआईएच वर्ष की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार जीता।हार्दिक ने कहा, 'यह प्रतिष्ठित पुरस्कार पाना सम्मान की बात है। मैं अपने साथी खिलाड़ियों, कोचों और समर्थकों का शुक्रगुजार हूं जो मेरी सफलता के स्तंभ रहे।

### संजय को चुनाव जीतने का पूरा भरोसा

**नई दिल्ली।** निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के विश्वासपात्र संजय सिंह ने बुधवार को भारतीय कुश्ती महासंघ के बहुप्रतीक्षित चुनावों में जीत का भरोसा जताते हुए कहा कि कुश्ती जगत को पता है कि कौन खेल के लिए फायदेमंद होगा और कौन इसे नुकसान पहुंचाएगा। उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष संजय सिंह का अध्यक्ष पद के लिए सामना राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता अनिता श्योराण से होगा। अनिता को देश के शीर्ष पहलवानों का समर्थन हासिल है जिन्होंने महिला पहलवानों के कथित उत्पीड़न का आरोप लगाया था। जिन्होंने बृजभूषण पर अपने कार्यकाल के दौरान महिला पहलवानों के कथित उत्पीड़न का आरोप लगाया था।



### जीत के साथ इंग्लैंड ने श्रृंखला में बराबरी की



**सेन फर्नांडो।** विश्व चैंपियन इंग्लैंड ने चौथे टी20 मैच में वेस्टइंडीज को 75 रन से हराकर श्रृंखला में बराबरी की। सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट के लगातार दूसरे शतक के दम पर इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 267 रन बनाए। साल्ट और बटलर ने 9.5 ओवर में 117 रन जोड़े। बटलर 29 गेंद में 55 रन बनाकर आउट हुए। साल्ट ने 119 रन बनाए जो टी20 क्रिकेट में इंग्लैंड के किसी बल्लेबाज का सर्वोच्च स्कोर है। इसमें 10 छक्के और सात चौके शामिल थे। जवाब में वेस्टइंडीज 16वें ओवर में 192 रन पर आउट हो गई। ब्रेंडन किंग खाता भी नहीं खोल सके और रीसे टॉपले की गेंद पर मोईन अली को कैच दे बैठे। पूरन 15 गेंद में 39 रन बनाकर आउट हुए।

**वनडे : तीन मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 की बराबरी पर**

# भारत का शीर्षक्रम फेल, दक्षिण अफ्रीका से निर्णायक जंग आज

एजेंसी ▶▶| पार्ल

पहले दोनों मैचों में शुरुआती जोड़ी की नाकामी के बाद भारतीय टीम गुरुवार को तीसरे और आखिरी वनडे में दक्षिण अफ्रीका पर जीत दर्ज करने के लिए अच्छी शुरुआत की कोशिश में होगी। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को वनडे श्रृंखला में सिर्फ एक बार ही हराया है। उसे दोहराने के लिए भारतीय टीम को सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ और बी साइ सुदर्शन से अच्छे प्रदर्शन की जरूरत होगी। साइ सुदर्शन ने पहले दोनों मैचों में 55 और 62 रन बनाए। वहीं गायकवाड़ ने पांच और चार रन ही बनाए। भारत के तिलक वर्मा अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं कर पा रहे हैं। आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला के बाद वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी नाकाम रहे। गायकवाड़ और वर्मा को अपनी चिर परिचित लय हासिल करनी होगी क्योंकि मध्यक्रम में श्रेयस अय्यर नहीं हैं। वैसे वर्मा की जगह 30 वर्ष के रजत पाटीदार को चौथे नंबर पर उतारा जा सकता है। अय्यर पहले वनडे के बाद ही टेस्ट श्रृंखला की तैयारी में जुट गए।

### पिच बल्लेबाजों की मददगार

शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के लिए राहत की बात यह है कि बोलैंड पार्क की पिच बल्लेबाजों की मददगार है। गक्बेरहा की पिच में असमान उछाल था लेकिन अगला मैच पार्ल में खेला जाएगा जहां पिच से बेहतर उछाल मिलेगी। इससे बल्लेबाजों को खुलकर खेलने में मदद मिलेगी। टीम प्रबंधन संजू सैमसन को एक और मौका दे सकता है जो पिछले मैच में 12 रन पर आउट हो गए।



### गेंदबाजों का मिला जुला प्रदर्शन

गेंदबाजी में मुकेश कुमार दो मैचों में एक भी विकेट नहीं ले सके। अर्शदीप सिंह और आवेश खान पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब रहे और अर्शदीप ने दूसरे मैच में भी लय कायम रखी। टीम प्रबंधन अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को भी मौका दे सकता है। उन्होंने हरियाणा के लिए विजय हजारे ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन किया था। ऐसे में टीम प्रबंधन को कुलदीप यादव या अक्षर पटेल में से एक को बाहर रखकर चहल के लिए जगह बनानी होगी। कुलदीप और अक्षर टेस्ट टीम का हिस्सा हैं ऐसे में दोनों अधिकतम मैच अभ्यास चाहेंगे।

## टेस्ट में भारतीय महिला टीम का सामना आस्ट्रेलिया से आज

मुंबई। इंग्लैंड को हराने के बाद भारतीय महिला टीम बृहस्पतिवार से आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे एकमात्र टेस्ट में आस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम पर जीत दर्ज करके अपनी उपलब्धियों में इजाफा करना चाहेगी। भारत ने 46 साल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले दस टेस्ट में से एक भी नहीं जीता है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम को पता है कि स्पिनरों की मददगार पिच पर उसके पास इससे बेहतर मौका नहीं हो सकता। भारतीय गेंदबाजों खासकर आफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने पिछले सप्ताह डी वाई पाटिल



स्टेडियम पर इंग्लैंड के खिलाफ 347 रन से मिली जीत में अहम भूमिका निभाई । महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में रनों के हिसाब से यह सबसे बड़ी जीत थी। अब दीप्ति आस्ट्रेलिया के खिलाफ भी उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगी। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने भी नई गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया है। तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने भी इंग्लैंड के खिलाफ तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी में हरमनप्रीत कौर (49 और नाबाद 44) , जेमिमा रौड्रिग्ज (68) और यास्तिका भाटिया (66) ने इंग्लैंड के खिलाफ प्रभावित किया।

**मप्र के 3 खिलाड़ी,1 प्रशिक्षक को राष्ट्रीय खेल सम्मान**

# ऐश्वर्य, प्राची और सुशीला को मिलेगा अर्जुन पुरस्कार

*हॉकी प्रशिक्षक शिवेन्द्र को मिलेगा द्रोणाचार्य*

**भोपाल।** वर्ष 2023 का अंतिम दौर मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों के लिये खुशियों की सौगात लाया है। पहली बार मध्यप्रदेश के तीन खिलाड़ियों और एक प्रशिक्षक को राष्ट्रीय खेल सम्मान से अलंकृत किया जाएगा।

मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के ओलम्पिक खिलाड़ी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, पेरा कनोइंग की प्राची यादव और मध्यप्रदेश महिला हॉकी अकादमी की पूर्व खिलाड़ी और वर्तमान में हॉकी इंडिया की स्टार प्लेयर सुशीला चानू को राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट खेल पुरस्कार अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। भारतीय हॉकी टीम के कोच शिवेन्द्र सिंह को द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु 9 जनवरी 2024 को प्रातः 11 बजे राष्ट्रपति भवन में खेलों के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार सम्मान से अलंकृत करेंगी।

### ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर



प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के शूटर ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने एशियन गेम्स में दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। साथ ही उन्होंने वर्ल्ड रिकार्ड अपने नाम किया और 50 मी रायफल थ्री पॉजीशन पुरुष एकल इवेन्ट में रजत पदक जीता।

### प्राची यादव



मप्र की पेरा केनो प्राची यादव ने पेरिस पेरा ओलम्पिक के लिए क्वालिफाई किया है। उन्होंने हाल ही में आईसीएफ स्प्रिंट एंड पेरा केनो वर्ल्ड चेम्पियनशिप, जर्मनी में चौथा स्थान प्राप्त कर पेरिस ओलम्पिक के लिए क्वालिफाई किया।

### सुशीला चानू



मप्र महिला हॉकी अकादमी ग्वालियर की पहले बैच की सुशीला ने जर्मनी में हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप में कांस्य पदक हासिल किया था। 2014 एशियन गेम्स में टीम को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

### शिवेन्द्र सिंह



मध्यप्रदेश के शिवेन्द्र सिंह वर्तमान में भारतीय हॉकी टीम के कोचिंग स्टाफ में शामिल हैं। उन्होंने लगभग 160 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं और लगभग 80 गोल अपने नाम किए हैं।

**मशरूम वर्ल्ड मास्टर्स एवं सीनियर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता**

# फेथ ने अकीरा को 152 रन से, आईपीसीए ने कस्तूरबा मास्टर्स को 98 रन से हराया

- अंकुश का दोहरा प्रदर्शन, 134 रन बन बनाकर लिए 4 विकेट भी
- अकीरा के आकाश सिंह की शानदार हैट्रिक


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

स्पोर्ट्स क्लब ऑफ भोपाल द्वारा आयोजित द्वितीय मशरूम वर्ल्ड सीनियर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को पहला मुकाबला फेथ क्रिकेट क्लब और अकीरा क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया, जिसमें अकीरा क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए फेथ क्रिकेट क्लब ने अंकुश सिंह के शानदार शतक 58 गेंद पर 134 रन और रितिक टाडा 37 गेंद 91 रन और गौरव पिचोंनिया 16 गेंद 33 रन की आतिशी पारी से निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 276 रन बनाए। अकीरा की तरफ़ से आकाश सिंह ने शानदार हेट्रिक लेते हुए चार विकेट लिए, जबकि गौरव ने दो और पियूष ने एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी अकीरा की पूरी टीम 18.3 ओवर मे 124 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। अकीरा की तरफ से आकाश सिंह ने 35, सर्वग्य पाठक ने 25, दुर्गेश ने 21 जबकि पियूष ने 14 रनों की पारी खेली। इस तरह फेथ क्रिकेट क्लब ने यह मैच 152 रन के बड़े अंतर से जीत लिया। अंकुश को दोहरे प्रदर्शन के लिए मेन ऑफ़ द मैच चुना गया।

### आज के मैच

- *एमसीसीए विरुद्ध आरसीसी*
- *रेलवे मास्टर्स विरुद्ध हमीदिया स्पोर्ट्स*





### जेपी यादव ने खेली 89 रन की पारी, चुने गए मैन ऑफ द मैच

*वहीं मास्टर्स ग्रुप में आईपीसीए और कस्तूरबा मास्टर्स के मध्य मैच खेला गया, जिसमे आईपीसीए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का फैसला किया और निर्धारित 20 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 204 रन बनाए, जिसमे अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी जेपी यादव ने शानदार 89 रन की पारी खेली, जबकि फ़रिदौस ने 64 और अकील ने 36 रनों की पारी खेली। कस्तूरबा की तरफ से प्रदीप और पुष्पेंद्र ने एक एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलते हुए कस्तूरबा मास्टर्स की पूरी टीम 18.3 ओवर में 106 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कस्तूरबा की तरफ से प्रदीप ने 23, पुष्पेंद्र ने 20, सुनील ने 15 और शैलेष ने 13 रन की पारी खेली। आईपीसी की तरफ से चेतन और जामरान ने तीन तीन विकेट, जबकि मुक्तदिर और सरगम ने दो दो विकेट लिए। जेपी यादव को मेन ऑफ़ द मैच चुनाव गया।*

# नूतन की गर्ल्स, मुखर्जी कॉलेज के बॉयज ने जीती रोप स्किपिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल में रोप स्किपिंग (रस्सी कूद) की पुरुष एवं महिला वर्गों की अंतरमहाविद्यालयीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस चैंपियनशिप में महिला वर्ग में शासकीय सरोजिनी नायडू कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय (नूतन) भोपाल विजेता व बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (भेल) भोपाल उपविजेता रहा। पुरुष वर्ग में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल विजेता व शासकीय उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल उपविजेता रहा।

**डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज में अंतर महाविद्यालयीन चैंपियनशिप का आयोजन**



उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि रोप स्किपिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष शैलेश शुक्ला एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय तेलंग ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मेजवान महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एवं आयोजन सचिव डॉ. सतीश कुमार ने रोप स्किपिंग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए खेल जगत में इसके महत्वपूर्ण स्थान सभी को का उल्लेख करते हुये उघंटन समारोह के प्रांरभ में प्रतियोगिता की रूपरेखा से अवगत कराया। इस अवसर पर डॉ. एमके गुप्ता, डॉ. सुधांशुधर द्विवेदी, डॉ. एस.के.मल्होत्रा, डॉ. इला जैन, डॉ वीपी एस गौर, डॉ. मीनाक्षी सक्सेना, डॉ. हर्षा जालोरी, डॉ. हरनीत चीमा, डॉ. मधुसूदन प्रकाश, केएल खांडपा, डॉ. आशा वाधवानी व डॉ. शालिनी नेमा के साथ-साथ समस्त स्टाफ व छात्र छात्रायें उपस्थित थे। प्रतियोगिता में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल से सम्बद्ध 12 महाविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में सूरज प्रताप सिंह ने निर्णायक की भूमिका अदा की व डॉ. ग्रेस सिंह, संजय मेहरा, श्याम मिश्रा एवं डॉ. रोहित तिवारी ने विश्वविद्यालयीन टीम की चयन समिति के रूप में अपना दायित्व निभाया। समस्त विजेता खिलड़ियों को ट्रॉफी एवं मेडल तथा अन्य समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। प्रतियोगिता का समापन आयोजन सचिव डॉ. सतीश कुमार के अभार प्रदर्शन से हुआ।

**राजा अली टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ओपन वर्ग में**

# पृथ्वी, अंकुश के शानदार प्रदर्शन से एफसीसी ने जीता फाइनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

बाबे अली मैदान में खेली गई राजा अली टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में एफ सी सी की टीम ने टॉस जीत कर निर्धारित 20 ओवर में 207 रन बनाए। अंकुश सिंह ने 66, पृथ्वीराज सिंह तोमर ने 42 रनों की उपयोगी पारी खेली।

सीहोर के लिए प्रियांशु शुक्ला ने चार, नयन राज ने तीन विकेट लिए। जवाब में डीसीए सीहोर की टीम 18 ओवर में 142 रन बनाकर सिमट गई। मयंक जैन ने 56 रन बनाए। त्रिपुरेश सिंह ने तीन विकेट लिए। डीसीए सीहोर को 65 रन से हराकर राजा अली ट्रॉफी पर कब्ज़ा किया। इस अव्सर पर मुखिया अतिथि के रूप में खेल प्रचारक अरुणेश्वर सिंह देव बाबा डीसीपी रियाज इकबाल साहब व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जेपी यादव पूर्व रणजी कप्तान ब्रजेश तोमर ओमी की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण हुआ। टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज राज नायक चुने गए। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और मैन आफ द फाइनल अंकुश सिंह को चुना गया। सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर करण तिवारी रहे, जबकि मैन आफ द टूर्नामेंट पृथ्वी राज तोमर रहे।



## जल संसाधन विभाग की 32वीं अंतर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता 17 से शिवपुरी में

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सिंचाई (जल संसाधन) विभाग स्पोर्ट्स क्लब की 32वीं अंतर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता दिनांक 7 जनवरी से 12 जनवरी तक ग्वालियर क्षेत्र अंतर्गत शिवपुरी में आयोजित की जा रही है। यह क्लब मध्य प्रदेश जल संसाधन विभाग एवं नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के समस्त श्रेणी के अधिकारियों-कर्मचारियो का प्रतिनिधित्व करता है जिसमें लगभग 600 पदाधिकारी, खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेंगे, प्रतियोगिता में 10 खेल-क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, शूटिंग वॉल, कबड्डी, केरम शतरंज, लॉन टेनिस, टेबल टेनिस,बैडमिंटन खेल आयोजित किए जाएंगे संपूर्ण मध्य प्रदेश से भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, नर्मदापुरम, जबलपुर एवं रीवा क्षेत्र की टीमें भाग लेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सभी क्षेत्रों की टीमों के दिनांक 21 एवं 22 दिसंबर 2023 को चयन प्रक्रिया की जावेगी तथा दिनांक 26 दिसंबर 2023 से 4 जनवरी 2024 तक अभ्यास शिविर आयोजित किया जाएंगे।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कैंसर अस्पताल का किया निरीक्षण

# सर्द रात में फुटपाथ पर गरीबों को देख सीएम ने बांटे कंबल, अस्पताल में मरीजों का जाना हाल

- विश्रामालय में रोगियों और उनके परिजन से मिल कंबल प्रदान किए
- कैंसर के विभिन्न प्रकारों से जूझ रहे रोगियों को सीएम ने ढांढस भी बंधाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को रात्रि राजधानी में भ्रमण कर कैंसर हॉस्पिटल के विश्रामालय में विश्राम कर रहे नागरिकों से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनेक रोगियों और उनके परिजन से भी चर्चा की। उन्होंने कैंसर के विभिन्न प्रकारों से जूझ रहे रोगियों को ढांढस भी बंधाया और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज रात्रि जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल के शयनागार पहुंचे और यहां रह रहे निर्धन वर्ग के लोगों, श्रमिकों से बातचीत की और उन्हें ठंड से बचाव के लिए कंबल प्रदान किए।





### सड़क पर मिली मां-बेटी को दिलाया भरोसा

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वाजपेयी नगर कॉलोनी में शीलाबाई रैकवार और कृष्णा बाई को कंबल दिए। सीएम को गांधीनगर की झुग्गी में रहने वाली मां-बेटी ने बताया कि परिवार के विवाद के कारण वे यहां आ गई हैं। विवाद सुलझ जाए तो वह घर चली जाएगी। सीएम ने उन्हें आश्वासन दिया।*





## 13 साल के किशोर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

### मां गई थी काम पर, घर में था जुड़वां भाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित वाजपेयी नगर मल्टी में बुधवार दोपहर 13 साल के किशोर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। काम से घर लौटी मां ने उसकी लाश फांसी के फंदे पर लटकी देख शोर मचाया था। आसपास के लोग किशोर को फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार एफ-1 वाजपेयी नगर मल्टी निवासी पीयूष सिंह पिता विक्रम सिंह (13) पांचवीं कक्षा का छात्र था। पारिवारिक विवाद के चलते पिता विक्रम चार-पांच साल से अलग रह रहे हैं। पीयूष अपनी मां व जुड़वा भाई आयुष के साथ रहता था। मां घरों में काम करके अपने दोनों बेटों की परवरिश करती है। बुधवार शाम करीब 4 बजे मां काम करके घर लौटी तो भीतर वाले कमरे में पीयूष को दुपट्टे के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एफएसएल पार्टी के साथ मौके पर पहुंच गई थी। मां ने पुलिस को बताया कि घर में पीयूष और आयुष मौजूद थे।

## पंद्रह मीट दुकानें कराई बंद, गांधीनगर में हटाया अतिक्रमण

**भोपाल।** राजधानी में खुले और अवैध रूप से मांस बेचने को लेकर बुधवार को भी नगर निगम के अमले ने कार्रवाई की। जिसके तहत खजूरी मार्ग इलाहबाद बैंक से एसओएस बालग्राम, पूर्वांचल, खजूरी होते हुए पिरिया गांव हाइवे तक मीट शॉप को बंद करने की कार्रवाई की। खजूरीकलां में मंदिर के पास ही एक मीट दुकान चल रही थी। इसके संचालक के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। वार्ड-61 के तहत सभी दुकानों को बंद करवाकर जुर्माने की कार्रवाई की गई। यहां से 15 किलो 500 ग्राम मीट भी नष्ट कराया गया। अमले ने गांधी नगर बस स्टैंड में 165 ठेला व्यवसायियों को हटाया।

## प्रॉपर्टी के विवाद में सगी बहन पर भाई-भाभी ने किया जानलेवा हमला

**भोपाल।** अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित बीडीए कॉलोनी टर्निंग पर बुधवार सुबह सगे भाई ने पत्नी के साथ मिलकर बड़ी बहन पर पाइप से जानलेवा हमला कर दिया। सिर में लोहे का पाइप लगने से महिला को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

एएसआई प्रेम सिंह ठाकुर ने बताया कि मंजू तिवारी (48) अमृतपुरी, अवधपुरी में रहती हैं और आंगनबाड़ी में नौकरी करती है। बीडीए कॉलोनी में उनका मकान है। मकान में भाई गोपाल गुप्ता और भाभी सुनीता गुप्ता रहती है।


## हबीबगंज पांच नंबर मस्जिद पास मिली प्री मेच्योर बच्ची की मौत

**भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित पांच नंबर में मस्जिद के सामने मंगलवार सुबह मिली प्री मिच्यौर बेबी की जय प्रकाश अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। उसका वजन महज 800 ग्राम होने के कारण उसकी स्थिती नाजुक थी। पुलिस ने अज्ञात मां पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस बच्ची की मां की तलाश कर रही है। एएसआई राजेश मिश्रा ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब साढ़े 6 बजे लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी कि पांच नंबर में मस्जिद के सामने माचना कॉलोनी में सड़क किनारे बच्ची पड़ी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो पता चला कि बच्ची को कपड़े में लपेटकर यहां छोड़ा गया है।

बैद्यनाथ काढ़ा
असली आयुर्वेद



जोड़ो का दर्द
सूजन
ऐठन



हरारत
बदन दर्द
आखें लाल होना

महारास्नादि काढ़ा
(गुग्गुल युक्त)
वात रोगों में दर्द से छूटकारा दिलाने में सहायक।

बदलते मौसम के कारण वातरोगों कि शिकायते काफी बढ़ जाती है ऐसे समय लिजीये बैद्यनाथ महारास्नादि काढा (गुग्गुलु युक्त) यह जोडों का दर्द, सुजन, ऐठन आदि को दूर करने में सहायक है।



इनसे बचने के लिए असली चिरायतायुक्त..
महासुदर्शन काढ़ा

वर्तमान समय में होनेवाली तकलीफें हाथपाँव का जकड़ना, मुँह का स्वाद कडवा होना, भूख न लगना, सिरदर्द, आखें लाल होना, बदन दर्द, आदि तकलीफें दूर करने में उपयोगी।



वैद्यकीय सलाह : 844 844 4935
www.baidyanath.co

5 वां संस्करण
50 देश
70 सत्र
500 से ज्यादा कलाकार

TAGORE INTERNATIONAL LITERATURE & ARTS FESTIVAL
विश्व रंग
भारतीय संस्कृति, वैश्विक मंच!

# टैगोर अंतरराष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव

21 से 24 दिसम्बर 2023, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल

21 दिसम्बर 2023 दोपहर 03.00 बजे से
गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि
रबीन्द्र संगीत
शाम 04.00 बजे से 6.00 बजे तक
कलाकारों द्वारा विश्व शांति एवं सद्भाव यात्रा
लोक/संगीत प्रस्तुति, प्रदर्शनी का अवलोकन, जानकी बैंड की प्रस्तुति
फिल्म एवं उद्घाटन वक्तव्य



22 दिसम्बर 2023, शाम 06.00 बजे से 08.00 बजे तक
विश्वरंग 2023 का उद्घाटन
मुख्य अतिथि : माननीय श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक'
(कथाकार, सांसद एवं पूर्व शिक्षा मंत्री, भारत सरकार)

डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी, (पूर्व कुलपति, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, ख्यात साहित्यकार)
श्री अतुल कोठारी, (राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास)
डॉ. माधुरी रामधारी, (महासचिव, विश्व हिन्दी सचिवालय, मॉरीशस)
अनिल जोशी, (अध्यक्ष, वैश्विक हिंदी परिवार)
संतोष चौबे (निदेशक विश्वरंग)
लीलाधर मंडलोई (सह-निदेशक, विश्वरंग)
मुकेश वर्मा (सह-निदेशक, विश्वरंग)



श्री अतुल कोठारी
राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास



डॉ. माधुरी रामधारी
महासचिव, विश्व हिन्दी सचिवालय

अंतरराष्ट्रीय हिन्दी केन्द्र का उद्घाटन

## विश्व रंग मानद अलंकरण 2023

डॉ. धनंजय वर्मा-हिंदी, डॉ. जानकी प्रसाद शर्मा-उर्दू,
मनोरंजन व्यौपारी-बांग्ला,
वसंत आबा डहाके-मराठी,
सुजाता चौधरी-उड़िया एवं अंग्रेज़ी,
प्रोफेसर कोलकलूरी इनाक्-तेलुगू,
महादेव टोप्पो-हिंदी एवं कुड़ुख

## साहित्य उत्सव

शनिवार 23 दिसम्बर 2023
सुबह 10.30 से 06.30 बजे तक
वैचारिक सत्र एवं व्याख्यान
हमारी धरती का भविष्य : देवेंद्र मेवाड़ी
समानांतर वैचारिक सत्र
साहित्य और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया
सिनेमा और ओ.टी.टी. के लिए लेखन
गांव, तकनीक और कहानियां
एशियाई कहानी का परिचय
खेल पत्रकारिता
उपन्यास की वैश्विक अवधारणा
लोकप्रिय साहित्य का बदलता स्वर
युवा कहानी पाठ

## भाषा उत्सव

शुक्रवार 22 दिसम्बर 2023
सुबह 10.30 से 06.00 बजे तक
वैचारिक सत्र एवं व्याख्यान
हमारा भाषाई वैविध्य - हमारी ताक़त
पवन वर्मा, ख्यात लेखक, चिंतक, विचारक
समानांतर वैचारिक सत्र
सामाजिक संस्थाओं द्वारा हिंदी शिक्षण
हिंदी भाषा शिक्षण में साहित्य की भूमिका
विदेशों में हिंदी शिक्षण के अनुभव
विश्वविद्यालयों में हिंदी शिक्षण की चुनौतियां
विदेशों में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में हिंदी शिक्षण
यूनिवर्सल हिन्दी टेस्ट
विश्व में हिन्दी रिपोर्ट का प्रस्तुतिकरण एवं चर्चा


## रंग उत्सव

रविवार 24 दिसम्बर 2023
सुबह 10.30 से 06.30 बजे तक
व्याख्यान : भारतीय चित्रकला का सच
अशोक भौमिक
सुधीर पटवर्धन पर मोनोग्राफ का रिलीज़
भारतीय चित्रकला का नारी परिप्रेक्ष्य
समानांतर वैचारिक सत्र
स्वतंत्र भारत में आधुनिक चित्रकला की दशा और दिशा
प्रवासी भारतीय रचना पाठ
साहित्य और कला : आपसदारी के अर्थ
भारतीय भाषा में अनुवाद
लोक वाचिक परंपरा का सांस्कृतिक पक्ष
पर्यावरण और जैव पारिस्थितिकी की कविताएँ

टैगोर राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी
टैगोर राष्ट्रीय बाल चित्रकला कार्य शाला
प्रस्तर प्रदर्शनी

## विश्व रंग में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

21 से 24 दिसम्बर 2023, प्रतिदिन शाम 06:30 से 09:00 बजे तक



22 दिसम्बर 2023 — ताल वाद्य कचहरी, पं. अखिलेश गुंदेचा समूह
23 दिसम्बर 2023 — प्रतिभा सिंह बघेल
24 दिसम्बर 2023 — साधु द बैन्ड

आयोजक
RNTU Rabindranath TAGORE UNIVERSITY™
Yuvaaz Youth Ki Awaaz
Radio Partner

कार्यक्रम के विस्तृत विवरण के लिए स्कैन करें
संपर्क : +91-94256 75811, +91-90095 20840
कार्यक्रम में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क है.
आप सभी कार्यक्रमों में सपरिवार सादर आमंत्रित हैं.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930